जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Nature**
**Red in Tooth and Claw**

I have seen one such encounter between a bear and a tiger, and it was the tiger that had to retreat.

**BOTANY: World's Largest Known Plant**

**PARENTING: Health Benefits Of Swimming For Kids**

# पवार ने राष्ट्रपति पद के लिये संयुक्त विपक्ष का उम्मीदवार बनने से क्यों इंकार किया?

## व्यवहारिक नेता पवार की हाँ या ना, उनके अपने जीतने की संभावना के मूल्यांकन पर पूर्णतया निर्भर करती है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। आगामी राष्ट्रपति-चुनाव के लिये विपक्ष के सर्वसम्मत उम्मीदवार की तलाश के बीच, पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा नैशनलिस्ट कांग्रेस के अध्यक्ष शरद पवार द्वारा चुनाव मैदान में उतरने के लिये किया गया औपचारिक इनकार, विपक्ष के प्रयासों के लिये एक धक्का है या फिर अंतिम निर्णय से पहले की एक हिचकिचाहट मात्र है। यह प्रश्न इस समय राजनीतिक हल्कों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जो लोग इस घुटे हुये राजनेता को पिछले पाँच दशक से भी अधिक समय से भली भाँति जानते हैं और उन पर सूक्ष्म नजर रखे हुये हैं, उनका कहना है कि उनके इनकारों के बावजूद, किसी आकस्मिक एवं अप्रत्याशित घोषणा को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि पवार जीत की संभावनाओं का पता लगाये बिना कोई भी निर्णय नहीं लेते हैं।

इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री तथा तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी आप राष्ट्रीय राजनीति में पवार के निवास पर उनसे

- **अगर मतदान से पूर्व, चुनाव अभियान के अंतिम क्षणों में भी पवार अश्वस्त हो गये कि, वे विपक्ष के उम्मीदवार के रूप में जीत सकते हैं तो, अपनी ना को बिना हिचकिचाहट के हाँ में तब्दील कर सकते हैं और विपक्ष के उम्मीदवार बन सकते हैं।**
- **बहरहाल, फिलहाल पवार दिल्ली में विपक्ष के नेताओं से राष्ट्रपति चुनाव के बारे में बातचीत कर रहे हैं तथा इन नेताओं के मन की टोह ले रहे हैं। मंगलवार को इस संदर्भ में ममता बनर्जी, पवार से मुलाकात करने उनके घर गयीं।**
- **2021 में जब प्रशांत किशोर, शरद पवार से मिले थे तथा उन्होंने पवार को संयुक्त विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने का प्रस्ताव दिया था, तब पवार ने जवाब दिया था कि, जब एक पार्टी (भाजपा) के ही 300 से अधिक सांसद हैं, तो मैं नहीं समझता कि, विपक्ष के उम्मीदवार की राष्ट्रपति बनने की संभावना है। मैं विपक्ष का उम्मीदवार नहीं बनूंगा।**

मिलीं। बताया जाता है कि उन्होंने पवार को यह समझाने और आश्वस्त करने की कोशिश की कि वे 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिये विपक्ष के सामूहिक उम्मीदवार होंगे।

एक नेता ने कहा कि राजनीति का यह मराठा योद्धा इस समय विभिन्न दलों के नेताओं के साथ मीटिंगों में लगा हुआ है तथा उनके अपने-अपने नजरिये से किये जा रहे आँकलनों को ध्यान से सुन रहा है जिससे सभी संभावित परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुये किसी निर्णय पर पहुँचा जा सके। इस नेता ने कहा कि अगर उनके जीतने की संभावनाएं युक्तिसंगत रूप से आश्वस्तिपूर्ण होंगी, केवल तभी वे अपने इनकार पर पुनर्विचार करेंगे अन्यथा अपनी "नहीं" पर अड़े रहेंगे।

जून 2021 में, जब चुनाव-रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने पवार से भेंट की थी तो इस मीटिंग से ये अटकलें शुरू हो गई थीं कि प्रशांत किशोर इस 81-वर्षीय मराठा दिग्गज को देश के राष्ट्रपति के रूप में देखने की कोशिशों की खातिर लामबंदी कर रहे हैं।

पवार, जो व्यावहारिक एवं परिणामवादी राजनीति के गंभीर साधक एवं उस पर आचरण करने वाले हैं, ने तत्काल इन अटकलों को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि "जब एक अकेली पार्टी (सत्तारूढ़ भाजपा) के

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## बलात्कार

अजमेर, 14 जून (कासं)। अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती 23 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार की घटना सामने आई है। खास बात यह रही कि बलात्कार हॉस्पिटल में काम करने वाले नर्सिंगकर्मी ने किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पीड़िता के साथ आए उसके भाई को फिल्म देखने के लिए भेज दिया। फिर युवती को ड्रिप

- **अजमेर के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में भर्ती 23 वर्षीय युवती के साथ एक नर्सिंग कर्मी द्वारा बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है।**

लगाकर बेहोश कर रेप किया।

पुलिस के मुताबिक एक थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला सोमवार सुबह 11 बजे अपने मौसी के लड़के के साथ उपचार के लिए अस्पताल गई थी। अस्पताल में युवती की मुलाकात उसके पूर्व परिचित नर्सिंगकर्मी राजेश से हुई।

उसने युवती के उपचार के जिम्मेदारी ली। पीड़िता के अनुसार नर्सिंग कर्मी ने आपातकालीन इकाई में भर्ती करने के बाद उसको ड्रिप लगा दी और उसे नशीली दवा दे दी। आरोप है कि बाद में आरोपी ने बेहोशी की हालत में उसके साथ बलात्कार किया। वहीं मामले को लेकर पीड़िता के परिजनों ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है।

# सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट के पूर्व जजों ने सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखा

## पत्र में इन न्यायविदों ने लिखा है कि, सुप्रीम कोर्ट को स्वयमेव ही, यू.पी. में "हिंसक प्रदर्शनकारियों" के मकान पर बुलडोज़र चलाने की कार्यवाही पर रोक लगवानी चाहिये

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। भाजपा प्रवक्ताओं द्वारा पैगम्बर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणियां किए जाने के खिलाफ उत्तर प्रदेश में मुस्लिमों के विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस हिरासत में बंद आंदोलनकारियों पर कथित पुलिस हिंसा और उनके घरों पर बुलडोज़र चलाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के पूर्व जजों तथा सीनियर वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सी.जे.आई.) तो पत्र लिखकर उन्हें इस मामले में स्व प्रेरित प्रसंज्ञान लेने को कहा है।

सी.जे.आई. एन.वी. रमना को दी गई पत्र याचिका में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के राज्य प्रशासन ने शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों को अपनी बात कहने का अवसर देने के बजाए उनके खिलाफ हिंसा की अनुमति दी।

पत्र याचिका पर हस्ताक्षर करने वाले सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जजों में बी. सुदर्शन रेड्डी, वी. गोपाल गौडा, ए.के. गांगुली, दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस ए.पी. शाह, मद्रास हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस के. चन्द्रू, कर्नाटक हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस मोहम्मद अनवर और सीनियर एडवोकेट्स शांति भूषण (पूर्व केन्द्रीय विधि मंत्री), इंदिरा जय सिंह, चन्द्र उदय सिंह, श्रीराम पांचू, आनंद ग्रोवर और एडवोकेट प्रशांत भूषण शामिल हैं।

एक सम्बद्ध घटनाक्रम में जमीअत

- **साथ ही जमीअत उलमा-ए-हिन्द ने भी सुप्रीम कोर्ट को एक खत के मार्फत याचिका दर्ज करा कर कहा है कि, सुप्रीम कोर्ट को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिये कि, कानून की पूरी प्रक्रिया का पालन किए बगैर भविष्य में विध्वंसात्मक कार्यवाही ना हो।**

उलेमा-ए-हिन्द ने यह सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को कोर्ट की शरण ली कि उत्तर प्रदेश में नियत प्रक्रिया का अनुसरण किए बिना अब आगे और विध्वंस कार्रवाई ना की जाए।

पत्र आवेदन में कहा गया है कि "बताया जाता है कि मुख्यमंत्री ने अधिकृत रूप से अपने अधिकारियों को प्रोत्साहित किया कि वे अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्यवाही करें, जिससे ऐसे दृष्टान्त कायम हो जाये कि कोई ऐसे अपराध न करे तथा भविष्य में कानून अपने हाथ में नहीं ले। उन्होंने निर्देश दिये कि नैशनल सिक्योरिटी एक्ट, 1980 तथा यू.पी. गैंगस्टर्स एण्ड एंटी सोशल एक्टिविटीज (प्रीवैन्शन) एक्ट 1086 गैर कानूनी विरोध करने के अपराधी पाये जाने वाले लोगों पर लागू किये जायें। इन टिप्पणियों से प्रेरित होकर पुलिस ने आंदोलनकारियों के प्रति जघन्य तथा गैर कानूनी यातनाएं देने का दुस्साहस दिखाया।"

पत्र-याचिका में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने 300 से अधिक लोग गिरफ्तार किये है तथा उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की हैं। इसमें उन विभिन्नि विडियोज़ का भी हवाला दिया गया, जिनमें नौजवान पुलिस हिरासत में लाठियों से पिटते दिखाई दे रहे हैं, आंदोलनकारियों के मकान बिना नोटिस दिये ध्वस्त किये जा

(शेष पृष्ठ 7 पर)

## बालिका के साथ दुष्कर्म

देवली, 14 जून (निसं)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में 8 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला पुलिस थाने में दर्ज हुआ है। पुलिस ने बताया कि उक्त प्रकरण में पीड़िता तथा आरोपी दोनों ही नाबालिग हैं। पुलिस पीड़िता का मैडिकल बोर्ड से मैडिकल भी करवा रही है। थाना प्रभारी जगदीश

- **देवली के एक गांव में 8 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया है। आरोपी भी नाबालिग (17 वर्ष) है।**

प्रसाद ने बताया कि पीड़िता 8 वर्षीय है जबकि दुष्कर्म का आरोपी 17 वर्षीय है। इस मामले को लेकर पीड़िता के माता-पिता मंगलवार को स्थानीय थाने पहुंचे। पुलिस के अनुसार उक्त घटना 5 जून की बताई जा रही है।

पीड़िता के माता-पिता ने बताया कि आरोपी किशोर पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ खेत में ले गया, जहां उसने दुष्कर्म किया। इधर दुष्कर्म की घटना के बाद पुलिस हरकत में आई

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# विपक्ष के खेमे में एकता से ज्यादा मतभेद नज़र आ रहे हैं

## मतभेद का एक बड़ा कारण है, अचानक ममता बनर्जी द्वारा विपक्ष के 22 वरिष्ठ नेताओं की बैठक आहूत करना, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के बारे में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। ममता बनर्जी की एकल कोशिश, जिसके अन्तर्गत उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिये विपक्ष के सर्वसम्मत उम्मीदवार के बारे में निर्णय लेने के लिये, 22 नेता एवं मुख्यमंत्री आमंत्रित किये हैं, अपनी भँवें पहले ही तरेर चुकी हैं। मुख्यमंत्रियों तथा नेताओं को एकाएक लिखे गये इस पत्र से विपक्ष की एकता के बजाय, एक दरार सी पैदा होती दिखाई दी है।

दो वामपंथी नेता- सीताराम येचुरी तथा डी. राजा मीटिंग में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस एकल प्रयास से विपक्ष के सभी प्रमुख नेता विस्मित हैं। जहाँ तक ज़मीनी स्तर की बात है, वामपंथी दल ममता बनर्जी तथा बंगाल में अपनाये जा रहे बाहुबल-आधारित तौर तरीकों के धुर विरोध में हैं।

दूसरी तरफ, उन पर ऐसे आरोप भी

- **मार्क्सवादी पार्टी के सीताराम येचुरी व सी.पी.आई. के ए. राजा ने बैठक में उपस्थित होने में असमर्थता जतायी है।**
- **इन दोनों नेताओं का कहना है, जब सोनिया गांधी, कांग्रेस पार्टी व उनके पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से इस मुद्दे पर लगातार सम्पर्क में है, तो ममता बनर्जी द्वारा अचानक विपक्ष की बैठक बुलाना व इस मुद्दे पर बातचीत शुरू करने का क्या मतलब है, समझ में नहीं आता।**

हैं कि वे अन्य दलों से आगे बढ़ने के लिये, साम्प्रदायिक राजनीति का सहारा ले रही हैं। उनका कहना है कि जब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी वामपंथी दलों के शीर्ष नेताओं के साथ इस संबंध में बात कर ही रही थीं, उसी समय ममता अपनी तरफ से लिखे गये इस पत्र को लेकर एकाएक बीच में कूद पड़ीं। वामपंथी दलों का मूल सोच यह है कि

(शेष पृष्ठ 7 पर)

# दूसरे दिन भी ई.डी. द्वारा राहुल गांधी से पूछताछ जारी रही

## कई वरिष्ठ पार्टी के नेता, जो राहुल के साथ, "सत्याग्रह" के लिए ई.डी. के मुख्यालय जा रहे थे, रास्ते में पुलिस द्वारा रोक कर, दिल्ली के विभिन्न थानों में भेजे गये

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की खरीद में काले धन को कथित रूप से वैध बनाने को लेकर एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन पूछताछ की। ई.डी. के तीन सीनियर अधिकारियों ने उससे विभाग के मुख्यालय में पूछताछ की। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड एक कम्पनी है जिसे जवाहर लाल नेहरू ने नैशनल हैरल्ड और उसके सहायक हिन्दी व उर्दू प्रकाशनों को प्रकाशित करने के लिए

- **प्रियंका गांधी भी राहुल गांधी के साथ ई.डी. कार्यालय जा रही थीं, उनको भी पुलिस ने रोका, पर फिर छोड़ दिया, क्योंकि उन्हें केन्द्रीय सुरक्षा कवच प्रदत्त है।**
- **चिदंबरम, जो प्रदर्शन स्थल पर मौजूद थे, ने कहा कि, ई.डी. द्वारा की जा रही पूछताछ की कार्यवाही गैर कानूनी है, क्योंकि अभी राहुल गांधी या सोनिया गांधी के खिलाफ कोई एफ.आई.आर. दर्ज नहीं हुई और न ही कोई मुकदमा दायर हुआ है।**
- **ई.डी. सूत्रों का प्रत्युत्तर में कहना है कि, चिदंबरम गलत कह रहे हैं, क्योंकि पी.एम.एल.ए. कानून के तहत दोनों के खिलाफ दिसंबर 2015 में मुकदमा दर्ज हुआ था तथा दोनों ने 50,000 रूपये का बॉण्ड भर कर जमानत ली है।**

शुरू किया था।

सोमवार की भांति राहुल को दो घंटे की पूछताछ के बाद लंच ब्रेक दिया गया। ई.डी. ऑफिस की सशस्त्र अर्द्धसैन्य बलों ने जबरदस्त बैरिकेडिंग की हुई है और यहां से आने-जाने वाली प्रत्येक कार को पुलिस चैक कर रही है ताकि "सत्याग्रह" के लिए यहां पहुंचने की

(शेष पृष्ठ 7 पर)




## विचार बिन्दु

ख्याति की अभिलाषा वह पोषक है जिसे ज्ञानी भी सबसे अंत में उतारते हैं। –कहावत

# मुश्किल समय में शिक्षकों के समक्ष चुनौती

शिक्षकों के लिए वर्तमान समय से अधिक चुनौतीपूर्ण समय कभी नहीं रहा। यह वह समय है जब शिक्षकों से न केवल अपने छात्रों की पढ़ाई-लिखाई, बल्कि अपने छात्रों की सामाजिक और भावनात्मक जरूरतों की देखभाल करने की भी अपेक्षा की जाती है। कोविड महामारी ने सभी को प्रभावित और चिंतित किया है। इसके प्रभाव से शिक्षक भी अछूते नहीं रहे। ऐसे अशांत समय में अब शिक्षकों पर यह दायित्व आन पड़ा है कि स्कूलों से दूर रहने से विद्यार्थियों की पढ़ाई में जो कमी रह गई उसे कैसे पूरा किया जाय। यहां उन सक्षम परिवारों की बात नहीं है जिनके बच्चे ऑनलाइन या अन्य विधियों से अपनी पढ़ाई काफी हद तक जारी रख पाये बल्कि उन बहुसंख्यक परिवारों के बारे में है जिनके बच्चे स्कूली पढ़ाई से बिल्कुल कटे रहे। अनेक अध्ययन बताते हैं कि ऐसा गावों में रहने वाले बच्चों तथा लड़कियों के साथ ही नहीं हुआ बल्कि शहरों में भी गरीबों के साथ हुआ। उनकी पढ़ाई की भरपाई करने के लिए क्या हमारे शिक्षकों में जज्बा है? क्या वे अपने छात्रों के लिए पर्याप्त कर पा रहे हैं? यहां यह सवाल सबसे पहले उठ खड़ा होता है कि नये सत्रों में पीछे रह गये विद्यार्थियों की वास्तव में आवश्यकता क्या है और वह कौन सी विधि है जिससे विद्यार्थियों के खोए हुए समय की पढ़ाई की पूर्ति हो सके। सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा के क्षेत्र में हुए अनेक शोधों ने बताया है कि जब छात्रों को महसूसस होता है कि उनका शिक्षक उनका मददगार है तो उनका उसके साथ घनिष्ट संबंध बनता और वे स्कूल में आनंद और सफलता का अनुभव करते हैं। नई परिस्थितियों में शिक्षक और छात्र के बीच ऐसे संबंधों की सबसे अधिक जरूरत है। ऐसा प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों के लिए ही सच नहीं है बल्कि, मिडिल और हाई स्कूल के छात्रों के साथ भी ऐसा ही है। ऐसा सभी मानते हैं कि जब छात्र ठीक से देखभाल करने वाले और मददगार शिक्षकों के संपर्क में होते हैं तो वे अधिक सकारात्मक परिणाम दिखाते हैं।

अब यह सवाल स्वाभाविक ही उठता है कि विद्यार्थियों की देखभाल करने वाला तथा मददगार शिक्षक होने का क्या अर्थ है? इस प्रश्न का उत्तर खोजने के लिये दुनिया भर में अनेक अध्ययन और विमर्श हुए हैं। फिर भी इस बारे में कम ही जानकारी रही है कि छात्रों की परवाह और देखभाल करने वाले शिक्षक होने का वास्तव में क्या अर्थ है? सबसे बढ़ कर यह भी कि इस बारे में छात्र स्वयं क्या सोचते हैं? हाल ही में 'जर्नल ऑफ ऐडोलेसन्ट रिसर्च' में छपे एक पेपर के अध्ययनकर्ता सीधे विद्यार्थियों के पास यह पूछने के लिए गए कि उनकी राय में एक परवाह करने वाला, देखभाल करने वाला शिक्षक कैसे होते हैं? विद्यार्थियों ने उन्हें बताया कि सबसे प्रामाणिक, पूरे मन से काम करने वाले वाले शिक्षक शांत, स्पष्ट और सहृदयहोते हैं।

शांत रहना एक शिक्षक की ऐसी क्षमता को दर्शाता है जो शिक्षण में निहित चुनौतियों का सामना करने के लिए सचेष्ट रहने और अपने स्वयं के तनाव को नियंत्रित करने की क्षमता रखता है। ऐसे शिक्षक स्वयं की भावनाओं पर नियंत्रण रखते हैं। यदि शिक्षक खुद शांतधैर्यवान होंगे तो उनकी कक्षा में छात्रों के बीच भी शांत वातावरण बना रहेगा। एक अच्छा शिक्षक प्रेममय होता है जो छात्रों पर चिल्लाता नहीं उसका व्यवहार शांतहोता है। छात्रों को क्या करना है उसे बताने की उसे हड़बड़ी नहीं होती और वह कक्षा में सीखने का एक शांत वातावरण बनाता है। किसी विद्यार्थी को जब कोई चीज नहीं आती तब वह उस पर झल्लाता नहीं बल्कि उसे प्रेम से उसे उसकी बेचैनी से बाहर लाता है और प्रेरित करता है। मन से स्पष्ट शिक्षक में यह क्षमता होती है कि वह एक तरफ तो अपने छात्रों के साथ उपस्थित रहता है और दूसरी तरफ वह छात्रों की जरूरतों के अनुरूप खुद भी जिज्ञासु बना रहता है। ऐसा शिक्षक अपने छात्रों के साथ स्पष्ट, लोकतांत्रिक संवाद करता है, उन्हें सुनता है। कक्षा में शिक्षक का स्पष्ट होना बहुत जरूरी है। उसकी स्पष्टता उसके अपने विषय के ज्ञान पर भी निर्भर करती है। जिस विषय को शिक्षक पढ़ाता है उसके बारे में यदि उसे ही कहीं कठिनाई है तो वह उसके छात्रों के साथ व्यवहार में जरूर झलकेगी। सहृदय होना किसी भी शिक्षक के व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। ऐसा शिक्षक कक्ष में कोई अंतिम फैसला नहीं सुनाता। उसका विद्यार्थियों से व्यवहार गर्मजोशी का होता है और वह उनसे ऐसे संबंध बनाता है जिनमें एक दूसरे के प्रति विश्वास और सम्मान होता है और वह छात्रों की जरूरतों के समय उनके साथ मौजूद होता है।शिक्षक में करूणा और सहानुभूति का भाव उसके कौशल का महत्वपूर्ण अंग होता है। वह छात्रों की भावनाओं को समझता है और जब भी वह किसी छात्र को परेशान पाता है तो उसे धैर्य बंधाने हमेशा तत्पर रहता हैं।

**शिक्षा मनोविज्ञानी कहते हैं कि शिक्षकों का छात्रों के प्रति शांत, स्पष्ट और सहृदय होना खुद उनकी अपनी भलाई का भी सबब बनता है। कक्षा में ये सावधानियां शिक्षकों के लिए खुद उनके निजी जीवन में भी लाभदायक बनती हैं। सहृदयता और लचीलापन शिक्षकों को जीवन में सफलता की कुंजी भी देते हैं।**

लेकिन हम जानते हैं कि किसी के लिए हर पल शांत, स्पष्ट और सहृदय होना हमेशा आसान नहीं होता है। खासकर तब जब कोई खुद तनाव में हो या व्यस्तता में हों। इसलिए शिक्षा मनोविज्ञानी कहते हैं कि शिक्षकों का छात्रों के प्रति शांत, स्पष्ट और सहृदय होना खुद उनकी अपनी भलाई का भी सबब बनता है। कक्षा में ये सावधानियां शिक्षकों के लिए खुद उनके निजी जीवन में भी लाभदायक बनती हैं। सहृदयता और लचीलापन शिक्षकों को जीवन में सफलता की कुंजी भी देते हैं। आत्म-जागरूकता और किसी फैसले पर कूद कर न पहुंचना ऐसे कौशल हैं जो किसी को अच्छा शिक्षक ही नहीं बनाते बल्कि एक अच्छा इन्सान भी बनाते हैं। कोई शिक्षक जब किसी भी छात्र के बारे में अंतिम फैसला न लेने का व्यवहार साध लेता है तब वह अपने खुद के जीवन में भी अनोखी शांति अनुभव करता है। तनाव मुक्त रहना शिक्षक को अपने को स्वस्थ रखने का मंत्र बन जाता है। एक अध्ययन में सामने आया है कि अमरीका और कनाडा में वे स्कूली शिक्षक जिन्होंने माइंडफुलनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया, उन्होंने कक्षा और घर दोनों जगह मूड, अच्छी नींद और संतुष्टि में सुधार का अनुभव किया।इन तीन कौशल वाले शिक्षकों में काम का तनाव, ईर्ष्या, अवसाद और चिंता तो कम होते ही हैं वे अपने छात्रों के साथ अधिक भावनात्मक स्तर पर संवाद भी आसानी से कर सकते हैं। कहा जा सकता है कि छात्र अपने शिक्षकों से जो अपेक्षा रखते हैं वह वास्तव में शिक्षकों की खुद अपनी जरूरत भी होती है। अच्छा शिक्षक छात्रों को सवाल पूछने के लिये प्रोत्साहित करता है तो छात्रों के सवालों से शिक्षक भी बहुत कुछ सीखता है।शिक्षक की असली शक्ति इसमें है कि वह अपने छात्रों को कितना समझ पाता है। छात्रों को शिक्षण की जटिल रणनीति अथवा शिक्षक के अकादमिक कौशल से मतलब नहीं होता। वे अपनी साधारण भाषा में शिक्षक से ज्ञान चाहते हैं। वे कक्षा प्रेम और उमंग का माहौल रचने वाले ऐसे शिक्षक को पसंद करते हैं जो उन्हें समझता हो, उनकी आवश्यकताओं को समझता हो। ऐसा बनने के लिए शिक्षक को पहले खुद अपने पर ध्यान देना होगा। तभी वह अपने काम में अधिक सचेत होगा और छात्रों के साथ मित्रवत होगा। शिक्षक का अपने आप को पहचानना और बदलना शिक्षण प्रशिक्षण का अभिन्न हिस्सा ही नहीं होना चाहिए बल्कि उनकी सतत शिक्षा का भी महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। तभी पढ़ाई की एक नई संस्कृति हम रच पाएंगे। ऐसी संस्कृति पुरातन भारत में गुरुकुलों के रूप में थी जहां गुरु और शिष्य का मीठा बंधन था जिसमें शिक्षण के वे सभी तत्व थी जिन्हें आज के समय में अकादमिक तरीकों से नवाचार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। हमारे शिक्षक ऐसा कर पायें तो कोविड महामारी के दौरान पढ़ाई में पीछे छूट गये छात्रों की जरूर मदद हो सकेगी। लेकिन क्या हमारी स्कूलों के शिक्षकों में ऐसा बनने की आकांक्षा है, यह बड़ा सवाल है।

यह भी सच है कि शिक्षकों के चयन के दौरान उनकी विशेषज्ञता के जिस पक्ष पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है वह यह है कि क्या उनमें मन लगाकर पढ़ाने और अपनी पूर्णता के साथ कक्षा में उपस्थित होने का उनमें कौशल है? क्या वह 'शरीर में शांत, मन में स्पष्ट, और सहृदय' हैं? शांत, स्पष्ट और सहृदय होना जिन शिक्षकों की फितरत में होता है वे सहज शिक्षक होते हैं। परंतु शिक्षण के पेशे में आने वाले सभी के बारे में तो ऐसा नहीं कहा जा सकता। शिक्षण एक रोजगार बन गया है और अनेकों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करके एक नौकरी पा जाना ही शिक्षक हो जाना हो गया है। ऐसे अभ्यर्थी भी लिखित परीक्षा पास करके चयनित हो जाते हैं जिनमें तुनकमिजाजी, उतावलापन और झट से क्रोध आ जाना उनके व्यक्तिवा का हिस्सा होता है जो उनके पालन पोषण और जीवन के शुरुआती वर्षों के जिस माहौल में उनका विकास हुआ उसके कारण होता है। यदि वे अपनी इन समस्याओं को समझ पायें और अपना एक अच्छे शिक्षक में रूपांतरण कर पायें तो वह न केवल उनके विद्यार्थियों के लिए ही लाभदायक सिद्ध होगा बल्कि खुद उनके विकास में मददगार होगा। शिक्षकों का यह कौशल न केवल छात्रों की मदद कर सकता हैं, बल्कि इस कठिन समय में खुद उनकी सलामती और बेहतरी में भी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ संपादक एवं विश्लेषक )**

# भारत के अधिकांश विश्वविद्यालय क्या अब विश्वविद्यालय कहलाने लायक हैं?



डॉ. ( प्रो. ) वीर बहादुर सिंह

**उच्चतम** शिक्षा के केंद्र भारत में विश्वविद्यालय कहे जाते हैं जो अंग्रेजी के शब्द यूनिवर्सिटी का हिंदी पर्याय है। शाब्दिक अर्थों में विश्वविद्यालय का स्वरूप विश्व स्तर का होना आवश्यक है अर्थात अंग्रेजी में यूनिवर्सल नेचर। क्या हमारे विश्वविद्यालय यूनिवर्सल नेचर के हैं ? उच्चतम कक्षाओं में निरीह छात्रों को किन्ही अवस्थाओं में लाचारी दिखाई देती है।

शिक्षा में तत्वज्ञान अथवा दार्शनिक ज्ञान की कमी से विद्यार्थियों में जिज्ञासा नहीं पनपती और वे अधकचरा ज्ञान लेकर चले जाते हैं फलस्वरूप वे समाज में कोई सार्थक उपयोगी कार्य करने में असक्षम ही रहते हैं। सर्वप्रथम उन्हें यही पता नहीं होता कि वे अमुक शिक्षा संस्थान में क्यों आये हैं और वहां अमुक विषय पढ़ने का क्या उद्देश्य है? ऐसी उद्देश्यहीन शिक्षा लेने से क्या तात्पर्य, और भविष्य में उससे क्या हासिल होगा ? छात्र को पता नहीं। छात्रों के प्रवेश और वांछित विषय पढ़ने में अनेक कठिनाइयां हैं किसी विषय में प्रवेश के लिए सीटों की निर्धारित संख्या होती है जिसमें लगभग आधी अनेक प्रकार के रिजर्वेशन या आरक्षण से भर ली जाती हैं शेष पर सामान्य छात्र प्रवेश मेरिट के आधार पर पाते हैं फिर भी अनेक पढ़ाई के इच्छुक छत्र प्रवेश से वंचित रह जाते हैं उनमे से धनी व संपन्न दूसरे देशों की रह लेते हैं।

पुस्तकालय और प्रयोगशालाएं स्नातक व् अधिस्नातक व् शोध छात्रों के लिए आवश्यक सुविधाओं में गिने जाते हैं प्रोफेशनल और तकनीकी विषयों में अनेक आयाम ऐसे होते हैं जिनमें प्रयोगात्मक परीक्षण और विश्लेषण करने होते हैं। पुस्तकालय में अनेक पुस्तकें व प्रकाशन मंगवाए जाते हैं ताकि छात्र व अध्यापक उन्हें समय-समय पर देखते रहें और पढ़कर अपने को अपडेट करते रहें। पुस्तकालय में जाकर पढ़ने का रिवाज़ अब समाप्त प्राय: है, पूर्व में अधिस्नातक व् शोध छात्रों को पुस्तकालय में केबिन अलॉट हुआ करती थी। हाल में प्रकाशित पुस्तकें और जर्नल्स एक रिवोल्विंग रैक पर एक माह तक रखी जाती थी ताकि सभी उनसे अवगत हो जायें, अब ऐसा कुछ नहीं है। पहले टीचर छात्रों को किसी टॉपिक पर असाइनमेंट देते थे जिसे पूरा करने के लिए लाइब्रेरी का उपयोग जरूरी होता था। अब यदा-कदा कतिपय टीचर ही छात्रों को स्वयं लिखने के लिए कोई कार्य देते हैं।

लैबोरेट्रीज का जहां तक प्रश्न है सरकारी महाविद्यालयों में प्रयोगशालाएं भी हैं और वे वांछित उपकरणों से सुसज्जित भी हैं लेकिन विद्यमान उपकरणों का उपयोग नहीं के बराबर है क्योंकि पूर्णकालिक टीचर्स ही नहीं है। पीरियड आधार पर सेवानिवृत लोगों को आमंत्रित कर सैद्धांतिक विषय पढ़वा लिए जाते है। प्रयोशाला कार्य के लिए बहुधा तकनीशियन न होने से लेबोरेटरी कौन तैयार करे? प्राइवेट विश्वविद्यालयों की स्तिथि बदतर है, प्रैक्टिकल के नाम पर कुछ नहीं। आशय यह है कि जहां पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं की एक तो उचित उपलब्धता नहीं है और जहां है वहां भरपूर उपयोग में नहीं लिए जाते। ऐसे संसथान क्या यूनिवर्सिटी कहलाने लायक हैं ? इससे छात्रों में कूप मण्डूकता प्रवृति पनप जाती है और वे कहीं पर भी वांछित व गुणवत्ता पूर्ण सेवा नहीं दे पाते।

ऐसी उद्देश्यहीन शिक्षा लेने से क्या तात्पर्य, और भविष्य में उससे क्या हासिल होगा? साझेदारी पढ़ाई पद्धति से छात्र सदैव सजग रहता है और उसकी सीखने की प्रवृति भी अन्य की अपेक्षा अधिक होती है। मैंने अपनी शिक्षा के दौरान अनुभव किया कि अध्यापकों में कतिपय ही छात्रों को लेक्चर के दौरान बोलने के लिए प्रोत्साहित करते थे। अधिस्नातक की पढ़ाई के समय वर्ष ने दो बार किसी वांछित विषय पर सेमिनार देनी पड़ती थी। पूरा शीर्षक लाइब्रेरी में जाकर तैयार करना होता और उसके सभी रिफरेन्स नोट करने पड़ते जिन्हे सेमीनार के टॉपिक को साइक्लोस्टाइल करा अंत में उन्हें भी लिखना पड़ता। सेमीनार के दिन प्रीवियस फाइनल के सभी छात्र, विभाग के सभी अध्यापक, रिसर्च स्कॉलर्स उस सेमीनार में उपस्थित होते। छात्र को पहली बार एक समूह के समक्ष बोलना घबड़ाहट पैदा करता, इस डर को ही मिटाने के लिए सेमीनार का एक उद्देश्य होता। अपना विषय प्रस्तुत करने के उपरांत फिर सेमीनार में उपस्थित सदस्यों के प्रश्नों का जवाब भी देना पड़ता। सेमीनार का मूल्यांकन भी तीन अध्यापक करते जिनमे एक विभागाध्यक्ष होता। क्या विश्व स्तर के महाविद्यालयों और विश्व विद्यालयों में ऐसे शिक्षा वांछित नहीं है? अवश्य है।

भारत के लगभग सभी विश्व विद्यालयों में पाठ्यक्रम निश्चित होता है और उसके भी भाग कर कई सेगमेंट में बांट दिया जाता है। प्रश्न पत्र निर्माता जो अधिकांशत: किसी अन्य संस्थान से होते है उन्हें आवश्यक रूप से प्रत्येक खंड से प्रश्न चुनना पड़ता है। विदेशी विश्वविद्यालओं में पाठ्यक्रम बहुत सूक्ष्म दिया जाता है, इसलिए वहां पढ़ने के लिए अध्यापक को एक वृहत क्षेत्र मिलता है। वह पाठ्यक्रम से बाहर की विषय वस्तु भी पढ़ा देता है यदि उसके विचार से वह छात्र को जानना आवश्यक हो, ऐसी स्वतंत्रता भारत के महाविद्यालय/विश्वविद्यालयों में अभी तक नहीं पनपी।

अधिस्नातक अथवा स्नातक शिक्षा के अध्यापकों को निरंतर अपनी पढ़ने की विषय सामग्री सतत नए ज्ञान से पुष्ट करनी पड़ती है। भारत में एक बार विषय के नोट्स बना लिए फिर वर्षों तक उनमे कोई परिवर्तन नहीं होता। एक घटना पाठकों को बताने की इच्छा हो रही है.... डेरी के एक टीचर अपने महाविद्यालय में डेरी विषय पढ़ाया करते थे उनके नोट्स काफी पुराने थे, कागज़ भी उनका मटमैला और ब्रिटल हो गया था। एक छात्र ने उनसे एक दिन कहा– 'गुरू जी आपके नोट्स बहुत पुराने हो गए हैं, नए बना लीजिए। गुरु जी का उत्तर सुनकर छात्र स्तब्ध रह गया उन्होंने कहा कि– 'दूध का रंग पहले भी सफ़ेद था और आज भी वैसा ही है, फिर डेरी के नोट्स पुराने कैसे?' यह है हमारे देश की स्नातक शिक्षा का स्तर। टीचर का उत्तर अपेक्षित नहीं था क्योंकि विज्ञान और तकनीकी ज्ञान में वृद्धि से प्रत्येक विषय के पाठ्यक्रम में नित नयी वृद्धि हो रही है।

अब बात करते हैं शिक्षा प्रदाता अध्यापकों की या कहें विषय विशेषज्ञों की इस पक्ष पर सिवाय निराशाजनक स्तिथि के और कुछ भी नहीं लिखने को। अधिकांश विश्वविद्यालयों में विषय वार अध्यापकों की संख्या नहीं है, उस पर विषय विशेषज्ञों तो हैं ही नहीं। एक ही अध्यापक एक से तीन विषय तक पढ़ाता है, क्या कोई किसी मुख्य विषय के तीन आयामों में पढ़ाने के लिए पारंगत हो सकता है? नहीं, लेकिन ऐसा ही हो रहा है। प्राइवेट विश्वविद्यालयों में और राजकीय विश्वविद्यालयों में इस बावत कोई विशेष अंतर नहीं है।

भारत में राजकीय और प्राइवेट दोनों विश्वविद्यालयों के स्टैण्डर्ड मूल्यांकन के लिए भारत सरकार के स्तर पर एक्रीडिटेशन समितियां हैं लेकिन ऐसा लगता है कि इन समितिओं के सदस्य भी अपना कार्य निष्पक्षता और कुशलता से नहीं करते जिससे उच्चतम शिक्षा के स्तर में निरन्तर गिरावट के लिए वे भी कुछ सीमा तक जिम्मेदार हैं।

परीक्षा और मूल्यांकन की व्यवस्था भी बड़ी लचर और दोषपूर्ण है। प्रश्न पत्र निर्माता और उत्तर पुस्तिकाए जांचने वाले भी सही ढंग से नहीं चुने जाते, फलस्वरूप प्रश्न पत्र निर्माण असंतुलित और आंकलन फौरी तौर पर कर दिया जाता है। ऐसे में बहुधा शिक्षार्थी को न्याय नहीं मिल पाता, मंथली टेस्ट का प्रोविशन कतिपय महाविद्यालय ही करते हैं क्योंकि यह मेहनत का काम है जिससे सब बचना चाहते हैं।

विश्वविद्यालय की स्थापना वोट बैंक को ध्यान में रख कर की जाती है आवश्यकता देखकर नहीं। जगह-जगह नित नए विश्वविद्यालय खोले जा रहे हैं। राजस्थान में दूसरे कृषि विश्वविद्यालय की भौगोलिक आवश्यकता होते हुए भी उदयपुर में स्थापित करने पर सरकार ने खूब कलाबाजियां की तदुपरांत जोधपुर, जोबनेर और कोटा में कृषि विश्वविद्यालय खोलने में कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई गयी। समझ नहीं आता कि इन अनावश्यक संस्थानों के लिए धन क्यों व्यय किया जाता है? भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद्, यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन, ए.आई.सी.टी. आदि केंद्रीय संस्थान ऐसी स्थापनाओं को सुद्रण करने वास्ते धन क्यों मुहैया कराते? अच्छा होता इनकी जगह एक केंद्रीय कृषि विश्व विद्यालय केंद्र सरकार स्थापित करती। राज्य ऐसा करके अपना स्थापना व्यय बढ़ा लेते है और फिर बजट की कमी का रोना शुरू कर देती हैं। और जिन्हे स्वंय स्थापित किया उनको जर्जर कर फिर अन्य कही और एक यूनिट चालू कर देगी। यह नाटक सदैव चलता रहता है, जिसके कारण उच्च शिक्षा का अधोपतन हुआ है।

देशी और विदेशी छात्रों का आदान-प्रदान भी आपस में नहीं होता, अध्यापकों को भी कभी विदेशी यूनिवर्सिटी में अनुभव अर्जित के लिए नहीं भेजा जाता.....फिर यह कैसे विश्वविद्यालय हैं? कोई बताये की इनका विश्व स्वरुप कहां है? विश्वविद्यालयी शिक्षा में भाषा एक और महत्वपूर्ण पक्ष है जिसे बहुधा सभी संस्थाएं बिसरा चुकी हैं या उस पर उनका ध्यान ही नहीं है वह है अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त अन्य विदेशी भाषाओं का साधारण ज्ञान, जैसे जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश। यहां यह भी बताना जरूरी है कि छात्र को भारतीय भाषाओं में हिंदी और संस्कृत का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक है। प्राचीन काल में नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालयों से विदेशी काफी ज्ञान जो संस्कृत में था, अनुवाद कर ले गये। वर्तमान में कृषि संकाय में भाषा ज्ञान के बारे में स्तिथि नगण्य है। आखिर में मैं यह अनुशंसा करता हूँ कि ऐसे सभी संस्थानों के नाम से विश्व विद्यालय शब्द हटा कर इनको प्रदेशीय महाविद्यालय नाम दिया जाय, और कुलपति के स्थान पर मुख्य अधिकारी पदनाम रखा जाय वैसे भी बंगाल सरकार ने कुलपति नियुक्त करने का अधिकार राज्यपाल से छीन लिया है और राजस्थान सरकार भी ऐसा करने की योजना रखती है फिर देखना ये है कि कुलपति समक्ष अधिकारी कौन बनता है, मुख्य मंत्री, मंत्री, प्रमुख सचिव, अथवा विधायक? या फिर कोई और सरकार में से ही? यह मसला सिनेमा स्कॉपिक है फिल्म बड़ी है धैर्य रख कर देखते रहिये।

**–डॉ. ( प्रो. ) वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति व डेरी विज्ञ,**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,**
**उदयपुर**

# बहरोड़ में हाई वोल्टेज विद्युत खंभे के नीचे चल रहा गुरुकुल डिफेंस का अभ्यास केंद्र

**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ कस्बे में डिफेंस एकेडमियों के द्वारा किशोर व नौजवान बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करते हुए डिफेंस एकेडमियों का असली रूप सामने आया है।



गुरुकुल डिफेंस अकैडमी में हाई वोल्टेज विद्युत लाइन के नीचे शारीरिक अभ्यास केंद्र बनाकर बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है।

- **किशोर व नौजवान बच्चों के जीवन से खिलवाड़, हो सकता है बड़ा हादसा**


अलवर जिले के बहरोड़ कस्बे के नारनौल रोड पर डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी आदि के रजिस्ट्रेशन से गुरुकुल डिफेंस अकैडमी का 33000 केवी की हाई वोल्टेज विद्युत लाइन के लोहे के पोल के नीचे बच्चों को शारीरिक अभ्यास केंद्र बनाकर डिफेंस के बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिससे किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। विद्युत विभाग तो कब कार्यवाही करेगा लेकिन डिफेंस से संबंधित संस्थाओं का रजिस्ट्रेशन देने वाले शैक्षिणक विभाग के द्वारा निर्देशित पालना नियमों की भी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं जो प्रशासनिक ढर्रे का मजाक बनता दिखाई दे रहा है।

कस्बे में संचालित अनगिनत डिफेंस एकेडमियों का मकसद मात्र मोटी रकम 7 हजार रुपए से 15 हजार रुपए मासिक वसूल करना रह गया है। जिसमें एक डिफेंस एकेडमी के द्वारा तो फिजिकल ग्राउंड में हाई वोल्टेज के तारों का जाल फैला हुआ है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि बच्चों के फिजिकल ग्राउंड के बीच में जहां बच्चे अभ्यास करते हैं वहां हाई वोल्टेज का लोहे का स्तंभ लगा हुआ है। देर सवेर कभी भी इन मासूम नौजवानों के साथ यदि किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटना घट जाती है तो उसके लिए इन संस्थाओं के पास तथा विद्युत निगम, तहसीलदार, उपखंड अधिकारी व जिला का कलेक्टर आदि प्रशासनिक अधिकारियों के पास कोई जवाब होना मुश्किल ही नहीं कर्तव्य परायणता के दोषी भी होंगे। कुछ डिफेंस एकेडमी में तो बच्चों को अलमारियों की तरह से रैक बनाकर सोने पर मजबूर किया जा रहा है जो हकीकत में क्षेत्र की जनता के साथ तो अन्याय है। गरीब से लेकर अमीर तबके के माता-पिता को लूटने का कारोबार चलाया जा रहा है।

मामले में बहरोड़ एक्सईएन विद्युत विभाग बहरोड़ के अधिकारी पीडी सैनी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो यह गलत किया जा रहा है उन्होंने ऐसा क्यों कर रखा है हमारी जानकारी से बाहर है। जिसके मामले में जेवीवीएनएल बहरोड़ के एईएन को सूचित करने पर कार्यवाही होगी जो मेरे द्वारा ही मानी जाएगी। वहीं बहरोड के विद्युत विभाग के अधिकारी एइएन से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# पुष्कर में अव्यवस्थाओं के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने पूर्णिमा के पावन अवसर पर डुबकी लगाई

**पुष्कर,** (निसं)। करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र तीर्थ नगरी पुष्कर इन दिनों प्रशासनिक उदासीनता के दंश झेलने को मजबूर है । एक और जहां आए दिन सीवरेज का गंदा पानी सरोवर के पवित्र जल में मिल रहा है तो वही सरोवर पर सफाई व्यवस्था के मुकम्मल इंतजाम देखने से नहीं मिलते ।ऐसे में पुष्कर की धार्मिक छवि धूमिल हो रही है । सरोवर के घाटों पर विचरण करते आवारा पशु । यह नजारा सोमवार को जेष्ठ पूर्णिमा के पावन पर्व पर तीर्थ नगरी पुष्कर में देखने को मिला । जिसको लेकर स्थानीय पुरोहितों और पुष्कर आए श्रद्धालुओं ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है । तीर्थ पुरोहितों का कहना है कि पुष्कर सरोवर पर सफाई व्यवस्थाएं नहीं की जा रही है । साथ ही आवारा जानवर यात्रियों को चोट पहुंचा रहे हैं । ऐसे में लाखों रुपए का ठेका देकर सफाई व्यवस्था बनाए रखने में पालिका कर्मचारी और अधिकारी नाकाम साबित हो रहे हैं ।खरेखड़ी रोड पर ब्रह्मा मंदिर की ओर से गौ शाला बनने के बाद भी जानवर को वहां शिप्ट नही किया जा रहा है। ये जानवर सरोवर पर विचरण करते नजर आ रहे है। करोड़ो रूपये खर्च करने बावजूद इनके हालात ज़स के तस बने हुए है । बहरहाल इन तमाम अव्यवस्थाओं के बीच देश भर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने जेष्ठ मास की पूर्णिमा पर सरोवर में स्नान कर पूजा अर्चना और दान पुण्य किया ।



पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों के साथ आवारा जानवर भी घाटों पर विचरण कर रहे थे।

## पूर्णिमा पर कल्याण धणी के दर्शनों को उमड़े श्रद्धालु

**डिग्गी,** (निसं)। पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को तीर्थनगरी डिग्गीपुरी में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। आस पास के क्षेत्र सहित सम्पूर्ण प्रदेश से भक्त दर्शनों के लिए दिनभर कतार में लगे रहे। भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से डिग्गी में मेले का सा नजारा रहा। गर्मी व उमस से परेशान होने के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते बनता। पूर्णिमा के दिन उमड़ी भीड़ के कारण पुलिस को भी अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ी तथा डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी व एएसआई भवरंलाल व एसआई कैलाश चंद दिन भर डिग्गी में मुस्तैदी से डटे रहे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 15 जून, 2022**

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, मूल नक्षत्र दिन 3:33 तक, शुक्ल योग रात्रि 1:14 तक, कौलव करण दिन 1:32 तक, चन्द्रमा धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मीन, बुध-वृष, गुरू-मीन, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज यमघट योग सूर्योदय से दिन 3:33 तक है। कुमार योग, ज्वालामुखी योग दिन 1:32 तक है। राजयोग दिन 3:33 से सूर्योदय तक है। आज आजाद संक्राति, सूर्य मिथुन राजश में प्रवेश दिन 12:04 पर होगा। पूण्य काल प्रात: 5:40 से सांय 6:28 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:02 तक, शुभ 10:44 से 12:27 तक, चर 3:52 से 5:35 तक, लाभ 5:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:18

**मेष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक व्मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। महत्वपूर्ण व्मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में भय बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय के नवीन स्त्रोत सामने आयेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

# जयपुर की सबसे लंबी सोडाला एलिवेटेड रोड पर लोड टेस्टिंग शुरू

## 150 टन की क्षमता वाली इस रोड पर 232 टन के 8 ट्रक खड़े किये, जो कि अगले 3 दिन तक यहीं पर खड़े रहेंगे



राजधानी जयपुर की सबसे लंबी सोडाला एलीवेटेड रोड पर मंगलवार से लोड टेस्टिंग का काम शुरू हो गया है।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर की सबसे लंबी सोडाला एलीवेटेड रोड पर मंगलवार से लोड टेस्ट का काम शुरू हो गया है। जेडीए प्रशासन ने 22 गोदाम सर्किल के पास पुलिया पर 8 मिट्टी से भरे डम्परों को खड़ा करके इस एलीवेटेड रोड की मजबूती की जांच-परख शुरू कर दी है। अगले 3 दिन तक ये टेस्ट चलेगा, जिसमें अधिकतम 250 टन तक का लोड बढ़ाया जाएगा।

- जून महीने के अंत तक अजमेर रोड पुलिया से इस एलिवेटेड रोड को जोड़ने का काम पूरा होगा

जयपुर जेडीए के अधिशाषी अभियंता विवेक शर्मा ने बताया कि इस एलीवेटेड रोड को करीब 150 टन की कैपेसिटी के हिसाब से डिजाइन किया गया है और इस पर हमने अभी डेढ़ गुना यानी 232 टन का लोड टेस्ट करना शुरू कर दिया है। इसके लिए 28-28 टन वजन वाले 8 ट्रेलर 2 स्पान के बीच खड़े किए है। एमएनआईटी के इंजीनीयरों की टीम भी इस लोड टेस्ट की मॉनिटरिंग कर रही है।

अम्बेडकर सर्किल से शुरू होकर सोडाला तिराहे तक बन रही इस एलीवेटेड रोड पर का एक हिस्सा अजमेर रोड एलीवेटेड रोड से कनेक्ट किया जाएगा, हालांकि फिलहाल इसका काम अभी चल रहा है और जून महीने के आखिर तक इसे पूरा कर लेंगे। जुलाई में इस एलीवेटेड रोड के दूसरे हिस्से पर लोड टेस्ट करवाया जाएगा। चम्बल पॉवर हाउस, राममंदिर सर्किल, रेलवे ट्रेक के ऊपर समेत कई जगह लोड टेस्ट करने के बाद इसे आमजन के लिए खोला जाएगा। इसके अलावा अभी रेलवे लाइन के पास एक आखिरी स्पान की कनेक्टिविटी का काम भी बचा है।

उन्होंने बताया कि इस एलिवेटेड रोड के बनने से जयपुर में 22 गोदाम, हवा सड़क और सोडला तिराहे पर दिनभर लगने वाले भारी ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी। फिलहाल अम्बेडकर सर्किल से 22 गोदाम सर्किल, हवा सड़क होते हुए सोडाला सब्जी मंडी पहुंचने में करीब 20 से 25 मिनट का समय लगता है। यह एलिवेटेड के बनने के बाद महज 10 मिनट में यह सफर पूरा हो जाएगा।

## सांवराद में श्रद्धांजलि सभा और 24 को

**जयपुर**। आनन्दपाल सिंह और बलवीर सिंह बानूड़ा की पुण्यतिथि पर नागौर स्थित सांवराद में 24 जून को विशाल श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। एबी डोनर्स की तरफ से ये कार्यक्रम लगातार पिछले तीन साल से आयोजित जो रहा है। इसे लेकर मंगलवार सुबह राजपूत सभा भवन में राजपूत सभा अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई और महामंत्री बलवीर सिंह हाथौज द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया। एबी डोनर्स के संरक्षक मंजीतपाल सिंह सांवराद ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा व सुशासन की दिशा में कार्यरत एबी डोनर्स संस्था समाज कल्याण में रक्तदान के प्रति जागरुकता के काम में जुटी है। खुद आनन्दपाल सिंह भी हमेशा रक्तदान करने और करवाने के लिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करते थे।

मंजीतपाल सिंह ने बताया कि इसलिए सर्वसमाज की ओर से 24 जून को आनन्दपाल की पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर, श्रद्धांजलि सभा व आभार सभा का आयोजन ग्राम सांवराद नागौर में रखा गया है। इस आयोजन में जहां करीब एक लाख लोगों के शामिल होने की तैयारी है। वहीं रक्तदान शिविर में भी कम से कम 20 से 25 हजार यूनिट रक्त संग्रहीत करने का लक्ष्य रखा गया है।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को घाट के बालाजी और गलता पीठ मंदिर में दर्शन किए। राज्यपाल ने राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र एवं परिवारजनों के साथ पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। राज्यपाल ने घाट के बालाजी में हनुमान चालीसा का पाठ कर विधिवत मंत्रोच्चार के बीच भगवान की स्तुति की। गलता तीर्थ के महंत स्वामी अवधेशाचार्य से उन्होंने धर्म-अध्यात्म पर संवाद भी किया।

# करोना महामारी से सीकर में एक रोगी की मौत

**जयपुर**(कासं)। प्रदेश में मंगलवार को करोना संक्रमितों की संख्या में एक बार फिर मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। पूरे राज्य में 88 नए मरीज मिले हैं, जबकि सीकर में एक रोगी की मौत भी हुई है। दूसरी तरफ 34 मरीज रिकवर भी हुए है, ऐसे में फिलहाल एक्टिव मरीजों की संख्या 596 बची है।

- प्रदेश में 88 नए करोना संक्रमित मिले, 34 रिकवर हुए

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को 13 जिलों में नए करोना संक्रमित मिले। इनमें सबसे ज्यादा 46 रोगी जयपुर जिले में मिले हैं, लेकिन यहां आज एक भी मरीज रिकवर नहीं हुआ। इसके अलावा अलवर में 13, चूरू में 5, नागौर में 4, बीकानेर, चित्तौडगढ़, उदयपुर और जोधपुर में 3-3 तथा बारां, गंगानगर, झालावाड़ और सवाईमाधोपुर में एक-एक संक्रमित रोगी मिला है। प्रदेश में अब तक करोना महामारी से मरने वालों की संख्या 9 हजार 560 हो गई है।

उधर जयपुर में मिले 46 रोगियों में सबसे ज्यादा 9 मरीज मानसरोवर में मिले हैं। इसके अलावा सोडाला में 5, आदर्श नगर, सी स्कीम, सांगानेर में 3-3, बनीपार्क, गोपालपुरा, जगतपुरा, जवाहर नगर, सिंधी कैंप और विद्याधर नगर में 2-2 तथा बस्सी, सिविल लाइन्स, किरण पथ, कोटपुतली, मुरलीपुरा, राजापार्क, शास्त्री नगर और वैशाली नगर में एक-एक संक्रमित मिला है। फिलहाल जयपुर जिले में एक्टिव केस की संख्या 323 है।

## जयपुर डिस्कॉम में 9 को अनुकम्पा नियुक्ति

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर डिस्कॉम में निगम के मृतक कर्मचारियों के 9 आश्रितों को अनुकम्पात्मक आधार पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रुप में विभिन्न पदों पर नियुक्ति प्रदान की है। सभी को अपने पदस्थापित स्थान पर आदेश जारी होने की तिथि से एक माह में कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना ने बताया कि निगम के मृतक कर्मचारियों के आश्रितों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुये 6 को वाणिज्यिक सहायक द्वितीय के पद पर एवं 3 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी गई है।

निगम द्वारा मंगलवार 14 जून को जारी आदेश के अनुसार सभी को दो वर्ष की परीवीक्षाकाल अवधि पर अस्थाई नियुक्ति दी गई है।

# भ्रष्टाचार को अंजाम देने वाले अब ड्रामेबाजी पर उतारू हैं : राठौड़

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राहुल गांधी से पूछताछ पर कांग्रेस के नेता सत्याग्रह का जो ढोंग रच रहे हैं, उससे कांग्रेस व भ्रष्टाचार का बेजोड़ गठबंधन एक बार पुनः प्रदर्शित हो गया है। राठौड़ ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द डोटासरा सहित अन्य नेता राहुल गांधी के मामले को जानबूझकर हाइलाइट कर दिल्ली दरबार में अपनी उपस्थिति को लेकर बेचैन दिख रहे हैं। आपदा को अवसर में बदलकर राज्य के कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं का रातों-रात दिल्ली पहुंचने की कोशिश करना इसका प्रमाण है।

राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2012 में सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर यंग इंडिया लिमिटेड के माध्यम से नेशनल हेराल्ड की मूल कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का गलत तरीके से अधिग्रहण एवं इसकी करीब 2 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति कब्जाने का आरोप लगा था। भ्रष्टाचार को अंजाम देने वाले अब ड्रामेबाजी पर उतारू हैं, इससे बड़ा दुर्भाग्य नहीं हो सकता है। राठौड़ ने कहा कि हिन्दुस्तान की जनता की संपत्ति को अवैध तरीक से गांधी परिवार ने हड़पने की जो साजिश रची थी, अब उसका पर्दाफाश होने के डर से भ्रष्टाचार के समर्थन में कांग्रेस सड़क पर उतर आई है। इसके साथ ही गांधी परिवार के चापलूसी नेता इस मामले को अनावश्यक रूप से तूल देकर राहुल गांधी को रीलॉन्च करने की कोशिश कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय देश में आर्थिक अपराधों पर नकेल कसने वाली संस्था है जिस पर बेजा दबाव बनाने की कोशिश गांधी परिवार के इशारे पर की जा रही है। अगर राहुल गांधी ने कोई अपराध नहीं किया है तो वह ईडी के सवालों का जवाब देने से कतरा क्यों रहे हैं? ईडी के समक्ष पेश होने से पहले कांग्रेस नेताओं का बेवजह का तमाशा करना साफ स्पष्ट कर रहा है कि "चोर की ढाढी में तिनका।"

## अवैध खनन गतिविधियों पर रोक की नीति पर चलेगा विभाग : सुबोध अग्रवाल

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य में राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियम और मानक संचालन प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं पीएचईडी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार ने इसके लिए निदेशक माइंस की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है जिसे जल्दी ही अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसीएस माइंस डा. सुबोध अग्रवाल मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से माइंस विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में प्रदेश को अग्रगामी प्रदेश बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने निवेशोन्मुखी, रोजगारपरक, अधिक राजस्व संग्रहण करने वाले सरलीकृत नियम बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं और उसी का परिणाम है कि इसी माह प्रदेश में जिप्सम मिनरल के डीलर्स के पंजीयन और ईटीपी प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# सभी जिलों में जल्द स्थापित होंगे साइबर पुलिस स्टेशन

**जयपुर**, (का.सं.)। साइबर अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं आमजन को साइबर खतरों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में साइबर पुलिस स्टेशन की स्थापना शीघ्र की जाएगी, इस दिशा में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गृह विभाग ने इन थानों के लिए आवश्यक मानवीय संसाधन एवं उपकरणों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है।

जयपुर में पहले से ही साइबर थाना कार्यरत है। शेष 32 राजस्व जिलों के लिए राज्य सरकार ने प्रति थाना 15 नए पदों के अनुसार कुल 480 नए पदों के सृजन की मंजूरी प्रदान की है। प्रत्येक थाने में उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, कांस्टेबल चालक, सूचना सहायक एवं प्रोग्रामर/डाटा एनालिस्ट का एक-एक पद, पुलिस उप निरीक्षक के 3 पद, हैड कांस्टेबल के 2 पद तथा कानिस्टेबल के 5 पद स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही इन नए थानों के लिए आवश्यक विभिन्न संसाधनों एवं उपकरणों के लिए करीब 2 करोड़ 47 लाख रूपए की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की है। इन थानों के संचालन के लिए गाइडलाइन भी तैयार कर ली गई है।

- 480 पदों के सृजन को मंजूरी

## रक्तदान से बड़ा पुनीत कोई कार्य नहीं है : परसादी लाल मीणा

**जयपुर**। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य भवन में आयोजित रक्तदाताओं एवं स्वयसेवी संस्थाओं के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि रक्त की कोई कीमत नहीं होती है। रक्तदान से किसी का जीवन बचता है, इससे बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि नौजवान और संस्थाएं बधाई के पात्र है जो रक्तदान की दिशा में लगातार आगे आ रहे हैं। शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग डॉ. पृथ्वी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि प्रदेश के हर कोने से लोग रक्तदान के लिए सम्मानित हुए हैं।

# किसानों के लिए खाद एवं बीज की व्यवस्था करें : लाल चंद कटारिया

**जयपुर**, (का.सं.)। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने राज्य के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में मानसून आगमन का समय समीप है। इसको देखते हुए किसानों के लिए खाद एवं बीज की तुरन्त व्यवस्था कर उनका वितरण करना सुनिश्चित करें। कटारिया मंगलवार को कृषि आयुक्तालय में खरीफ वर्ष 2022 की आदान व्यवस्था एवं वर्ष 2022-23 की बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में राज्य के सभी जिलों से कृषि अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से भाग लिया।

- 'निःशुल्क बीज मिनिकिट्स का हो तुरन्त वितरण'

वीडियो कॉन्फ्रेन्स में कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्पष्ट कर दिया है कि काश्तकारों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं में किसी प्रकार की कोताही या अनियमितता बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि खरीफ की बुआई शीघ्र होने वाली है,कई जिलों में अच्छी बारिश भी हो गई है। सभी किसान मानसून आते ही एक साथ काम पर लग जायेंगे। ऐसे में उन्हें मिलने वाले बीज एवं खाद की व्यवस्था जल्द से जल्द कर ली जाये। कटारिया ने कहा कि किसान कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार होना चाहिए और छोटे किसानों को इन योजनाओं का लाभ अवश्य मिलना चाहिए।

कृषि मंत्री ने किसानों को मिलने वाले निःशुल्क बीज मिनिकिट्स के तुरन्त वितरण के निर्देश देते हुए कहा कि समय पर किसानों को बीज उपलब्ध होंगे तभी उनको सही मायने में फायदा मिल सकेगा। उन्होंने खेतों की तारबंदी का टारगेट समय पर पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को अनुदान पर मिलने वाले कृषि उपकरणों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। खेतों में लगे पाईप लाईनों की क्वालिटी बेहतर होना जरूरी है तथा इनकी नियमित जांच की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कि उर्वरकों का आपूर्ति वितरण सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से किया जाये। कृषि मंत्री ने निर्देश दिये कि राज्य में खुल रहे29राजकीय कृषि महाविद्यालयों के लिए जिला कलक्टरों एवं स्थानीय विधायकों से समन्वय कर भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्र करें। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान जल संरक्षण पर काफी जागरूक हो गये हैं और फार्म पौण्ड में विशेष रूचि ले रहे हैं। राज्य में खुले कस्टम हायरिंग केन्द्रों से ट्रेक्टर किराये पर लेकर किसान आधी कीमत पर अपने खेतों में जुताई कर रहे हैं।

## बरनाला एवं तलावड़ा तहसील में क्रमोन्नत


**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सवाई माधोपुर जिले की बरनाला एवं तलावड़ा उप-तहसील को तहसील में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

गहलोत के इस निर्णय से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही राजस्व कार्यों के निस्तारण में सुगमता होगी। क्रमोन्नयन के बाद तहसील बरनाला में 4 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 17 पटवार मण्डल एवं 53 राजस्व ग्राम तथा तलावड़ा में 2 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 8 पटवार मण्डल एवं 33 राजस्व ग्राम शामिल होंगे।

## 60 हजार से अधिक स्कूलों को नल कनेक्शन से जोड़ा

**जयपुर**, (का.सं.)। जल जीवन मिशन में राजस्थान अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। करीब 26 लाख 30 हजार घरों को नल कनेक्शन से जोड़ने के साथ ही प्रदेश में 9 हजार 580 हैल्थ सेंटर्स को नलों के माध्यम से पेयजल कनेक्शन से जोड़ा जा चुका है। संख्या के आधार पर देखें तो हैल्थ सेंटर्स को जल कनेक्शन से जोड़ने में राजस्थान पूरे देश में पहले स्थान पर है। इतना ही नहीं, 86 हजार 217 स्कूलों में से 60 हजार 772 यानी करीब 68 फीसदी स्कूलों को नल के माध्यम से पेयजल मिलने लगा है। स्कूलों को जल कनेक्शन से जोड़ने की संख्या के आधार पर प्रदेश पांचवे स्थान पर है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# हर जिले में बनने वाली लवकुश वाटिका की विस्तृत कार्य योजना 21 तैयार करने के निर्देश

**जयपुर**, (का.सं.)। वन विभाग के प्रमुख शासन सचिव शिखर अग्रवाल की अध्यक्षता मंगलवार को जयपुर स्थित आरण्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वन विभाग की बजट घोषणा एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं समयबद्ध ढंग से बेहतर क्रियान्विति को लेकर समीक्षा बैठक ली।

प्रमुख शासन सचिव ने उप वन संरक्षकों को निर्देशित किया कि ऐसी वनाच्छादित जमीन जो वन विभाग के कब्जे में है, उसका सर्वे एवं जिला प्रशासन से समन्वय कर इस माह के अंत तक वन विभाग के नाम अमल दरामद कराएं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ईको सिस्टम को बढ़ावा देने तथा वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रत्येक जिले में बनने वाली लव-कुश वाटिका की विस्तृत कार्ययोजना 21 तक तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इन वाटिकाओं का निर्माण इस तरह से करें कि यहां आने वाले लोगों को प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा अहसास हो।

उन्होंने 6 जिलों में बनने वाले बॉटनिकल गार्डन की व्यापक कार्ययोजना 15 जुलाई तक बनाने के निर्देश दिए, ताकि शीघ्र ही इनका निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। उन्होंने विधानसभा से संबंधित लम्बित प्रश्न तय समय में निस्तारित करने के निर्देश दिए।



वन विभाग के प्रमुख शासन सचिव शिखर अग्रवाल ने मंगलवार को जयपुर स्थित आरण्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। इस दौरान बैठक में वन बल प्रमुख डॉ.डीएन पाण्डेय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक आरके गोयल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एसके जैन, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक ( वन्य जीव ) अरिन्दम तोमर, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक ( आईटी ) अरिजीत बनर्जी, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक ( केम्पा ) शिखा मेहरा मौजूद थे।


**खोया पाया**

मेरी 10वीं, 12वीं, बी.कॉम नैनीताल यूनिवर्सिटी की ओरिजिनल अंक तालिका कहीं खो गई है मिलने पर सूचित करें सोनिया जोशी (जिज्ञासा बत्रा) पत्नी श्री पुनीत बत्रा, मोबाइल-9784301528

**आम सूचना** दिनांक -15.06.22

मैं अनवर हुसैन ने अपने पुत्र जाहिद हुसैन को जो मेरे कहने- सुनने में नहीं है। अतः मैं उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में कोई व्यक्ति, संस्था, बैंक मेरे पुत्र से कोई संव्यवहार करता है तों उसकी कोई भी जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। सूचितरहें।

अनवर हुसैन
R-36, राणा कॉलोनी, नाहरी का नाका, जयपुर

**NAME CHANGE**

I Radheshyam S/o Rampal R/o Balram Verma House Ke Pass, Ward No.-25, Suratgarh, Gagannagar, Rajasthan-335804, have changed my name to Rudra Verma

**तिलक ज्ञानपीठ उच्च प्राथमिक स्कूल**
रामनगर कॉलोनी जयपुर रोड मालपुरा जिला टोंक

**आवश्यकता**

कक्षा एल.के.जी. से आठवीं तक सभी विषयों हेतु प्रशिक्षित एवं अनुभवी अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं अशैक्षिणिक पदों हेतू चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, ड्राईवर की आवश्यकता है। साक्षात्कार दिनांक 27.06.2022, स्थान- तिलक ज्ञानपीठ उच्च प्राथमिक स्कूल रामनगर कॉलोनी जयपुर रोड मालपुरा। संपर्क सूत्र - 982972145, 9413153953

**आम सूचना** Date:13.06.2022

हर आम व खास एवं सर्वसाधारण को इस विज्ञप्ति द्वारा सूचित किया जाता है कि- मेरे अभिभाष्य निजामुद्दीन मंसूरी पुत्र महमूद खान मूल निवासी-पिनारों का मौहल्ला, नगीना मस्जिद के पीछे, आमेर, जयपुर राजस्थान, भारत हाल-18817, स्ट्रीट नरोचेल, एवेन्यु सेरीटोस, कैलीफोरनिया, USA का प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं तथा मेरे अभिभाष्य का देश विदेशों में जवाहरात का कारोबार है एवं मेरे अभिभाष्य की जायदात/सम्पत्तिया देश विदेशो में स्थित है और मेरे अभिभाष्य के पुत्र युसूफ मंसूरी के गलत संगत में पडने से उसे बुरी आदतें लग गई है, इसलिये अब मेरा अभिभाष्य निजामुद्दीन मंसूरी अपने पुत्र युसूफ मंसूरी को आज से अपनी जायदात/सम्पत्ति से पूर्णतः बेदखल करता है। इसलिये भविष्य में युसूफ मंसूरी द्वारा किसी भी आम व खास के साथ किये जाने वाले हर प्रकार के लेन देन व कृत्य की जिम्मदारी स्वयं युसूफ मंसूरी की व्यक्तिगत होगी। मेरे अभिभाष्य का अब युसूफ मंसूरी से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है। हर आम व खास सूचित रहे। अशोक कुमार जाट, एडवोकेट
पंवार मंजिल, पुलिस स्टेशन के सामने, आमेर, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 23/22
विषय- सुनिता रिझवानी/हर आम खास
नाम प्रार्थी सुनिता रिझवानी पत्नि राम रिझवानी जाति सिंधी विवाद स्थान 14/201 मालवीय नगर
मृतक राम रिझवानी की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 22.07.22
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम राम रिझवानी पुत्र नारायण दास रिझवानी जाति सिंधी निवासी 14/201, मालवीय नगर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 22 माह 07 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 24 माह 05 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
शरिस्तेदारअपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम, मुख्यालय सांगानेर
मोहर

**आम सूचना** सर्व साधारण को जरिये आम सूचना के सूचित किया जाता है कि श्री पवन माहेश्वरी पुत्र श्री सत्यनारायण माहेश्वरी निवासी प्लाट नम्बर 31बी, राजहंस कॉलोनी, स्कीम नम्बर 3, ब्रह्मपुरी, जयपुर व श्रीमती मनीषा मंत्री धर्मपत्नी श्री हेमन्त मंत्री महाजन निवासी प्लाट संख्या 286, विद्युत नगर ए. प्रिंस रोड, अजमेर रोड, जयपुर के स्वामित्व व आधिपत्य की क्रयशुदा सम्पत्ति ऑफिस संख्या 107, फर्स्ट फ्लोर, मैट्रो पॉलिस टावर, योजना प्रेम नगर, अजमेर रोड जयपुर राजस्थान में स्थित है जिसका कुल ऐरिया 397.50 वर्गफीट है। उक्त सम्पत्ति मेरी अभिभाष्या पूर्वा गुप्ता पुत्री डॉ. राजकुमार गुप्ता निवासी प्लाट नम्बर 55, हनुमान वाटिका द्वितीय, टैगोर नगर, अजमेर रोड, जयपुर के द्वारा उक्त दोनों से क्रय करने का सौदा तय कर क्रय किया जा रहा है। इस सम्पत्ति के सम्बन्ध में जो कोई अपना हित या आपत्ति रखता है तो इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में मुझ सूचनाकर्ता से संपर्क कर अवगत करवाकर निराकरण करवा सकता है उसके बाद कोई आपत्ति वैधानिक नहीं समझी जावेगी तथा समस्त आपत्ति के अधिकार निरस्त समझे जावेंगे व मेरे द्वारा मेरे पक्ष में नियमानुसार विक्रय पत्र पंजीयन करवा लिया जावेगा।
रमेश चन्द पारीक, एडवोकेट मो. 9414518146

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती मानसी श्रीवास्तव पत्नी श्री आर्येश कुमार 5325, Lofton Ct. Mason Ohio USA के निवासी है। उनके पिता स्वर्गीय श्री ओमेश बिहारी श्रीवास्तव के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति में फ्लेट नं. 403 एवं फ्लेट नं. 404 जो कि फोर्थ फ्लोर, पार्क सरोज, प्लाट नं. आर.नं.-7 युधिष्ठिर मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर में स्थित है। उक्त सम्पत्ति में मेरे अभिभाष्य का हिस्सा/स्वामित्व निहित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के द्वारा कोई क्रय-विक्रय एवं अन्य संव्यवहार किया जाता है तो वह शून्य एवं निष्प्रभावी होगा। अतः सूचित रहे।
जयपुर (अनिल कुमार शर्मा) एडवोकेट
दिनांक- 14.06.2022 मो.-9414073871



# अलवर शहर में बढ़ती पानी की किल्लत को लेकर विधायक धरने पर बैठे

## रूपारेल नदी का पानी जयसंमध बांध में लाने के लिए नटनी का बारां वीयर पर दे रहे धरना

**अलवर,** (निसं.)। नटनी का बारां वीयर से निकलने वाली रूपरेल नदी के जरिये 60 फीसदी वर्षा का पानी व्यर्थ बह जाता है। इसकी वजह से अलवर की लाइफ लाइन माने जाना वाला जयसमंद बांध कई सालों से नहीं भर पाया है। जयसमंद बांध में पानी भरने व अलवर शहर व आसपास का भूजल स्तर बढ़ता है और पानी की समस्या में कमी आती है। इसके लिए रूपारेल नदी का पानी जयसंमध बांध में लाने के लिए शहर विधायक संजय शर्मा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नटनी का बारां वीयर पर मंगलवार सुबह 9:30 बजे धरने पर बैठे गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस दौरान सरकार व प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान न देने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।



**पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे शहर विधायक संजय शर्मा।**

विधायक संजय शर्मा के साथ धरने पर पूर्व विधायक जयराम जाटव, पूर्व प्रदेश मंत्री सुरेश यादव, सभापति घनश्याम गुर्जर, जिला पदाधिकारी अशोक गुप्ता, जितेंद्र राठौर, राजेंद्र कसाना, दीपक पंडित, दिनेश गुप्ता, सुरेश मेहता, सुभाष दायमा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सैनी, मनोज चौहान, रवि यादव, हरीश अरोडा, विकास शर्मा, राकेश यादव, अजय सोनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक संजय शर्मा ने कहा कि नटनी के बारां से वर्षा के पानी का बंटवारा होता है। रूपारेल नदी के जल के असमान वितरण के कारण जयसमंद बांध विगत कई वर्षों से भर नहीं पाता है एवं अत्यधिक व्यर्थ जल बह कर भरतपुर पहुंच जाता है। जबकि भरतपुर के आमजन हेतु जलापूर्ति चंबल नदी योजना से हो रही है। वर्तमान में वहां जल अभाव जैसी कोई समस्या नहीं है। ऐसे में यह अलवर का अधिकार है की रूपारेल का संपूर्ण जल अलवर को मिले। जिससे जयसमंद बांध अपनी पूर्ण क्षमता से भरे एवं यहां के भूजल स्तर में वृद्धि हो, आसपास के क्षेत्रो में समृद्धि हो।

# चूरू: ढाणा की रोही में राज्यवृक्ष खेजड़ी के 70 पेड़ काटे

## पुलिस पर कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाया

**चूरू,** (कासं)। चूरू जिले के सिधमुख थाना क्षेत्र के गांव ढाणा की रोही में रात को जेसीबी से खेजड़ी के 70 पेड़ काट डाले। खेत के मालिक मदनलाल शर्मा द्वारा पुलिस को रिपोर्ट देने के बाद भी पुलिस की आंखें नहीं खुलने का आरोप लगाया है। ढाणा निवासी मदनलाल शर्मा ने बताया कि उसके भाई राधेश्याम और वेद प्रकाश ने मिलकर रात को जेसीबी से उसके खेत में खड़े खेजड़ी के 70 पेड़ काट दिए। उन्होंने बताया कि वेद प्रकाश ने काटे हुए पेड़ों की एक पिकअप भरकर सिवानी आरा में भेज दी है। शेष कटे पेड़ खेत में ही पड़े हैं।

मदनलाल शर्मा ने बताया कि सिधमुख थाना में लिखित में रिपोर्ट देने के बाद भी अभी तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची है। वह सवेरे से ही थाने में बैठा गुहार लगा रहा है। इस संबंध में पटवारी जितेंद्र चारण ने बताया कि उन्हें तहसीलदार ने सूचना दी है। पटवारी ने अभी मौके पर जाने की बात कही है। इस संबंध में सिधमुख थाना पुलिस का कहना है कि यह चार भाइयों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद का मामला है। पिछले दिनों आंधी में कोई जंटिया गिर गया था। एक भाई राज्य पेड़ खेजड़ी काटने का कह रहा है।

दूसरे भाई कह रहे हैं कि यह जमीन उनके हिस्से की है। एक खेत में 70 खेजड़ी होना भी संदेह के घेरे में है। सिधमुख थाना के अनुसार पुलिस की टीम मौके पर भेज दी है। इस संबंध में उपवन संरक्षक सविता दईया का कहना है कि सरकार ने वन भूमि के अलावा कहीं पेड़ कटें तो उन पर कार्यवाही करने अधिकारी उन्हें नहीं दिया है। दईया ने कहा कि उन्हें कोई सूचना भी नहीं मिली है। सूचना मिलती तो पटवारी और तहसीलदार को भिजवाते।


**चूरू जिले के सिधमुख थाना क्षेत्र के गांव ढाणा की रोही में रात को जेसीबी से खेजड़ी के 70 पेड़ काट डाले।**

# सहायक आचार्य परीक्षा: शेष तीन विषयों की मॉडल उत्तर कुंजियां वेबसाइट पर जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) संवीक्षा परीक्षा-2021के विभिन्न विषयों में से शेष 3 विषयों की मॉडल उत्तर कुंजियाँ भी वेबसाइट पर जारी कर दी गयी हैं। इससे पूर्व 10 जून 2022 को आयोग द्वारा अन्य 11 विषयों की उत्तर कुंजिया भी जारी की जा चुकी है। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि की मॉडल उत्तरकुंजियाँ आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गयी हैं। यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तरकुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 15 जून से 17 जून 2022 को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही करनी होंगी प्रविष्टियां - संयुक्त सचिव गुप्ता द्वारा बताया गया कि आपत्तियाँ आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। इस परीक्षा के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# औषधि व सहायक औषधि नियंत्रक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निस)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर उदयपुर इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुए परिवादी से 22 हजार रुपये रिश्वत लेते सहायक औषधि नियंत्रक चैतन्य प्रकाश पंवार, औषधि नियंत्रक धीरज शर्मा व दलाल को गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के महानिदेशक भगवानलाल सोनी ने बताया कि एसीबी की उदयपुर ईकाई को परिवादी ने शिकायत देते हुए बताया कि उसकी मेडिकल की दुकान पर सहायक औषधि नियंत्रक चैतन्य प्रकाश पंवार, औषधि नियंत्रक धीरज शर्मा द्वारा आकर दवाइयों का लेखा-जोखा मांग नारकोटिक्स का केस दर्ज करने की धमकी देकर एक लाख रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

इस पर एसीबी उदयपुर के उपमहानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार के निर्देशन में एसीबी उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन करवा कर मंगलवार को ब्यरो के पुलिस निरीक्षक हरिशचंद्र सिंह एवं उनकी टीम ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए सहायक औषधि नियंत्रक उदयपुर चैतन्य प्रकाश पंवार, औषधि नियंत्रक उदयपुर धीरज शर्मा के कहने पर रिश्वत राशि को दलाल गांधी चौक सराड़ा निवासी अंकित जैन पुत्र इन्दरलाल जैन की मेडिकल शॉप ब्रिटिश फार्मा मधुवन उदयपुर पर रखवाने पर दलाल अंकित को परिवादी से 22 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

आरोपी सहायक औषधी नियंत्रक जटियों काबास, बिलाडा जोधपुर हॉल गली नं. 2 धूलकोट चौराहे के पास निवासी चैतन्य प्रकाश पंवार, जैन गली जैन मंदिर के पास बयाना भरतपुर हॉल औषधिक नियंत्रक अधिकारी, कार्यालय औषधि नियंत्रक अधिकारी गुलाबबाग रोड उदयपुर धीरज शर्मा को भी मौके से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने शिकायत के सत्यापन के दौरान ही परिवादी की दुकान से कलेक्शन में से 8 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे। ब्यूरो की टीम आरोपियों के निवास पर तलाशी कर रही है।

सत्यमेव जयते

राजस्थान-शासन

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौडगढ ( राज. )

रेल्वे स्टेशन रोड, चित्तौडगढ ☎ व 🖷 01472-241587, E-Mail:- deochittor@rajexcise.net

क्रमांक : प.14/ आब./अभि./चित्तौड/2022-23/70 — दिनांक : 14.06.2022

## वाहन रिलीज हेतु अंतिम नोटिस आदेश

राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 के तहत चित्तौड़गढ़ जिले में पुलिस थाना/आबकारी थाना/आबकारी वृत्त कार्यालयों द्वारा दर्ज अभियोगों में अवैध मदिरा के परिवहन में काम में लिये गये वाहनों को जब्त किया गया है। आबकारी अधिनियम के अनुसार अवैध मदिरा के परिवहन में प्रयुक्त वाहन का अधिहरण (Confiscation) किया जा सकता है। राजस्थान आबकारी अधिनियम की धारा 69(4) के प्रावधानों के अनुसार ऐसे वाहनों के अधिहरण (Confiscation) से पूर्व जुर्माना राशि (जो कि वाहन के बाजार मूल्य तक हो सकती है) अदा करने का आदेश जारी किया जा सकता है तथापि ऐसा करने से पूर्व वाहन स्वामी को सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाना आवश्यक होता है। चित्तौड़गढ़ जिले में निम्नलिखित आबकारी अभियोगों में जो वाहन जप्त किये गये, निम्नांकित वाहनों के पंजीकृत वाहन स्वामियों अथवा वित्तीय संस्थाऐ जो वाहन के (Hypothecation) आधार पर स्वामित्व का हित रखते हो अथवा अन्य कोई भी हितबद्ध व्यक्ति द्वारा वाहन को छुडवाने हेतु सक्षम अधिकारियों को आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया है। कुछ स्वामियों के नाम पते अज्ञात है। जिनकी सूची निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | अभियोग संख्या व दिनांक | पुलिस थाना/ आबकारी थाना/ आबकारी वृत्त | वाहन का प्रकार व मॉडल वर्ष | वाहन रजिस्ट्रेशन नं./ ईजन नं./ चेचिस नं. | कार्यालय एवं अधिकारी का नाम जहां दिनांक 30.06. 2022 तक वाहन छुडवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | भारी मोटर वाहन (HMV) | | |
| 1 | 332/2017 दिनांक 24-12-2017 | पुलिस थाना सदर चित्तौड़गढ़ | ट्रक टाटा कंपनी | RJ-05-GB-0880 ई.न. MAT448022DAP09684 चे.न. 31L84135 | आबकारी आयुक्त राजस्थान, उदयपुर |
| 2 | 150/ 2017 दिनांक 27-11-2017 | पुलिस थाना बस्सी | टाटा ट्रक | RJ-35-GA-1270 ई.न. 40B62318395 चे.न. 426021GB2107127 | आबकारी आयुक्त राजस्थान, उदयपुर |
| 3 | 13/2018 दिनांक 12-01-2018 | पुलिस थाना गंगरार | ट्रक | HR-39-A-7493 ई.न. - चे.न. 444026DSZ114990 | आबकारी आयुक्त राजस्थान, उदयपुर |
| 4 | 226/2018 दिनांक 21-07-2018 | पुलिस थाना सदर निम्बाहेड़ा | कन्टेनर | RJ-18-GB-4494 ई.न. HAF7421241 चे.न. MB1AXGCDIHRAP8072 | आबकारी आयुक्त राजस्थान, उदयपुर |
| 5 | 21/2019 दिनांक 09-02-2019 | पुलिस थाना शम्भूपुरा | ट्रक अशोक लीलैण्ड कंपनी | RJ-09-GA-9274 ई.न. DAH2103947 चे.न. MBLAWJFCDRAH4063 | आबकारी आयुक्त राजस्थान, उदयपुर |
| 6 | 83/2019 दिनांक 05-07-2019 | पुलिस थाना पारसोली | टाटा मिनि ट्रक 709/38 | RJ-08-GA-4239 ई.न. - 497TC84GXZ883073 चे.न. 386122GXZ811127 | आबकारी आयुक्त राजस्थान, उदयपुर |
| 7 | 29/2020 दिनांक 05-02-2020 | पुलिस थाना बेगू | टाटा कंपनी का ट्रक | RJ-14-GF-2747 ई.न. स्पष्ट नही चे.न. MAT448602H5D05991 | आबकारी आयुक्त राजस्थान, उदयपुर |
| 8 | 82/2021 दिनांक 16-03-2021 | पुलिस थाना सदर चित्तौड़गढ़ | ट्रक एक पुराना भारत बैंज 1014 | UP15-ET-1554 ई.न. MECO443AJJPO32197 चे.न. 400923P000906 | आबकारी आयुक्त राजस्थान, उदयपुर |
| 9 | 24/2022 दिनांक 14-01-2022 | पुलिस थाना सदर चित्तौड़गढ़ | ट्रक टाटा कंपनी | GJ-25-T-9897 ई.न. 68TAA50011D62868656 चे.न. MAT466401A210049 | आबकारी आयुक्त राजस्थान, उदयपुर |
| | | | हल्के मोटर वाहन (LMV) | | |
| 1 | 87/ 2013 दिनांक 20-12-2013 | पुलिस थाना भूपालसागर | पेजोरो कार | बिना नंबरी ई.न. जलने से स्पष्ट नहीं चे.न. MA702Y46W7A002094 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 2 | 249/2016 दिनांक 11-09-2016 | पुलिस थाना गंगरार | पिकअप | RJ27-GB-8664 ई.न. JEB4E24718 चे.न. MA1YEZREKB6E84880 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 3 | 73/2017 दिनांक 18-05-2017 | पुलिस थाना बस्सी | टाटा 407 पिकअप | RJ25-GA-0885 ई.न. 639468 चे.न. 38043 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 4 | 266/ 2017 दिनांक 23-09-2017 | पुलिस थाना चन्देरिया | कार टाटा नैनो | RJ-09-CA-6289 ई.न. MAT612202AKG14691 चे.न. 273MPF103GZYK20289 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 5 | 68/2018 दिनांक 16-05-2018 | पुलिस थाना मंगलवाड | टेम्पो | RJ-09-GA-7767 ई.न. PCH027486P चे.न MB1AA22E1CRP26710 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 6 | 254/ 2018 दिनांक 24-10-2018 | पुलिस थाना रावतभाटा | मारूति वेन | RJ-14-UA-4166 ई.न. - चे.न. - | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 7 | 110/ 2019 दिनांक 10-08-2019 | पुलिस थाना पारसोली | टैम्पो | RJ-09-GC-1748 ई.न. - 275IDI07BRYS21233 चे.न. - MT445553JZB09141 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 8 | 517/2019 दिनांक 2019 | पुलिस थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़ | जीप महिन्द्रा | RNW-4590 ई.न. DJ00316 चे.न. CJ500D4DJ0031 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 9′ | 106/2020 दिनांक 20-11-2020 | पुलिस थाना भूपालसागर | सेन्ट्रो कार | RJ-19-CB-6305 ई.न. - चे.न. - | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 10 | 91/2020 दिनांक 12-04-2020 | पुलिस थाना सदर निम्बाहेडा | अल्टो कार | RJ-09-CB-4027 ई.न. - F8DN5552188 चे.न. - MA3EUA61S0077924 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 11 | 25/2020 दिनांक 12-02-2020 | पुलिस थाना रावतभाटा | पिकअप | RJ-20-G-7504 ई.न. - 497SP27AUZ804010 चे.न. - 374435AU2902880 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 12 | 437/ 2021 दिनांक 05-11-2021 | पुलिस थाना सदर निम्बाहेड़ा | औमनी मारूति वेन | RJ-27-UA-1203 ई.न. -F8BIN3555577 चे.न. -MA3EVB11S00747398 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 13 | 55/ 2022 दिनांक 05-03-2022 | पुलिस थाना चन्देरिया | कार क्रेटा | RJ-05-CC-6161 ई.न. -MALC281RLJM417822 चे.न. -D4FCJM600967 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 14 | 69/ 2022 दिनांक 28-11-2022 | पुलिस थाना विजयपुर | मारूति वेन | RJ-09-UA-6280 ई.न. - F8BIN4815462 चे.न. - MA3EVB11SO1612316 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| 15 | 75/ 2022 दिनांक 19-03-2022 | पुलिस थाना रावतभाटा | जीप महिन्द्रा | RJ-06-C-2912 ई.न. -DU175376 चे.न. -DU175376 | अतिरिक्त आयुक्त, आबकारी जोन, उदयपुर |
| | | | दुपहिया वाहन (Two Whiler) | | |
| 1 | 44/ 2015 दिनांक 27-02-2015 | पुलिस थाना गंगरार | मोटर साईकिल हिरो | बिना नंबरी ई.न. –स्पष्ट नही चे.न. –स्पष्ट नही | जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ |
| 2 | 281/ 2017 दिनांक 17-11-2017 | पुलिस थाना रावतभाटा | मोटर साईकिल बजाज प्लेटिना | RJ-20-SA-0341 ई.न. DUMBRC21273 चे.न. MDZDDDZZRWC08915 | जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ |
| 3 | 22/ 2018 दिनांक 21-05-2018 | पुलिस थाना कनेरा | मोटर साईकिल हिरो होण्डा पेशन प्रो | RJ-09-SJ-5275 ई.न. HA10EDBGA04022 चे.न. MBLHA10EWBGA27750 | जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ |
| 4 | 61/ 2018 दिनांक 29-03-2018 | पुलिस थाना रावतभाटा | मोटर साईकिल बजाज प्लेटिना | बिना नंबरी ई.न. DZUBTH28945 चे.न. MDZDDZZZTPH24059 | जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ |
| 5 | 93/ 2019 दिनांक 04-06-2019 | पुलिस थाना शम्भूपुरा | एक्टीवा स्कूटी | RJ-09-DS-5777 ई.न. JF50E75417243 चे.न. ME4JF507LH7417198 | जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ |
| 6 | 27/ 2019 दिनांक 19-03-2019 | पुलिस थाना बस्सी | मोटर साईकिल बजाज सीटी 100 | RJ-09-SX-5669 ई.न. DUZEFG63136 चे.न. MD2A1BAZ6FPG13007 | जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ |
| 7 | 312/2019 दिनांक 07-11-2019 | पुलिस थाना गंगरार | मोटर साईकिल हीरो होण्डा सीडी 100 | बिना नंबरी ई.न. स्पष्ट नही चे.न स्पष्ट नही | जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ |
| 8 | 184/2020 दिनांक 20-04-2020 | पुलिस थाना कोतवाली निम्बाहेडा | मोटर साईकिल हिरो होण्डा सीडी डॉन | RJ-09-SA-1943 ई.न. 05E27E3082 चे.न. 05E2302381 | जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ |
| 9 | 91/2020 दिनांक 07-05-2020 | पुलिस थाना बडीसादडी | मोटर साईकिल हिरो होण्डा स्पेलेण्डर प्लस | RJ-27-M-0143 ई.न. 04M15E43520 चे.न. 04M16F43089 | जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ |
| 10 | 212/2020 दिनांक | पुलिस थाना कोतवाली चितौड़गढ़ | स्कुटी हिरो मेस्ट्रो | RJ-09-AS-3129 ई.न. JF33AAG4J14529 चे.न. MBLJF33AAG4J14737 | जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़ |

अत: सर्व साधारण को इस आम सूचना के तहत सूचित किया जाता है कि चित्तौड़गढ़ जिले में आबकारी अभियोगों में जप्त निम्नलिखित वाहनों के पंजीकृत स्वामी अथवा ऐसी वित्तीय संस्थाऐ (Hypothecation) के आधार पर स्वामित्व रखती हो अथवा वाहन से संबंधित अन्य कोई भी हितबद्ध व्यक्ति वाहन के संबंध में अपना पक्ष रखना चाहता है, छुडवाना चाहता है तो वह दिनांक 30.06.2022 तक कॉलम संख्या छ: में वर्णित कार्यालय एवं अधिकारी के समक्ष वाहन के स्वामित्व बाबत् पूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा दिनांक 30.06.2022 के पश्चात् एक पक्षिय निर्णय लिया जाकर वाहन को राजसात (Confiscation) किया जा कर जप्त वाहनों की निलामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। अत: संबंधित सूचित रहें। उक्त संदर्भ में इस कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

( मुकेश देवपुरा )
जिला आबकारी अधिकारी, चित्तौड़गढ़

# हाऊसिंग बोर्ड की ''एनआरआई स्काई पार्क'' स्कीम को रेरा में चुनौती, राज आंगन सोसायटी ने इसे सुविधा क्षेत्र बताया

## प्रताप नगर के सेक्टर-24 में कुंभा मार्ग पर इस योजना में बनने हैं करोड़ों की कीमत वाले 166 लग्जरी फ्लैट्स

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रताप नगर सेक्टर-24 में हाऊसिंग बोर्ड की 166 फ्लैट्स वाली सबसे महंगी स्कीम 'एनआरआई स्काई पार्क' को रेरा में चुनौती दी गई है। स्थानीय राज आंगन सोसायटी के अध्यक्ष शशि भार्गव और महासचिव संजय हरपावत का दावा है कि उनके प्रोजेक्ट की सुविधा क्षेत्र की जमीन पर हाऊसिंग बोर्ड यह स्कीम ला रहा है। दूसरी तरफ उप आवासन आयुक्त के.सी.ढ़ाका ने इसे बोर्ड की कॉमर्शियल जमीन बताया है, उनका कहना है कि राज आंगन स्कीम को हमने पर्याप्त सुविधाएं दे रखी हैं, इस जमीन पर उनका कोई हक नहीं।




**एनआरआई स्काई पार्क योजना के विरोध में मंगलवार को राज आंगन सोसायटी के लोगों ने विरोध-प्रदर्शन कर हाऊसिंग बोर्ड को भूमाफिया बताया।**

- **प्रस्तावित फ्लैट्स की जमीन पर सुविधा क्षेत्र विकसित करके हाउसिंग बोर्ड को राजआंगन सोसायटी के सुपुर्द करना था, लेकिन अब विभाग मुकर रहा : शशि भार्गव**
- **राज आंगन स्कीम के लोगों को सड़क, स्ट्रीट लाइट, सेन्ट्रल पार्क, चिल्ड्रन पार्क, क्लब, पीएचइडी कैम्पस, बीसलपुर से पेयजल आपूर्ति, सेन्ट्रल पार्क के लिये एसटीपी से पानी, छोटी दुकानें, कचरा संग्रहण स्थल, सोसायटी कार्यालय, स्कूल, सांस्थानिक उपयोग के लिये भूमि दे रखी है : के.सी.ढाका**

राजआंगन सोसायटी के अध्यक्ष शशि भार्गव और महासचिव संजय हरपावत ने हाऊसिंग बोर्ड को भूमाफिया बताते हुए मंगलवार को प्रस्तावित प्रोजेक्ट की जमीन पर नारेबाजी कर विरोध भी जताया। उन्होंने पत्रकारों से रूबरू होकर कहा कि जिस जमीन पर 166 फ्लैट्स बनाने की बात है, वह सुविधा क्षेत्र की जमीन है। इस जमीन पर फैसेलिटी एरिया डवलप करके हाउसिंग बोर्ड को राजआंगन सोसायटी के सुपुर्द करना था, लेकिन सुविधाएं विकसित करने के बजाए यहां अब बोर्ड प्रशासन फ्लैट्स की स्कीम लाकर अपने वादे से मुकर रहा है। सोसायटी ने रेरा ऑथोरिटी में भी इस प्रोजेक्ट को लेकर आपत्ति जताई है। साथ ही समाचार पत्रों में आम सूचना प्रकाशित करके उन लोगों को सचेत किया है, जो इस योजना में फ्लैट लेने के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि आवासन मण्डल अफसरों ने उच्चाधिकारी और यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल को गुमराह किया है। इसलिए जल्द ही वे नगरीय विकास मंत्री और मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे। जरूरत हुई तो कानूनी प्रक्रिया भी अपनाएंगे। सोसायटी ने आरोप लगाया है कि मण्डल जो बहुमंजिला आवासीय प्रोजेक्ट बना रहा है, उनके फ्लैटधारकों को एनआरआई कॉलोनी के क्लब आउस में सदस्यता देना भी प्लान कर रहा है।

ज्ञात रहे कि कुछ दिन पहले ही नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने हाउसिंग बोर्ड की इस स्कीम को लांच किया था। इस योजना में 3 अलग-अलग साइज में 168 मल्टीस्टोरी फ्लैट्स बनाए जाएंगे, जिनकी कीमत 1.23 करोड़ रुपए से 2.60 करोड़ रुपए रखी गई है। कुम्भा मार्ग सेक्टर-24 में बनाई जा रही ये स्कीम एनआरआई कॉलोनी लगती 16235 वर्गमीटर जमीन पर बनाया जाना प्रस्तावित है।

दूसरी तरफ उप आवासन आयुक्त वृत्त प्रथम के. सी. ढाका का कहना है कि राज आंगन स्कीम के लोगों को पर्याप्त सुविधा दे रखीं है। इसमें सड़क, स्ट्रीट लाइट, सेन्ट्रल पार्क, चिल्ड्रन पार्क, क्लब, पीएचइडी कैम्पस, बीसलपुर से पेयजल आपूर्ति, सेन्ट्रल पार्क के लिये एसटीपी से पानी, रोजमर्रा की जरूरतों के लिये छोटी दुकानें, कचरा संग्रहण स्थल, सोसायटी कार्यालय, स्कूल, सांस्थानिक उपयोग के लिये भूमि समेत सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं शामिल है। ऐसे में इस स्कीम के लोगों का फ्लैट्स की भूमि पर कोई हक नहीं है। एनआरआई स्काई पार्क योजना में जो फ्लैट्स बनेंगे, वे राज आंगन स्कीम से अलग होंगे। इन फ्लैट्स में जो लोग रहेंगे, उन्हें राज आंगन स्कीम पर कोई दखल रखने अथवा वहां अनाधिकृत प्रवेश की इजाजत नहीं होगी। एनआरआई स्काई पार्क के फ्लैट्स में प्रवेश का रास्ता भी कुम्भा मार्ग से ही रहेगा। हाऊसिंग बोर्ड ने स्ववित्त पोषित एनआरआई स्काई पार्क आवासीय योजना को रेरा में भी पंजीकृत करवाया है और 10 जून से 11 जुलाई तक आवेदन लेंगे।

हाउसिंग बोर्ड के चीफ इंजीनीयर के.सी. मीणा के मुताबिक मास्टर प्लान में इस जमीन का लैण्डयूज कॉमर्शियल है। हमने पहले भी इस जमीन को 2 बार नीलाम करने की कोशिश की थी, लेकिन तब इसे किसी ने खरीदा नहीं था। इसलिए अब बोर्ड इस पर आवासीय लग्जरी फ्लैट्स बनाकर बेच रहा है।

# श्रोताओं ने कबीर वाणी और भजनों का आनंद उठाया



**जयपुर**, (का.सं.)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कबीर जयंती के अवसर पर मंगलवार शाम को जवाहर कला केंद्र (जेकेके) के रंगायन सभागार में कबीर वाणी और भजन प्रस्तुति का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गुजरात के कच्छ जिले के ख्याति प्राप्त कलाकार मोरालाला मारवाड़ा और जोधपुर के नवाब खान एंड बैंड द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति मंत्री, डॉ. बी. डी. कल्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में जस्टिस विजय कुमार व्यास और जी एस बापना शामिल हुए। इस दौरान मंत्री डॉ. बी.डी कल्ला ने कबीर के दोहे पढ़कर जीवन में उनके महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में जेकेके की अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशासन) अनुराधा गोगिया भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन संत कबीर के भजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी में आध्यात्मिक एवं मानवीय मूल्यों के प्रति विचारों में जागरुकता पैदा करने के उदेश्य से किया गया था। प्रख्यात भजन गायक मोरालाला मारवाड़ा ने हिये काया में बरतन माटी रो, छोडके मत जाओ ऐकली री बंजारा रे, उलटा बाण गगन में जाऐ लागा, चरखो म्हारो अजब रंगीलो, बंसरी वागी ने हेली सांमरी आदि प्रमुख भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया।

# रिंग रोड भूमि अवाप्ति से प्रभावित किसानों को 8 साल बाद भी मुआवजा मिलने का इंतजार!

## जेडीए में सुनवाई नहीं हुई तो किसान शिकायत लेकर मंत्री धारीवाल के पास पहुंचे

**जयपुर** (कासं)। रिंग रोड परियोजना दक्षिण कॉरिडोर निर्माण को लेकर की गई भूमि अवाप्ति के बदले 25 प्रतिशत मुआवजा देने की मांग को लेकर मंगलवार को पीसीसी में रिंग रोड भूमि अवाप्ति प्रभावित किसानों ने यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल से मुलाकात की। किसानों की पीड़ा से रूबरू होने के बाद यूडीएच मंत्री धारीवाल ने न केवल रिंग रोड अवाप्ति प्रभावित किसानों को भूमि अवाप्ति के बदले 25 फीसदी मुआवजे के रूप में पट्टे देने के लिए कैंप लगाने का आश्वासन दिया, बल्कि मौके पर जेडीसी को फोन कर किसानों की समस्या शीघ्र दूर करने क निर्देश भी दिए।



**पीसीसी की जनसुनवाई में पहुंचे किसान।**

- **मुआवजे में 25 प्रतिशत विकसित भूमि का पट्टे देने की मांग, यूडीएच मंत्री ने अलग से कैंप लगाने का आश्वासन दिया**

अचरावाला ग्राम के रिंग रोड अवाप्त प्रभावित किसान महेश शर्मा ने बताया कि 2014 में जीडीए ने पुलिस बल के जोर पर किसान परिवारों को डरा-धमकाकर पूरे 47 किलोमीटर की भूमि पर कब्जा किया। आपादापी में किए गए इस कृत्य के चलते किसानों के घर और खडी फसलें तक तहस नहस कर दी गई। रिंग रोड दक्षिण कॉरिडोर का निर्माण पूरा हो चुका है, रिंग रोड पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है लेकिन रिंग रोड प्रभावित किसानों को आज तक भी मुआवजा नहीं मिल पाया है। इसके अलावा पूर्व में सरेंडर कर चुके सैकडों किसानों को जेडीए ने आरक्षण पत्र तो जारी कर दिया लेकिन जेडीए की ओर से उन आरक्षण पत्रों पर न्यायालय में रखे चैक की बात नोट के रूप मे लिखा गया। ये किसान आरक्षण पत्रों को लेकर आज तक भी अपनी 25 प्रतिशत भूमि के पट्टे लेने हेतु जेडीए के चक्कर लगा रहे हैं उन्हें आज तक भी पट्टे नहीं दिए गए। करीब 100 किसान परिवार 400 बीघा से ज्यादा भूमि अवाप्ती के बदले 25 प्रतिशत विकसित भूमि मिलने के इंतजार में है। इसके अलावा कुल 47 किलोमीटर रिंग रोड अवाप्ति से प्रभावित किसानो मे से करीब आधे किसान ऐसे हैं जिन्हें आरक्षण पत्र तो मिल गये लेकिन उन्हें आज तक भी 25 प्रतिशत भूमि के पट्टे जारी नहीं हुए। प्रभावित किसान स्थानीय कांग्रेस विधायक गंगादेवी, यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और मुख्यमंत्री से भी मिलकर इस संबंध में अपनी व्यथा उजागर कर चुके हैं, लेकिन प्रोपर संवाद और निर्णय के अभाव में रिंग रोड अवाप्ती प्रभावित किसानों को राहत नहीं मिल सकी है।

किसानों ने बताया कि सरकार ने 1 जून 2022 मे प्रदेश के किसानो को राहत देने के लिए सरेंडर करने संबंधी आदेश जारी किए लेकिन उनमें भी रिंग रोड प्रभावित किसानों को भूमि सरेंडर करने से वंचित कर दिया गया। रिंग रोड अवाप्ति प्रभावित किसानों ने मंत्री धारीवाल से मिलकर हालही में निकाले गए आदेश में संशोधन करते हुए रिंग रोड प्रभावित किसानों को भी भूमि सरेंडर करने का एक मौका देने संबंधी आदेश जारी करने एवं किसानों को दलालों के चुंगल से बचाने के लिए जेडीए में मुआवजा प्रक्रिया संबंधित कामकाज के लिए अलग से शिविर लगाकर किसानों को नियमानुसार 25 प्रतिशत मुआवजा के रूप में पट्टे दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की। इस दौरान किसानो ने जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त से भी मुलाकात की।

# तेज रफ्तार लो फ्लोर बस की टक्कर से युवक की मौत

**जयपुर** (कासं)। सीकर रोड पर विश्वकर्मा इलाके में एक तेज रफ्तार लो-फ्लोर बस ने मंगलवार सुबह बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद लो फ्लोर का चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है घटना के वक्त बस के ब्रेक फेल हो गए थे, हालांकि पुलिस ने उसकी पुष्टि नहीं की है।



**बस के नीचे फंसा युवक का शव**

- **सीकर रोड पर विश्वकर्मा इलाके में सुबह साढ़े 6 बजे हुआ हादसा, बस ड्राईवर फरार**

सड़क दुर्घटना थाने के एएसआई रघुनन्दन ने बताया मृतक श्रीराम (23) पुत्र सुरज्ञानी गांव पाखेड़ी, कोटपूतली का रहने वाला था।

वह यहां सीकर रोड पर अपने मामा के साथ किराए पर कमरा लेकर रहता था। घटनाक्रम के मुताबिक श्रीराम मंगलवार सुबह बाइक से करीब 6:30 बजे सीकर रोड पर सीकेएस हॉस्पिटल के सामने कट से यू-टर्न ले रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार बस ने उसे टक्कर मार दी। वह नीचे गिरा और डिवाइडर से सिर में चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक बस मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। दूसरी तरफ पोस्टमार्टम करवाकर युवक का शव उसके परिजनों के हवाले किया।

## सार-समाचार

### योग प्रशिक्षण ट्रेनिंग का आयोजन



**जयपुर**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से सहायक योग प्रशिक्षक ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन श्री श्री हीलिंग सेंटर, वीएस मेडीहब, निर्माण नगर में 6 जून से 14 जून तक करवाया गया। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने पर प्रतिभागी आयुष मंत्रालय और श्री श्री योगा सर्टिफाइड सहायक योग प्रक्षिशक बनते है। इस प्रोग्राम के माध्यम से आर्ट ऑफ लिविंग का उद्देश्य पूरे भारतवर्ष में योगा टीचर बनाने का है जो अपने जीवन में योग को पूरी तरह से अपना सके और साथ ही साथ अपने आसपास के लोगों को निःशुल्क योग द्वारा बेहतर स्वास्थ्य प्रदान कर सकें इस प्रोग्राम का संचालन जयपुर निवासी आर्ट ऑफ लिविंग के अंतराष्ट्रीय प्रक्षिशक महेश शर्मा व अभिषेक सोती ने किया। आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक अनुराधा सारस्वत और संजय सारस्वत ने इस प्रोग्राम को सम्पूर्ण करवाने में मुख्य भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम से 21 जयपुरवासी सहायक योग प्रक्षिशक बने और उन्होंने शहरवासियों तक योगा प्राणायाम ध्यान पहुंचाने का संकल्प लिया। इस प्रोग्राम में भागीदारों को श्री श्री स्कूल आफ योगा बैंगलोर और आयुष मंत्रालय का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

### विधि विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया

**जयपुर**। राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष खिलाडी लाल बैरवा ने बताया कि राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों के विधि विद्यार्थियों को आयोग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैरवा ने बताया कि विद्यार्थियों की ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप में 19 विधि विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। सचिव, राज्य अनुसूचित जाति आयोग, रतन लाल अटल ने विद्यार्थियों को आयोग की संगठनात्मक संरचना, कार्यप्रणाली, शक्तियों, आयोग द्वारा निस्तारित महत्वपूर्ण परिवादों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### कपड़े-गहने चुराने वाले नकबजन दबोचे

**जयपुर**। प्रतापनगर थाना पुलिस ने दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर चुराया गया एक बैग जिसमें लेडीज कपड़े, सोने का हार (चिक), लक्ष्मी जी की मूर्ति, अंगूठी, दो लेडिज चेन बरामद की है। डीसीपी (ईस्ट) प्रहलाद सिंह कृष्णिया ने बताया कि नकबजन अमन मीणा (21) निवासी डायगा वाली ढाणी, वाटिका सांगानेर और शिवम सैनी उर्फ गोलू (23) निवासी सेक्टर-3, प्रताप नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से झेलम अपार्टमेंट स्थित महिला चित्रा के फ़्लैट से चुराया गया माल बरामद किया गया है। आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया है। इस पूरी कार्रवाई में कांस्टेबल शंकर लाल और बजरंग लाल की अहम् भूमिका रही है।

### नर्सेज ने की ड्रेस कोड बदलने की मांग

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत एवं प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री, मुख्य सचिव और शासन सचिव से ड्रेस कोड बदलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में नर्सिंग कर्मियों की निर्धारित सफेद ड्रेस कोड को ही वार्ड बॉय, वार्ड लेडी, वाहन चालक, ट्रॉली मेन और अन्य कार्मिक द्वारा पहना जा रहा है, जिससे चिकित्सालय एवं चिकित्सा संस्थानों में नर्सिंग कर्मियों द्वारा यूनिफॉर्म पहनने का औचित्य स्वभाविक रूप से उद्देश्यहीन हो गया है। अनेकों बार नर्सिंग संवर्ग को अन्य किसी संवर्ग जैसे वार्ड बॉय, वाहन चालक और अन्य द्वारा अनुचित कार्य करने की स्थिति में जनाक्रोश, विवाद, सम्मान विरुद्ध स्थिति, का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि उनका ड्रेस कोड एम्स की तर्ज पर लागू किया जाए जिससे संवर्ग विभिन्नता, यूनिफॉर्म द्वारा वर्ग पहचान, रोगी एवं रोगी परिजनों के हित में रहेगा।

### मोबाइल लुटेरा गिरफ्तार, 9 फोन बरामद

**जयपुर**। गलता गेट थाना पुलिस ने राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9 मोबाइल बरामद किए हैं। थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लुटेरा मोहम्मद जाहिद (24) निवासी बंजारा बस्ती, रामगंज का रहने वाला है। आरोपित से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### देशी कट्टा लेकर घूमते बदमाश दबोचा

**जयपुर**। राजधानी जयपुर की खोह-नागोरियान पुलिस ने मंगलवार को ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी कट्टा, कारतूस जब्त किया है। थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया गिरफ्तार आरोपित राकेश मीणा (24) गांव पाली थाना महवा जिला दौसा का रहने वाला है, जोकि आगरा रोड पर किसी वारदात की फ़िराक में घूम रहा था। मुखबिर की सूचना पर उसे पकड़कर कब्जे से देशी कट्टा माय कारतूस जब्त किया गया है। आरोपित के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, लूटपाट, मारपीट, आर्म्स एक्ट के 18 मुकदमे दर्ज हैं।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। खोह-नागोरियान इलाके में एक युवती की अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया इलाके निवासी पीड़िता की उम्र 19 साल है। उसके माता-पिता का परिचित जगदीश मीणा का घर पर आना जाना है। आरोप है मई 2021 में जगदीश ने पीड़िता से दुष्कर्म किया और गाजियाबद ले जाकर शादी कर ली। कुछ समय पहले पीड़िता को उसके शादीशुदा होने का पता चला तो विरोध किया। इसके बाद जगदीश ने उसे छोड़ दिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# तंबाकू मुक्त राजस्थान को लेकर वर्ष भर चलेगा अभियान : सोनी

**जयपुर**। प्रदेशभर में तंबाकू मुक्त राजस्थान के लिए 100 दिवसीय अभियान के बाद मंगलवार को होटल आंगन में स्वास्थ्य विभाग,द यूनियन व एसआरकेपीएस के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला आयोजित की गई।

मिशन निदेशक डॉ.जितेन्द्र सोनी ने प्रत्येक जिले से आए प्रतिभागियों से उनके द्वारा तंबाकू नियंत्रण के तहत किऐ गऐं कार्यो का रिव्यू किया। डॉ.सोनी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहां कि हम 100 दिन के अभियान के साथ तंबाकू नियंत्रण के कार्य समाप्त नही हो जाते है इसको निरंतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ जल्द ही यह कार्ययोजना तैयार कर इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ.वी.के माथुर ने समस्त जिला तंबाकू नियत्रंण प्रकोष्ठ द्वारा 100 दिवसीय अभियान के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए प्रतिभागियों से निरंतर इसी जोश के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता धर्मवीर कटेवा ने कहा कि 1985 में तंबाकू के खिलाफ छेडी गई जंग का भविष्य उज्जवल दिखाई दे रहा है और राज्य के हर जिले में तंबाकू के खिलाफ कार्यवाही हर्ष देती है। इस मौके पर स्टेट नोडल अधिकारी डॉ.एस.एन धौलपुरिया और एसआरकेपीएस सचिव राजन चौधरी ने भी अपने विचार सभी के समक्ष रखे।

# उग्र हुए बेरोजगारों पर पुलिस ने लाठियां बरसाईं

**जयपुर** (कासं)। एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर धरने पर बैठे बेरोजगार दूसरे दिन मंगलवार को उग्र हो गए। दोपहर को पीसीसी जनसुनवाई में शामिल होने के लिए बेरोजगारों ने जैसे ही कूच किया तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इससे गुस्साएं बेरोजगार युवाओं की पुलिस से झड़प हो गई। इस पर उग्र भीड़ पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठियां बरसाईं।

शांति से चल रहे धरने पर अचानक उग्र होने से अफरा-तफरी का माहौल फैल गया था। मुख्य सड़क पर चल रहे वाहन चालकों को इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस ने मामला शांत करते हुए ट्रेफिक को सुचारू रखा। लाठीचार्ज में राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव सहित कई लोगों को चोटें आई। पुलिस के आला अफसरों की समझाइश के बाद बेरोजगार शांत हुए। उधर, संगठन के प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री के अधिकारियों से मंगलवार को दो बार वार्ता हुई, जो विफल हो गई। इससे पहले सोमवार शाम भी वार्ता हुई थी, जिसमें कोई नजीता नहीं निकला।



प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव ने मीडिया से कहा कि मांगों को लेकर यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल से भी वार्ता हुई, जो विफल रही। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी बेरोजगार धरना खत्म नहीं करेंगे।

# व्यंग्य आम आदमी की परेशानियां कम करने का सशक्त हथियार : हेतु भारद्वाज

## ख्यातनाम व्यंग्यकार फारूक आफरीदी की पुस्तक ''धन्य है आम आदमी'' पर खुलकर हुई चर्चा

**जयपुर**। साहित्य संस्था कलमकार मंच की ओर से विद्याश्रम स्कूल के सुरुचि केन्द्र में आयोजित ख्यात व्यंग्यकार फारूक आफरीदी की किताब 'धन्य है आम आदमी' पर संवाद कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हेतु भारद्वाज ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि व्यंग्य आम आदमी की परेशानियों और दुखों को कम करने का माध्यम है। व्यंग्य का प्रयोग स्थितियों को देखकर किया जाए तो ज्यादा दमदार होगा। भाषा को मनुष्य का सबसे बड़ा अविष्कार बताते हुए उन्होंने कहा कि भाषा की ताकत का कोई तोड़ नहीं है।




**ख्यातनाम व्यंग्यकार फारूक आफरीदी की पुस्तक पर अनुराग वाजपेयी ने चर्चा की।**

दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय संयोजक वरिष्ठ पत्रकार एवं गीतकार निशांत मिश्रा ने कहा कि जब तक किताबों पर चर्चा नहीं होगी, पाठकों का ध्यान आकर्षित नहीं होगा और न ही किताब पाठकों के बीच लोकप्रिय होगी। उन्होंने आगामी 6 और 7 अगस्त को जयपुर में होने वाले दो दिवसीय 'कलमकार साहित्य महोत्सव' की जानकारी देते हुए बताया कि यह महोत्सव वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार स्व. ईशमधु तलवार को समर्पित होगा।

पुस्तक चर्चा में व्यंग्यकार प्रभात गोस्वामी ने कहा कि एक समय था कि लेखक आम आदमी की श्रेणी से अलग हुआ करता था, पर आज लेखक भी आम आदमी की ही तरह हो गया है। इसकी वजह यह है कि किताबों के पास पाठक नहीं है। सोशल मीडिया ने किताबें पढने का जुनून कम कर दिया है। कुछ भी लिखने से पूर्व लेखक को सोचना पड़ता है कि उसे किस तरीके की प्रतिक्रिया झेलनी पड़ सकती है। मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी एवं वरिष्ठ व्यंग्यकार अनुराग वाजपेयी ने कहा कि किताब में शामिल व्यंग्य आम आदमी की परेशानियों को बखूबी उजागर करते हैं। वरिष्ठ साहित्यकार श्रीकृष्ण शर्मा ने 'धन्य है आम आदमी' व्यंग्य संग्रह में प्रयुक्त लगभग 37 लोकोक्तियों, मुहावरों और सुक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहअपने आप में खासा दिलचस्प है। वरिष्ठ साहित्यकार, भाषाविद और कवि नरेन्द्र शर्मा 'कुसुम' ने कहा कि हमारे समाज में बहुत सी दुर्बलताएं हैं और उन्हीं पर प्रहार करने के उद्देश्य से ही व्यंग्य लिखा जाता है। व्यंग्य कहने वाला हंस रहा हो और सुनने वाला अंदर तक कुढ़ रहा हो, वही व्यंग्य है।

व्यंग्य संग्रह के लेखक फारूक आफरीदी ने कहा कि इस किताब में शामिल सभी व्यंग्य समग्र समाज और विशेष रूप से आम आदमी कष्टों और विडंबनाओं का लेखा जोखा है। समाज में जो घटित हो रहा है उसे ही उजागर करने का प्रयास रचनाओं में किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार और व्यंग्यकार डॉ.यश गोयल और डॉ. तराना परवीन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

दूसरे सत्र में युवा व्यंग्य लेखक जितेन्द्र शर्मा ने कुर्सी बचाने और पाने के लिए होने वाली बाड़ेबंदी पर, मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी एवं साहित्यकार अनुराग वाजपेयी ने तीये की बैठकों के विज्ञापन और मृत्यु के समाचारों पर केन्द्रित और फारूक आफरीदी ने जुमलेबाजी के बढ़ते वर्चस्व और समाज को भुलावे में रखने वाले बयानों और नारों के लेखन पर आधारित अपनी व्यंग्य रचानाएं सुनाकर उपस्थित श्रोताओं की दाद बटोरी। सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र भानावत ने कहा कि आम आदमी शासन और प्रशासन के केंद्र में रहना चाहिए।इस अवसर पर उन्होंने अपनी व्यंग्य कविता 'ऐसे ही चलता है' सुनाई। पूर्व आईएएस डॉ. सत्यनारायण सिंह ने फारूक अफरीदी को संग्रह के लिए बधाई दी और कहा कि व्यंग्य सामाजिक परिवर्तन का आधार है। कार्यक्रम में राजस्थान मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रमेश बोराणा, वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण कल्पित, पत्रकार विनोद भारद्वाज, अरिंदम मिश्र, कवि प्रेमचंद गांधी, किस्सागोई फेम लेखिका उमा, फिल्म निर्देशक गजेन्द्र एस. श्रोत्रिय, समाजसेवी पंचशील जैन, नवल पांडेय, विनोद शर्मा, प्रेमलता शर्मा, शायर फानी जोधपुरी, नफीस आफरीदी, पूनम भाटिया, दीपक राय, नदीम आफरीदी, डॉ.प्रणु शुक्ला, डॉ. राकेश कुमार, धर्मपाल मौजूद थे।



## Fresh Veggies Day

How many portions a day of fresh veggies does it take to keep a person healthy? Five? Seven? Ten? And what makes up a portion? Nutritionists agree, when it comes to fresh fruit and vegetables, the average person simply is not getting enough in their regular diet. An increase in daily consumption of vegetables (and fruits) is the entire point of the day. Get ready to make a healthy change on Fresh Veggies Day for a fun and surprising meat-free feast with your loved ones!



#PARENTING

# Health Benefits Of Swimming For Kids

Concerned that your child is not getting enough outdoor exercise? Swimming is the perfect answer.



Given the sedentary lifestyle and widespread fascination for gadgets of modern-day children parents often worry about ensuring how to make them spend enough time outdoors. The lack of physical exercise causes children to fall short on stamina and flexibility of the body. It also results in poor posture.

For all these concerns, swimming – with all adequate safety measures in place, of course – is the perfect answer. The multiple health benefits of swimming for kids makes it one of the best modes of exercises. It is also a very valuable life skill your child needs to learn.

### Importance of Swimming

Introducing your children to swimming is a great way to establish the importance of a healthy lifestyle. One of the biggest advantages of swimming is that it allows children to be naturally adventurous and have fun. Both kids and adults tend to exercise for longer periods of time while swimming than while pursuing most other types of exercise.

The human body is 90% buoyant when in water up to the neck, and this makes swimming a perfect low-impact yet high-energy workout for children. It is also less strenuous on the body when compared to any other sport or workout. Further, the natural buoyancy of water and its effect on the human body is more calming than other forms of exercises.

One major physical benefit of swimming is that it triggers the release of endorphins. Endorphins, famously known as the 'happy hormones' or the 'feel-good chemicals' lift our spirits and leave us refreshed.

Swimming has been proved to be an effective form of physical exercise for both mind and body. It is a great exercise regimen for the joints, offering around 20%-30% more mobility than many playground sports. At the same time, it offers a challenging workout which is not too harsh on the joints and connective tissues in the body.

### Health Benefits

Swimming is a wonderful exercise and offers so many health benefits to children. Of course, swimming helps in weight loss. However, there are other primary benefits too:

- Maintenance of optimal body weight.
- Enhanced strength, flexibility and overall fitness.
- Increased muscle strength and tone.
- Physical fitness (providing an entire body workout that helps to keep it in great shape).
- Better hydration for the skin that makes it feel soft and smooth, and prevents dryness.
- Improved heart health because of cardiovascular exercise.

*It is important to teach children to swim as early as possible. Here's why:*

- Knowing how to swim ensures that a child has the ability to cope with an accidental fall into a water body. It is also a life-saving skill that once learnt, can never be forgotten.
- Parents of picky eaters will love the fact that a session in the pool boosts appetite. On the other hand, swimming for weight loss helps prevent childhood obesity which is a rising health concern. This, in turn, can help prevent/control juvenile diabetes.
- Swimming also offers a goal-oriented approach and fosters a healthy competitive spirit. Once a child becomes comfortable in the water, he will become keen on setting targets for himself and bettering his own timings. This process will go a long way in the making of self-motivated and high-performing adults.
- Additionally, swimming is a perfect way to stay cool, engaged and active. In the process, your child will get to develop confidence in the water, perfect his strokes and may even enter the competitive league.
- Apart from mastering the various strokes in swimming, there are water games that add to the fun and make the pool a great place for group activity and workouts.

### Safety First & Always

Whether it is a private swimming pool or a public facility ensuring safety while swimming is of the utmost importance. Swimming caps, water goggles, swimwear and other swimming accessories not only add zing to pool time but also contribute to your little one's safety.

And finally, swimming is a great way for you to bond with your child. Helping your kid learn to swim is not only joyful and inspiring but an important responsibility for a parent. Learning how to swim can turn your water-shy child into a confident individual. So make the most of your weekends and gift your children and yourself some quality time for fun and games in the water, and enjoy the multiple benefits of swimming.



Nature

# Red in Tooth and Claw

On their return they were accosted by a rogue bear, we do not know who was attacked first, but both put up a heroic defence of each other and were killed. The bear ripped apart their clothes and limbs and dragged their bodies into a dry nullah bed and was feeding on them when their screams attracted some people who were nearby, but inspite of all the noise and clamouring by the crowd the bear remained undisturbed and no one dared to approach close for bears have a fearsome reputation which even tigers respect.



Maj Chandrakant Singh VrC (Retd)
*Military Historian*



Tiger and Bear encounter at Ranthambore.

Who trusted, God was love indeed. And love, Creations final law. Tho Nature, red in tooth and claw. With ravine, shrieked against his creed. (Alfred Lord Tennyson.)

The past few days all the papers and news channels have been full of the account of the attack and killing of a couple by a rogue bear in my home town Panna. This is perhaps the first time in the history of TV that a video of a canine feeding off the bodies of the two humans it had killed has been recorded and broadcast. The horrific incident took place less than a couple of hundred yards from the municipal limits of the town. This article attempts to give a human face to the victims, who they were, what they did and where they lived and whom they have left behind. It also tries to put into context the causes for such a tragedy.

On the south Eastern side of Panna is a forested hill called Madar Tunga on its Western slope are a few Government buildings including the Circuit House and the Collector's bungalow and some distance from them on the slope is a medieval 'madar' around which an undemarcated graveyard is used by the muslim community from the nearby Raniganj Mohalla, where the two victims also had their home. The problem is that the hill is rocky and difficult to dig, so most of the bodies are buried in shallow graves just a couple of feet deep. These attract scavengers like bears, hyenas, jackals, civets (kabarbijju in Hindi), honey badgers and wild boar who after scraping of the top soil feed on the bodies.

The Madar Tunga Hill and the 'madar' has an interesting history which is recorded in the box accompanying this account. The Madar Tunga Hill is also regularly visited by the townsmen to collect firewood. Many years ago when cooking gas was unheard of, even the local collector a Lushai used to come to the forest accompanied by

## #WILD-CITY-CLASH

his wife to collect firewood for their kitchen.The proximity of the hill and forest to the town is the perfect environment for human and wild life conflict and the couple were its latest victims.

Earlier this year we had a unique case of a hyena attacking a farmer who would have been killed if his plough bullocks not broken their tethers and come to rescue him and kill the rogue hyena. Photograph of the cutting from a newspaper giving an account of the incident is printed with this account.

On Sunday morning Mukesh Rai and his wife Gudiya had gone to Khermai shrine located on the hillside about a kilometer from their home in Raniganj Mohalla Panna. They belonged to the Khangar community who claim Rajput origins, a claim which is however not accepted by other Rajputs. The clan however had its



Bear attacking the victims.

moment of glory under Prithviraj Chauhan but it did not last long after his death. Mukesh and Gudiya were owners of a small tea and snacks shop on the boundary of Baldeoji Temple and are survived by a 18 year old son and 12 year old daughter who are now rendered supportless. The government has promised an ex-gratia amount of 4 lacs but they need long term support.

Khermai is a Goddess of Adivasi origins and shrines to her are generally located in isolated places in jungles close to villages and town next to Kher trees, 'kher' in hindi also means spear which is her symbol. Kher is also called 'Kathaa' the red substance which is added to 'paan' and other tobacco products, which is the cause of red spittle stains in much of India. Kher is extracted by boiling the heart wood of the Kher tree. The heart wood is very hard and in earlier times when iron was not easily available, pieces of it were sharpened and hardened over fire to make spear and arrowheads and hence its association with spear.

On their return they were accosted by a rogue bear, we do not know who was attacked first, but both put up a heroic defence of each other and were killed. The bear ripped apart their clothes and limbs and dragged their bodies into a dry nullah bed and was feeding on them when their screams attracted some people who were nearby, but inspite of all the noise and clamouring by the crowd the bear remained undisturbed and no one dared to approach close for bears have a fearsome reputation which even tigers respect.

I have seen one such encounter between a bear and a tiger, and it was the tiger that had to retreat. Recently there was a video on Youtube of a similar encounterat Ranthambore and once again it was the tiger that gave way.

What is surprising is that it took all of five hours for the forest department to come and tranquilize the bear, by which time the bodies of the victims had been torn to smithereens. Worse the District Collector's bungalow which had a squad of armed guards is only a few hundred meters from the site, but no one came forward to rescue the victims. The bear was shot with an overdose of tranquilizers and died soon afterwards. In the post mortem the department declared that the bear had not eaten the victims and only mauled them, a claim which sounds hollow in face of video evidence. As proof of their findings the forest officials claimed that the bear was rabid and they had found only mud in its intestines, which even if true is not surprising considering the fact that termites form a good part of the diet of sloth bears and while digging the ant hills some mud will pass into their stomachs and similarly would be the case if the bear had dug up a grave to feed on a buried corpse.

Panna and its environs are home to a very large population of sloth bears, perhaps the largest in India for it provides the right habitat, and the National Park provides them and other animals additional protection. It was for this reason that it was chosen as the site for research on sloth bears by my friend Clifford Rice of the US Wild Life Board. Clifford was India born and lived in India before moving to the US. His study of the Niligiri Tahr of Ervaikulam National Park is a classic and most authorities work on the subject.

It was during his work on the Nilgiri Tahr that Clifford had come in contact with our son in law Devendra Singh and his father Raja Saheb Samar Singh both of whom worked with Tata Tea on its Estates close to Ervaikulum. Both father and son are wild life lovers and fond of Shikar, their fort in Rampura UP is adorned with trophies including of bears who guard the entrance to the sitting room.

writetoarbit@rashtradoot.com



Fearsome long claws of the bears.



Trophy room Rampura Fort. two stuffed bears guard the entry door.



victims tea shop.



Children of the victims Risab & Palak.



Bear attack victims Mukesh & Indira.

## Madartunga and the Battle of Panna 1683

**The** name Madartunga is associated with Maharajah Chhatrasal a maternal ancestor of mine and his defeat of Sher Afghan. Chhatrasal was was the ruler of Eastern Bundelkhaand with Panna as his capital. His father Champat Rai had fallen out with his cousin the Maharajah of Orchha who ruled over Western Bundelkhand comprising of the districts of Jhansi, Tikamgarh, Datia and Lalitpur. Chhatrasal had been orphaned early when both his parents had been killed by Moghul forces. Having no support and knowing no other profession Chhatrasal joined the Moghul army where Mirza Raja Jaisingh spotted him and seeing his potential took him under his wing. Jai Singh became his mentor and took him with him for his campaign in the Deccan including the capture of the fort of Devgiri near Aurangabad. Realising that a person like Chhatrasal had no future with the Moghuls but would have one in his own home land, Jai Singh advised him to join Shivaji. In place of Jai Singh, Shivaji now became his mentor and guide, soon Chhatrasal having mastered the art of kingship and generalship under the tutelage of Shivaji and with his blessings returned to Bundelkhand and carved out an independent kingdom for himself which comprised the area of the present day districts of Panna, Chhatarpur, Saugar, Mahoba, Damoh, Karvi, Banda and Hamirpur. Chhatrasal never forgot Jai Singh and the Marathas and voluminous correspondence between him and Jai Singh and the Peshwa are still available in the Jaipur and Poona archives.

In 1683 Panna was attacked by Sher Afghan (not to be confused with the Sher Afghan who was Noor Jehan's first husband before his murder at Jehangir's behest). Chhatrasal having learnt his lessons well from Shivaji abandoned Panna alongwith its entire population and withdrew into the hill and forest. The town was occupied without a fight by Sher Afghan's army who celebrating their unexpected easy victory, were in a celebratory mood when Chhatrasal's men emerging from the hills and forests late at night caught the invaders unawares and killed or captured all of them. The enemy dead were buried on the hill which from that time onwards has been called Madar Tunga after their graves. Sher Afghan was mortally wounded and died soon afterwards. News of his death was not told to Sher Afghan's son, who offered to vacate all areas of Bundelkhand captured by him in exchange for his fathers release. Chhatrasal agreed to his terms. After the enemy had withdrawn, Sher Afghan's body was handed over to his son. Another lesson in statecraft which only Shivaji could have taught.

## Human & Animal Conflict

**Bear** attacks are not unique to India, they occur in North America too, on an average there is one mortality and several injured every year. In Panna too we have an average of one case every year. In most cases they are women living in hamlets close to forests and the attacks happen when the women go out at night or early morning to answer the call of nature. Bears are omnivorous and will eat almost everything particularly the carcass of dead animals, having comparatively poor eye sight they are drawn by their highly developed sense of smell to women during their monthly cycle.

In India attacks by tigers are comparatively rare, it is wild elephants and snake bites that are the biggest killers. But more than all animals combined are bites from rabid dogs in urban areas. Irresponsible feeding of feral dogs without taking care to control their breeding and administering anti-rabies vaccines needs be looked into.

Over the last few years the hills surrounding Jaipur have become home to a healthy population of leopards who feed on stray dogs, monkeys and pea fowl. They have also started straying into built up areas, where children are particularly vulnerable and residents must take suitable precautions. If care is not taken now, then we can be certain that we will have an incident and then there will be a clamor to eliminate all leopards from the neighborhood of Jaipur. Which will be a tragedy.

## Sloth Bear

**India** is home to three types of bears, Himalayan Black and Brown bears and the Sloth bear. It is estimated that there is healthy population of over twenty thousand sloth bears in India and its range covers most of the country.

The sloth bear Melursusursinus, it is also called the labiated bear because it has a long lower lip which is used for sucking up termites and other insects including bees and hence termed asmyrmecophagous. Most attacks on humans are on the head and upper parts of the body, sometimes the bears do not kill their victims outright but will chew and suck the blood. This is what the bear was doing to its victims in Panna before it was tranquillized. If attacked by a bear it is advisable to lie flat facing the ground and cover the face and head with ones arms, running away is not an option.

A couple of years ago some people travelling by car in Orissa spotted a sloth bear close to the road. One of them got down to take a selfie. The next thing was the bear was on him and clawed and chewed him to death inspite of all the shouting and noise made by his co-passengers. The incident was videographed by a passenger in a following car.

## Baldeo Temple

**The** victims had a small humble tea shop near the entrance to the magnificent Palladin style neo-classical late nineteenth century Baldeoji Temple.

There are not many temples devoted to Baldeo or Balram the elder brother of Krishna, the only ones I know of, one is in Jaipur on the road to Amer and the other in Panna. Balram is an interesting deity, the only God whose image stands alone in a temple without his spouse. The reason for this is that Balram was a little too fond of his wine and would often get into brawls, so having got a bit fed up of his rowdiness, Revati his spouse refused to accompany him when ever he went out. This however did not prevent him from continuing with his errant ways and on returning home being harangued by Revati, told her that he could not resist the temptation when he saw the amber coloured liquid which reminded him of her beautiful eyes.

The symbol on Balram's banner is the Tar/Toddy tree. The other symbol that he has like Ram has a bow and arrow, Balram has the plough which connects him to farmers and this is the reason why in 1860 the then Maharajah of Panna Nirpat Singh built a temple devoted to the God of Farmers Balram/Baldeo. Panna and its surroundings are on a plateau in the Central Vindhyas, the soil is poor and farming was limited to the lowlands, most people were cattle grazers or adivasis dependent on their herds of cattle and goats or forest products for sustenance. Maharajah Nirpat Singh wanted to change this and had several lakes and tanks constructed in and around Panna to provide irrigationand encourage people to take up cultivation. An English visitor was taken around by the Maharajah himself to inspect his model vegetable and fruit tree plantations, the Maharajah telling him that he wanted people to grow vegetables and fruits thereby removing the curse of malnutrition amongst his subjects. The temple to the Farmers God would provide the right encouragement and spiritual context to his ambition and work for the benefit of his subjects.



Baldeoji temple where victims had tea shop.

#BOTANY

# World's Largest Known Plant

Researchers happened across the plant while they took genetic samples of what they thought were two different plants over 180 km apart.



Researchers have discovered what is now believed to be the largest plant in the world. The single plant of Posidoniaaustralis was discovered in the shallow waters of the World Heritage Area of Shark Bay in Western Australia. The ancient specimen of an incredibly resilient seagrass stretches across 180 km. It is estimated to be at least 4,500 years old.

Researchers from The University of Western Australia (UWA) and Flinders University were taking samples of seagrass shoots from Shark Bay to generate 'fingerprints' that used over 18,000 genetic markers. But they were stunned by the results when they did so. What they thought were different plants more than 180 km apart turned out to be the exact same plant with the same genetic fingerprint.

Evolutionary biologist Elizabeth Sinclair from UWA, who is a senior author of the study said that the research project began when researchers wanted to understand how genetically diverse the seagrass meadows in Shark Bay were. They also wanted to know which plants should be collected for seagrass restoration.


"The answer blew us away - there was just one! That's it, just one plant has expanded over 180 km in Shark Bay, making it the largest known plant on earth. The existing 200 square kilometres of ribbon weed meadows appear to have expanded from a single, colonising seedling," said UWA student researcher and lead author of the study, Jane Edgeloe.

Its enormous size is not the only thing that sets it apart: the plant also has twice as many chromosomes as its oceanic relatives; making it a 'polyploid'. "Whole-genome duplication through polyploidy - doubling the number of chromosomes - occurs when diploid 'parent' plants hybridise. The new seedling contains 100 per cent of the genome from each parent, rather than sharing the usual 50 per cent," said Sinclair.

The plant appears to be extremely resilient without successful flowering and seed production. It experiences a wide range of temperatures and salinities and also extremely high light conditions. Usually, this would be highly stressful for most plants, but the giant plant seems to thrive in these conditions.




THE WALL





BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# 'हाइवे पर धरना दे रहे आंदोलनकारियों पर पुलिस ने देर रात हमला किया'

## मांग को लेकर एनएच-52 जाम करने वाले आंदोलनकारियों ने लगाया पुलिस पर आरोप

**बून्दी, (निसं)।** सोमवार बसोली मोड़ पर रॉयल्टी नाके को हटाने व हिण्डोली थानाधिकारी को निलंबित किये जाने की मांग को लेकर पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल की अगुवाई में शुरू हुआ धरना मंगलवार रात 3 बजे पुलिस के लाठीचार्ज के बाद खत्म हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बसोली मोड पर आंदोलनकारियों द्वारा लगाये जाम को पुलिस ने मंगलवार को रात 3 बजे बल प्रयोग करके हटवा दिया। दरअसल सोमवार रात जिला कलेक्टर रेणु जयपाल, एसपी यादव बसोली चैराहे पर पहुंचे जहां आंदोलनकारियो के प्रतिनिधिमंडल जिसमें रुपेश शर्मा, मनमोहन धाबाई, सीपी गुंजल, अजय गुर्जर की कलेक्टर से आंदोलन समाप्त करने को लेकर बातचीत हुई लेकिल प्रशासन के मांगे नहीं माने जाने के चलते वार्ता विफल हो गई। जिला कलक्टर रेणु जयपाल ने आंदोलनकारियों से कहा कि मामला राज्य सरकार के स्तर का है सरकार के आदेश के बिना नहीं हटाया जा सकता।



खदेड़े जाने से पहले आंदोलनकारियों ने चारपाई बिछाकर हाइवे को जाम कर रखा था।

इसके बाद पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल और भाजपा नेता रुपेश शर्मा के नेतृत्व में एनएच 52 सड़क जाम कर प्रदर्शनकारी सड़क पर ही डटे हुए थे और रात को सो रहे थे तभी पुलिस ने अचानक 3 बजे के करीब लोगों पर सोते हुए लाठीचार्ज कर दिया। जिससे वहां पर भगड़ मच गई और लोग सड़क छोड़ भागे। इसके बाद पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल और रुपेश शर्मा सहित कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पुलिस से सुबह 5 बजे पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल व भाजपा नेता रूपेश शर्मा को कोटा स्थित गुंजल के आवास पर छोड़ दिया। पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज में कई लोगों को गंभीर चोट आई हैं, तो कई लोगों को हल्की चोटें लगी हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सोते हुए लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। वहीं पुलिस लाठी चार्ज करने से मना कर रही है। आंदोलनकारियों को पुलिस द्वारा खदेड़ने के बाद नेशनल हाईवे को खोल दिया गया है और अब एक बार फिर से वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। प्रदर्शनकारी जब पुलिस के चंगुल से बाहर आएंगे तो उस समय क्या हुआ था इसका पता चल पायेगा। फिलहाल नेशनल हाईवे नंबर 52 जयपुर कोटा हाईवे खुलने के बाद यात्रियों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है।

**37 आंदोलनकारियो पर मुकदमा दर्ज:-** हिंडोली थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे 52 को जाम करने के आरोप में 37 आंदोलनकारियो के खिलाफ गंभीर गैर जमानती धाराओं में किया मुकदमा दर्ज किया है। वहीं रुपेश शर्मा ओम धगाल, पूर्व चेयरमैन भगवान लाडला, सथूर के पूर्व सरंपच मनमोहन धाबाई समेत अन्य लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम धारा 8 ख में मुकदमा दर्ज किया गया है।

- **गुंजल को सुबह पांच बजे कोटा छोड़ा**
- **बसोली मोड़ पर रॉयल्टी नाका हटाने व हिण्डोली थानाधिकारी को निलंबित करने की कर रहे थे मांग**

प्रहलाद गुंजल पूर्व विधायक ने बताया कि पुलिस से सोते हुए लोगों पर हमला बोला। लोगों ने खेतों व जंगलों में भागकर जान बचाई। मुझे जब गिरफ्तार करने आये जब मेरे इर्द-गिई सो रहे लोगों पर लाठियां बरसाई गई। सरकार माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करना चाहती बल्कि जो माफियाओं के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं उनका दमन करना चाहती है। लड़ाई खत्म नहीं हुई है। दो तीन दिन में हिण्डोली में प्रमुख लोगों की बैठक लेंगे और बड़े आंदोलन रूपरेखा बनायेंगे। बजरी माफिया की होटल में सरकार ने 42 की खातिरी करवाकर अपनी कुर्सी को बचाया था। सरकार बजरी माफिया के हितों की सुरक्षा कर रही है।

# शिक्षा विभाग बना रहा ट्रांसफर पॉलिसी की गाइडलाइन

## एक बार फिर जयपुर में लगेंगे केंप, ग्रेड थर्ड के तबादलों पर संकट

**बीकानेर, (कासं)।** टीचर्स ट्रांसफर के लिए हर बार की तरह इस बार भी जयपुर में कैंप लगेंगे। ट्रांसफर पॉलिसी नहीं बनने के कारण जनरल गाइडलाइन तय की जा रही है, जिसके आधार पर हजारों की संख्या में टीचर्स को इधर से उधर करने की कवायद होगी। ट्रांसफर का सबसे बड़ा आधार क्षेत्र के कांग्रेस या फिर सरकार समर्थक विधायक की डिजायर होगी। सब कुछ सही रहा तो बीस जून से पहले जयपुर में ये कैंप शुरू हो जाएगा।

बार बार घोषणा के बाद भी शिक्षा विभाग ट्रांसफर पॉलिसी तैयार नहीं हो पाई है, ऐसे में मार्गदर्शन जारी किए जाएंगे। ट्रांसफर का आधार इन्हीं निर्देशों को बनाया जाएगा, हालांकि कोई तय नीति नहीं होने के कारण सरकार के निर्देश पर इनसे हटकर भी ट्रांसफर हो सकते हैं। ग्रेड थर्ड टीचर्स के ट्रांसफर को लेकर अब तक संशय बना हुआ है। दरअसल, ग्रेड थर्ड के ट्रांसफर शुरू करते ही प्रदेशभर के विधायकों की नाराजगी सरकार को मोल लेनी पड़ सकती है। वहीं हर बार की तरह इस बार भी लेक्चरर, प्रिंसिपल के ट्रांसफर पहली खेप में होंगे। किसी भी स्थिति में 25 जून से पहले कोई बड़ी लिस्ट जारी नहीं होगी। वहीं बड़ी सिफारिश वाले टीचर्स की इक्का दुक्का लिस्ट आ सकती है।

- **लंबे समय से शहर में जमे टीचर्स को गांव की नौकरी करनी पड़ सकती है**
- **ट्रांसफर का सबसे बड़ा आधार क्षेत्र के कांग्रेस या फिर सरकार समर्थक विधायक की इच्छा होगी**

कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित को शहरी क्षेत्र में ट्रांसफर दिया जाएगा। एक महिला या विधवा-परित्यक्ता को शहर में ट्रांसफर दिया जा सकता है। एक समय सीमा तय की जाएगी, उतने वर्ष की ग्रामीण सेवा होने पर ट्रांसफर किया जा सकता है। प्रतिबंधित जिलों से बाहर ट्रांसफर के लिए अलग से नियम हो सकते हैं। किसी भी महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बिना इंटरव्यू ट्रांसफर नहीं होंगे। सिर्फ रिक्त पदों पर ही ट्रांसफर हो सकते हैं। अन्यथा वाइस वरसा करते हुए एक-दूसरे की जगह भेजा जा सकता है। लंबे समय से शहर में जमे टीचर्स को गांव की नौकरी करनी पड़ सकती है।

ट्रांसफर के लिए इस बार भी जयपुर में राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मंडल परिसर में ट्रांसफर कैंप लग सकते हैं। हालांकि ये जगह अब सभी टीचर्स की नजर में होने के कारण ट्रांसफर कैंप की जगह बदलने की कवायद भी उच्च स्तर पर चल रही है। बीस जून से पहले शिक्षा निदेशालय के सेक्शन से कार्मिकों को जयपुर के लिए रवाना किया जा सकता है। फिलहाल इस संबंध में कोई निर्देश कार्मिकों को नहीं दिए गए हैं।

विभाग का प्रयास है कि एक जुलाई से शुरू हो रहे स्कूल्स के नए सेशन से पहले ट्रांसफर ऑर्डर जारी हो जाएं ताकि स्कूल खुलने तक संबंधित टीचर्स नई जगह पहुंच जाएं। हालांकि ये भी तय है कि जुलाई में भी ट्रांसफर होते रहेंगे। ऐसे में सरकारी स्कूलों में पहला महीना तबादलों की भेंट चढ़ ना तय है। शिक्षा मंत्री रहते हुए जिस तरह गोविन्द डोटासरा की पर्सनल टीम ने ट्रांसफर पर पूरी नजर रखी थी, उसी तरह डॉ. बी.डी. कल्ला की पर्सनल टीम भी ट्रांसफर प्रोसेस में शामिल रहेगी। ये टीम अभी ट्रांसफर के मार्गदर्शन तैयार करने में जुटी हुई है।

# गैंगरेप का आरोपी 15 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा

**मांडलगढ़, (निसं)।** बिजौलिया कस्बे के वार्ड नंबर 5 के खटीक मोहल्ले में अपनी असली पहचान छुपा कर बीते 15 वर्षो से यहां रह रहे गैंग रेप के आरोपी को बिजौलिया पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। इस दौरान शातिर आरोपी बिजौलिया खनन क्षेत्र में मजदूरी और ट्रेक्टर चलाकर अपनी असली पहचान छुपाए पुलिस से लुकाछिपी कर रहा था। मोडक निवासी 40 वर्षीय मोस्ट वांटेड आरोपी रामकुमार पिता रामनारायण वैष्णव को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर कोटा स्पेशल पुलिस टीम के सुपुर्द किया।

बिजौलिया थाने के एएसआई ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि वर्ष 2008 में कोटा जिले के एक क्षेत्र में हुई गैंग रेप की घटना के बाद से आरोपी पहचान छुपाकर बिजोलिया कस्बे के किराए के मकान में रह रहा था। आरोपी ने अपना नाम पप्पू खानपुर-झालावाड़ निवासी बता रखा था। खनन क्षेत्र में ट्रैक्टर चलाकर छदम वेश में रह रहा था। 2008 में मोडक क्षेत्र में हुई गैंग रेप की वारदात में 3 आरोपी शामिल थे। 2 आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। मुखबीर की सूचना पर कोटा की स्पेशल पुलिस टीम के साथ बिजौलिया थाना पुलिस ने मिलकर आरोपी को बिजौलिया कस्बे के खटीक मोहल्ले से गिरफ्तार कर कोटा पुलिस के सुपुर्द किया हैं। आरोपी पर मोडक झालावाड़ पुलिस थाने में धारा 376 और एससीएसटी में वर्ष 2008 में मामला दर्ज दर्ज हुआ था। तब से पुलिस आरोपी की 15 साल से तलाश की जा रही थी।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की डिग्गी में डूबा सफाईकर्मी

**हनुमानगढ़, (निसं.)।** टाउन में घग्घर पुल के समीप सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की डिग्गी में मोटर ठीक करते समय सीवरेज गैस से बेहोश ठेका कर्मी को बचाने के लिए डिग्गी में उतरे नगर परिषद के एक सफाईकर्मी की डूबने से मौत हो गई। इसमें एक को डिग्गी में ही गिरने पर शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बाहर निकाल बचा लिया जिसे उपचार के लिए आईसीयू में भर्ती करवाया गया। खास बात है कि सीवरेज डिग्गी में गंदे पानी से गैस इतनी जहरीली थी कि हादसे की सूचना पाकर मौके पहुंची नगरपरिषद की सीएसआई प्रेमलता और एसआई जगदीश सिराव भी बेहोश हो गए जिनको उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। हालांकि प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई।

सुखदेव सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह वीरबंद ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा करण सिंह (24) नगर परिषद में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत था, जिसकी एसटीपी पर ड्यूटी थी। सुबह करीब 8.30 बजे ओएंडएम प्रभारी ठेकेदार सतपाल भांभू ने उसे फोन कर बताया कि एसटीपी की डिग्गी में लगी मोटर खराब हो गई, जिसे ठेका कर्मी हरीश शर्मा निवासी सूरतगढ़ ठीक करने के लिए एसटीपी में गंदे पानी की डिग्गी में उतरा था। इस बीच गंदे पानी की गैस से दम घुटने से हरीश चक्कर खाकर वहीं गिर गया जबकि बाहर खड़े सतपाल ने शोर मचा दिया। सहायता के लिए उसका बेटा करण सिंह सीढ़ी से गंदे पानी की डिग्गी में उतरा तो वह भी बेहोश होकर वहीं गिर गया। श्रमिकों ने हरीश को बाहर निकाल लिया तभी मोटर चालू होने से डिग्गी में पानी भरने लगा और प्रवाह तेज होने से करण सिंह की डूबने से मौत हो गई।

एसटीपी पर सुरक्षा उपकरणों का पूरी तरह से अभाव नजर आया। हालत यह थी कि घटना के बाद डिग्गी में उतरने के लिए वहां कोई सुरक्षा उपकरण नजर नहीं आया। सूचना पाकर नगर परिषद एक्सईएन सुभाष बंसल, पार्षद सुमित रिणवां आदि मौके पर पहुंचे और परिषद की जेटिंग मशीनें और सुपर शकर मशीन मौके पर बुलाकर गंदे पानी की डिग्गी को खाली करवाया। रेस्क्यू टीम के आने से पहले नगरपरिषद के अनुबंधित चालक मलकीत सिंह ने हिम्मत दिखाते हुए डिग्गी में सीढ़ी के पास फंसे सफाई कर्मी करणसिंह को रस्सी के सहारे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मृतक करण सिंह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। पेशे से ठेकेदार सुखदेव सिंह के एक पुत्र व एक पुत्री है। पुत्री की शादी हो चुकी है। करणसिंह का रिश्ता हाल ही में तय हुआ था और दो महीने बाद उसकी शादी होनी थी। एक-दो दिन में ही शादी की तारीख तय की जानी थी। घर में खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। घटना के बाद फफकते हुए मृतक के पिता सुखदेव सिंह उर्फ विक्की ने बताया कि उसका पुत्र करण कई बार ड्यूटी के लिए लेट हो जाता था तो मैं डांटते हुए कहता कि समय से ड्यूटी पर जाया कर। इसका असर भी हुआ और सोमवार सुबह वह जल्दी उठा और जाते समय बोला कि देखो पापा आज 5 मिनट पहले जा रहा हूं, क्या पता था कि 5 मिनट की यही जल्दी उसे मुझसे हमेशा के लिए दूर कर देगी।

# बारिश के मौसम में विद्युत तंत्र गड़बड़ाया: डिस्कॉम में इंजीनियरों की छुट्टियां रद्द

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेश में मानूसन का सीजन आरंभ हो गया है। मगर इस बीच विद्युत तंत्र भी गड़बड़ा गया है। बिजली व्यवस्था गड़बड़ाने पर अब समय पर ठीक होने के आसार कम ही नजर आ रहे हैं।

प्रदेश के सभी डिस्कॉम के जूनियर इंजीनियरों ने अपनी मांगों को लेकर टूल डाउन हड़ताल कर रखी है। अवकाश लेकर अधिकांश जूनियर इंजीनियर जयपुर में महापड़ाव डाल बैठे हैं। फील्ड में बिजली समस्याओं के समाधान का सारा दारोमदार जूनियर इंजीनियरों के कंधों पर ही रहता है। जोधपुर डिस्कॉम ने इनके अवकाश पर चले जाने के बाद अन्य सभी कर्मचारियों के अवकाश रद्द कर दिए है। सभी को मुख्यालय पर रहने का आदेश दिया गया है।

जोधपुर सिटी सर्किल में कल 76 में से चार जूनियर इंजीनियर ही काम पर थे। शेष सभी अवकाश पर रहे। वहीं जोधपुर डिस्कम के एमडी प्रमोद टाक का दावा है कि 780 में से 206 जूनियर इंजीनियर अभी भी काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंदोलन कर रहे जूनियर इंजीनियरों की सरकार से वार्ता भी हुई है। इनकी पे स्केल से जुड़ा मसला वित्त विभाग से जुड़ा है। ऐसे में इस बारे में सरकार के स्तर पर फैसला हो सकता है।

- **मांग को लेकर जूनियर इंजीनियर बैठे हैं हड़ताल पर**

**इस बीच बारिश में बढ़ गए फाल्ट:-** जोधपुर डिस्कॉम के कार्य क्षेत्र वाले दस जिलों में सोमवार को अधिकांश स्थान पर प्री मानसून के बादल जमकर बरसे। ऐसे में उपभोक्ताओं की शिकायतों की बाढ़ आ गई। जूनियर इंजीनियरों के काम पर नहीं रहने के कारण शिकायतों का समाधान होने में काफी समय लग रहा है।

**इंजीनियरों के अवकाश किए रद्द:-** जोधपुर डिस्कॉम ने एक आदेश जारी कर अन्य सभी इंजीनियर्स से कहा है कि वे सभी अपने-अपने मुख्यालय पर मौजूद रहें। वहीं वे किसी तकनीकी कर्मचारी का अवकाश स्वीकृत नहीं करें। बिजली से जुड़ी किसी प्रकार की शिकायत आने पर प्राथमिकता के साथ उसका समाधान करवाएं।

# सैनिक भर्ती की नई नीति युवाओं के लिए पीड़ाः जसोल

**गुड़ामालानी, (कासं)।** गुड़ामालानी मुख्यालय के डाक बंगले पर बाड़मेर जैसलमेर के पूर्व सांसद एवं वर्तमान सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जसोल का बोर्ड अध्यक्ष बनने के बाद मंगलवार को पहली बार गुड़ामालानी विधानसभा पहुंचने पर जगह जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

डाक बंगले पर स्वागत समारोह कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गफूर अहमद, धोरीमना पूर्व प्रधान ताजाराम चौधरी, पायला प्रधान चुन्नीलाल माचरा, भंवर हनुमंत सिंह राठौड, ब्लॉक अध्यक्ष पताराम चौधरी उपस्थित रहे। धोरीमन्ना एवं बांटा में भी स्वागत किया गया। मानवेंद्र सिंह जसोल ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो अब सैनिक भर्ती की घोषणा की है वह देश एवं युवाओं के लिए दुखद परिणाम साबित होगी, क्योंकि सैनिक की नौकरी चार साल के लिए ही है। उसमें भी 46 सप्ताह की ट्रेनिंग दी जाएगी। ऐसे में युवाओं के लिए यह भर्ती दुखद होगी। हमेशा क्षेत्र की जनता के लिए तत्पर रहे। मंच संचालन पंचायत समिति सदस्य संवदाराम बोस ने किया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच दिनेश पी शर्मा, नाथाराम चौधरी बांटा, खुमाराम बैरड, सरपंच जवानाराम, नारायण सिंह, तेजसिंह, कांतिलाल सोनी, भोमाराम सहित कई जने उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक बीएल कुशवाह प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** धौलपुर से पूर्व विधायक रहे बीएल कुशवाह को भरतपुर में मथुरा गेट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रियल एस्टेट कंपनी द्वारा किए गए गबन के मामले में अनेकों शिकायत दर्ज हुई थी। इसी तरह की एक शिकायत मथुरा गेट थाना पर भी दर्ज हुई थी जिसके चलते पूर्व विधायक बीएल कुशवाह को गिरफ्तार किया गया है। बीएल कुशवाह धौलपुर से भाजपा विधायक शोभारानी कुशवाह के पति हैं।



पूर्व विधायक बीएल कुशवाह

बी एल कुशवाह धौलपुर से बसपा विधायक रह चुके हैं लेकिन उनकी रियल एस्टेट कंपनी ने बहुत बड़ा गबन किया था जिसमें करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ था। हजारों लोगों के रुपए हड़प लिए गए थे। शिकायत दर्ज होने के बाद बीएल कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया गया था तभी से वह जेल में बंद है। बी एल कुशवाह के जेल जाने के बाद धौलपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुआ था जिसमें बीएल कुशवाह की पत्नी शोभारानी कुशवाह को भाजपा का टिकट मिला था और वह चुनाव जीत गई थी।

मथुरा गेट थाना प्रभारी रामनाथ गुर्जर के मुताबिक धौलपुर से पूर्व विधायक बीएल कुशवाह के खिलाफ 2017 में शिकायत दर्ज हुई थी। उन्होंने एक रियल एस्टेट कंपनी खोल रखी थी जिसमें बड़ा गबन हुआ था। पुलिस ने बीएल कुशवाह को सेंट्रल जेल सेवर से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है और जांच जारी है।

- **रियल एस्टेट कम्पनी में घोटाले के आरोप में जेल में बंद थे कुशवाह**

# भगवान जगन्नाथ स्वामी पन्द्रह दिन के लिये विश्राम पर गए



उदयपुर में भगवान जगन्नाथ स्वामी महास्नान कर 15 दिन के लिये बीमार होकर विश्राम में चले गये।

**उदयपुर, (निस)।** भगवान जगन्नाथ स्वामी महास्नान कर 15 दिन के लिये बीमार होकर विश्राम पर चले गये। महास्नान के अवसर पर भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र और सुभद्रा जी को गंगाजल, इत्र, तुलसी, नारियल पानी और केसर से 108 घड़ों से स्नान कराया गया। भगवान 15 दिन के लिये औषधियुक्त काढ़े का सेवन करेंगे। समिति के संरक्षक डॉ. प्रदीप कुमावत ने बताया कि ये वेद के रूप है। जगन्नाथ-सामवेद, सुभ्रदा-युर्जेवेद, बलभद्र-ऋगवेद, सुदर्शन - अथर्ववेद के रूप है। वैदिक संस्कृति के अनुरूप स्नान कराते है। वेदों का पूरा सार इसमें समाहित है।

डॉ. कुमावत ने कहा कि वर्ष में 15 दिन हम अपने आन्तरिक रूपान्तरण के साथ-साथ शारीरिक रूपान्तरण के लिये भी हम अपने व्रत, उपवास और ध्यान के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते है। यह संदेश भगवान जगन्नाथ आमजन को देते है। भगवान 15 दिन तक दर्शन नहीं देंगे। मंदिर से हटकर जो जगह है उसको अंसारा बोलते है वहाँ भगवान को स्थापित कर काढ़े का भोग लगाया जायेगा। पन्द्रह दिन बाद स्वस्थ होकर भगवान स्वयं भक्तों से मिलने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस बारे उपनगरीय क्षेत्र में भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे। अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि भगवान को झूला झुलाते हुये मंदिर से बाहर लाया गया। सुदर्शनजी को 18 घड़ों, सुभद्रा जी को 22 घड़ों, बलराम जी को 33 घड़ों, व जगन्नाथ जी को 35 घड़ों से स्नान कराया गया। इस अवसर पर दिनेश मकवाना, रमेश लालवानी, हेमंत चौहान, कैलाश, कमलेन्द्र सिंह, शिव सिंह, धर्मेन्द्र, गिरिश, गोपाल सोनी आदि मौजूद रहे।

# अभ्यर्थी करा सकेंगे प्राप्तांकों की री-टोटलिंग

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा, 2021 के अभ्यर्थियों को प्राप्तांकों की पुनः गणना कराने का अवसर दिया है। इसके लिए अभ्यर्थी 15 से 24 जून 2022 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा, 2021 के साक्षात्कार आयोजित कर 20 अप्रेल 2022 को परिणाम जारी किया गया था।

- **ऑनलाइन की करना होगा आवेदन, प्रश्नों की संख्या अनुसार ऑनलाइन ही करना होगा भुगतान**

नियमानुसार परीक्षा में प्राप्तांकों की पुनः गणना कराए जाने का अवसर अभ्यर्थियों को दिया जा रहा है। उत्तर पुस्तिकाओं में प्राप्त अंको की पुनः गणना के लिए आयोग की वेबसाइट पर एग्जाम डैशबोर्ड में उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। प्राप्तांकों की पुनः गणना के लिए प्रति प्रश्न 25 रूपए की दर से शुल्क का ऑनलाइन ही भुगतान करना होगा। ऑफलाइन रूप से प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र एवं शुल्क स्वीकार्य नहीं होगा। उत्तर पुस्तिकाओं का पुनः परीक्षण किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाएगा।

# हिण्डौन में आधा दर्जन वार्डों के सैंकड़ों लोग पानी के लिए टंकी पर चढ़े

## छह वर्ष पूर्व बनी टंकी पाइप लाइन से नहीं जोड़ने के कारण पड़ी है नकारा

**हिण्डौन सिटी, (कासं)।** गत छह वर्ष पूर्व बनी पानी की टंकी से पेयजल आपूर्ति शुरू नही होने पर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से 6 तक के आधा दर्जन वार्डों के सैकड़ों महिला-पुरुष और बच्चे मंगलवार को पानी की टंकी पर चढ़ गये और घंटों तक प्रशासन व नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 के पार्षद हरभान सिंह व बार्ड संख्या 2 के पार्षद राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में 1 से लेकर 6 तक के आधा दर्जन वार्डों के सैकड़ों महिला और पुरुष मंगलवार को पानी की समस्या को लेकर वार्ड नंबर 3 में स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। इस दौरान पार्षद राजेंद्र शर्मा हरभान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद के वार्ड संख्या 1 से 6 तक के सभी वार्डों में सालों से पीने के पानी की समस्या चली आ रही है और लोग उपखंड प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन से इस पेयजल संकट को दूर करने की मांग करते हुए आ रहे हैं।

जिसके बाद वर्ष 2016 में आधा दर्जन बार्डों की पेयजल आपूर्ति के लिए उच्च जलाशय का निर्माण भी कर दिया गया। जिसके बाद लोगों ने उम्मीद जताई कि अब हजारों परिवारों को पीने के लिए पानी नसीब हो जाएगा लेकिन टंकी बनने के 6 वर्ष बाद भी जलदाय विभाग की अधिकारियों की लापरवाही प्रशासन के अधिकारियों नगर परिषद की उदासीनता के चलते इस जलाशय को अब तक पाइप लाइन से नहीं जोड़ा गया है। इससे यह टंकी 6 वर्ष बाद भी नकारा पड़ी हुई है। इस भीषण गर्मी में लोगों को पानी की जरूरत बढ़ रही है। लोग पीने के पानी के लिए भटक रहे हैं। बताया जा रहा है कि लोग कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हो रहे हैं या निजी टैंकरों से पानी ले रहे हैं।



पानी की मांग को लेकर वार्डवासियों ने टंकी पर चढ़कर विरोध-प्रदर्शन किया।



छेत्री किसी चमत्कार की तरह है। उसका व्यक्तित्व और खेल ऐसा है जिसका सभी खिलाड़ियों को अनुसरण करना चाहिए। जब मीडिया उनके संन्यास के बारे में पूछता है तो मुझे हंसी आती है। -आईएम विजयन

पूर्व भारतीय फुटबॉल कप्तान, सुनील छेत्री को लेकर।




आज का खिलाड़ी

## सेरेना विलियम्सन



ऑल इंग्लैंड क्लब ने बताया कि अमेरिका की दिग्गज खिलाड़ी सेरेना विलियम्स को इस साल विंबलडन के महिला एकल के लिए वाइल्ड-कार्ड प्रविष्टि दी गयी है। सेरेना ने पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने पहले दौर के मैच के शुरुआती सेट के दौरान चोटिल होने के बाद से कहीं भी प्रतिस्पर्धा नहीं की है। उनका नाम इस महीने की शुरुआत में इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट द्वारा जारी महिला एकल प्रविष्टि सूची में नहीं था। सेरेना हालांकि छह महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें मंगलवार को एकल ड्रॉ में जगह मिली।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल इतिहास में पहल मैच फ्रांस और मैक्सिको के बीच खेला गया, जिसमें फ्रांस 4-1 से जीता था।

# करो मरो के मुकाबले में पटेल व चहल के दम पर भारत जीता


## तीसरे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को 48 रन से हराया

## पांच मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका 2-1 से आगे

विशाखापत्तनम, 14 जून। सलामी बल्लेबाजों ऋतुराज गायकवाड (57) और ईशान किशन (54) के शानदार अर्धशतकों के बाद तेज गेंदबाज हर्षल पटेल (29 रन पर चार विकेट) और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (20 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी 20 में मंगलवार को 48 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में खुद को जिन्दा रखा।

भारत ने पांच विकेट पर 179 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 19.1 ओवर में 131 रन पर ढेर कर शानदार जीत अपने नाम की। हालांकि यह मैच हारने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका सीरीज में 2-1 से आगे है। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को उसके ओपनरों ने 97 रन की शानदार शुरुआत दी। उस समय ऐसा लग रहा था कि भारत 200 के ऊपर जाएगा लेकिन दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए लगातार विकेट निकाले और भारत को 179 रन पर रोक दिया।

गायकवाड ने 35 गेंदों पर 57 रन में सात चौके और दो छक्के लगाए जबकि किशन ने 35 गेंदों पर 54 रन में पांच चौके और दो छक्के लगाए। श्रेयस अय्यर ने 11 गेंदों में दो छक्कों के सहारे 14 रन बनाये। पांड्या ने 21 गेंदों पर 31 रन में चार चौके लगाए। कप्तान ऋषभ पंत एक बार फिर फ्लॉप रहे और आठ गेंदों में छह रन बनाकर आउट हुए। दिनेश कार्तिक ने छह और अक्षर पटेल ने नाबाद पांच रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से



ड्वेन प्रिटोरियस ने 29 रन पर दो विकेट लिए। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को उसके ओपनरों ने 97 रन की शानदार शुरुआत दी। उस समय ऐसा लग रहा था कि भारत 200 के ऊपर जाएगा लेकिन दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए लगातार विकेट निकाले और भारत को 179 रन पर रोक दिया। गायकवाड ने 35 गेंदों पर 57 रन में सात चौके और दो छक्के लगाए जबकि किशन ने 35 गेंदों पर 54 रन में पांच चौके और दो छक्के लगाए। श्रेयस अय्यर ने 11 गेंदों में दो छक्कों के सहारे 14 रन बनाये। पांड्या ने 21 गेंदों पर 31 रन में चार चौके लगाए। कप्तान ऋषभ पंत एक बार फिर फ्लॉप रहे और आठ गेंदों में छह रन बनाकर आउट हुए। दिनेश कार्तिक ने छह और अक्षर पटेल ने नाबाद पांच रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से ड्वेन प्रिटोरियस ने 29 रन पर दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेहमान टीम को भारतीय गेंदबाजों ने अपने शानदार प्रदर्शन से लगातार दबाव में रखा। अपनी लय में दिखाई दे रहे चहल ने दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम के तीन विकेट चटकाकर उसकी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। रही सही कसर हर्षल ने पहले मैच के हीरो डेविड मिलर को आउट कर पूरी कर दी। चहल ने ड्वेन प्रिटोरियस, रैसी वान डेर डुसेन और पिछले मैच के हीरो हेनरिक क्लासेन के विकेट निकाले। क्लासेन ने 24 गेंदों पर सर्वाधिक 29 रन बनाये। वेन पार्नेल 18 गेंदों में 22 रन बनाकर नाबाद रहे। रीजा हेंड्रिक्स ने 23 और प्रेटोरियस ने 20 रन बनाये।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रूतुराज गायकवाड़ का और बो महाराज | 57 | 35 | 7 | 2 |
| ईशान किशन का हेंडरिक्स बो प्रिटोरियस | 54 | 35 | 5 | 2 |
| श्रेयस अय्यर का नॉर्किया बो शम्सी | 14 | 11 | 0 | 2 |
| ऋषभ पंत का बावुमा बो प्रिटोरियस | 6 | 8 | 0 | 0 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 31 | 21 | 4 | 0 |
| दिनेश कार्तिक का परनेल बो रबाडा | 6 | 8 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 5 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 6 रन

**कुल :** 20 ओवर में पांच विकेट पर 179 रन

**विकेट पतन :** 1-97, 2-128, 3-131, 4-143, 5-158

**गेंदबाजी :** रबाडा 4-0-31-1, परनेल 4-0-32-0, नॉर्किया 2-0-23-0, प्रिटोरियस 4-0-29-2, शम्सी 4-0-36-1, महाराज 2-0-24-1

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बावुमा का आवेश बो अक्षर | 8 | 10 | 0 | 0 |
| हैंड्रिक्स का चहल बो हर्षल | 23 | 20 | 2 | 1 |
| प्रीटोरियस का पंत बो चहल | 20 | 16 | 2 | 1 |
| ड्यूसेन का पंत बो चहल | 1 | 4 | 0 | 0 |
| क्लासेन का अक्षर बो चहल | 29 | 24 | 3 | 1 |
| मिलर का रितुराज बो हर्षल | 3 | 5 | 0 | 0 |
| परनेल बो नाबाद | 22 | 18 | 2 | 0 |
| रबाडा का चहल बो हर्षल | 9 | 8 | 1 | 0 |
| महाराज का कार्तिक बो भुवनेश्वर | 11 | 8 | 0 | 1 |
| नॉर्त्जे रन आउट | 0 | 1 | 0 | 0 |
| शम्सी का आवेश बो हर्षल | 01 | 0 | 0 | |

**अतिरिक्त :** 5

**कुल :** 19.1 ओवर में 131 रन पर ऑलआउट

**विकेट पतन :** 1-23, 2-38, 3-40, 4-57, 5-71, 6-100, 7-113, 8-126, 9-131, 10-131

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-21-1, आवेश 4-0-35-0, अक्षर 4-0-28-1, चहल 4-0-20-3, हर्षल 3.1-0-25-4

# स्टार को मिले आईपीएल के टीवी राइट्स, वायकॉम को डिजिटल

### स्टार को मिले आईपीएल के टीवी राइट्स, वायकॉम को डिजिटल

मुंबई, 14 जून। स्टार इंडिया ने मंगलवार को ई-नीलामी प्रक्रिया में 2023-27 सत्र के लिये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारण अधिकार जीत लिये हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। शाह ने कहा, ''मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि स्टार इंडिया ने 23,575 करोड़ रुपये की बोली के साथ भारत के टीवी प्रसारण अधिकार खरीद लिये हैं। यह बोली महामारी के दो वर्षों के बावजूद बीसीसीआई की संगठनात्मक क्षमताओं का प्रत्यक्ष प्रमाण है।'' इसके अलावा 2023-27 के डिजिटल अधिकार वायकॉम18 ने हासिल किये हैं, जबकि शेष-विश्व के प्रसारण अधिकार टाइम्स ने जीते हैं।

शाह ने इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट किया, ''वायकॉम18 को 23,758 करोड़ रुपये की विजयी बोली के साथ डिजिटल अधिकार मिले। भारत ने एक डिजिटल क्रांति देखी है और इस क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं। डिजिटल परिदृश्य ने क्रिकेट को देखने के तरीके को बदल दिया है। यह खेल के विकास और डिजिटल इंडिया विजन का एक बड़ा कारक रहा है।''

उन्होंने कहा, ''मैं वायकॉम18 को ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन के अधिकार जीतने के लिए बधाई देता हूं। टाइम्स को मेना (मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका) और अमेरिका के अधिकार मिले हैं। आईपीएल भारत के बाहर उतना ही लोकप्रिय है जितना यहां है, और दर्शक टॉप क्लास क्रिकेट का लुत्फ उठा सकेंगे।'' शाह ने सभी बोलीदाताओं को नीलामी में हिस्सा लेने के लिये धन्यवाद दिया और कहा कि इससे होने वाले राजस्व का उपयोग बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट ढांचे को जमीनी स्तर से मजबूत करने के लिए करेगा। उन्होंने कहा, ''अब समय आ गया है कि हमारे राज्य संघ और आईपीएल फ्रेंचाइजी आईपीएल के साथ मिलकर काम करें ताकि प्रशंसकों के अनुभव को बेहतर बनाया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे सबसे बड़े हितधारक, क्रिकेट प्रशंसक की अच्छी देखभाल की जाए और वह विश्व स्तरीय सुविधाओं में उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेट का आनंद ले सकें।''


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT RAIWASA, P.S. PALSANA (SIKAR)**

No. : Proc./2022-23/66 Date : 10.06.2022

**E-Tender Notice No. 01/2022-23**

Bids for open tender of Procurement of Construction Material for Works in MGNREGA and Other Scheme in Gram Panchayat Raiwasa Panchayat Samiti Palsana(Sikar) are invited from Firms/Suppliers Registered under the GST act 2017, upto 06:00 PM of 20.06.2022 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of state.

NIB No.:- PSP2223 A0025 UBN No.:- PSP2223 GLR0029

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER
GRAM PANCHAYAT RAIWASA
PNCHAYAT SAMITI PALSANA

SARPANCH
GRAM PANCHAYAT RAIWASA
PNCHAYAT SAMITI PALSANA

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, (फ.स.) चौमूं (जयपुर)**

क्रमांक- 99-119 दिनांक 13.06.2022

**ई-निविदा सूचना**

इस मंडी समिति में सुरक्षा व्यवस्था कार्य हेतु चौकीदार उपलब्ध करवाने, कम्प्यूटर ऑपरेटर, उपलब्ध करवाने तथा सफाई व्यवस्था के लिये आगामी दो वर्ष की अवधि के लिये ठेकों हेतु इच्छुक पंजीकृत निविदादाता फर्मो से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

ऑफ-लाईन प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे। मूल डी.डी./बैंकर्स चैक जमा नहीं कराने पर निविदा नहीं खोली जावेगी। उक्त कार्यो हेतु तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित तकनीकी व वित्तीय बोली प्रपत्र एवं विस्तृत विवरण उपापन पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.raj.nic.in एवं विभागीय वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in.mandi पर अवलोकन व डाउनलोड किये जा सकते है।

प्रशासक UBN-DAM2223A0179 सचिव

**कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर ( राज. )**

No.:F-2(01)Acct/Contract/2022/111-113 Date: 13-06-2022

**ई-निविदा सूचना संख्या: 21/2022-23**

नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यों की कुल लागत | : | रूपये 113.26 लाख (09 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 15-06-2022 को प्रातः 10.00 बजे से 24-06-2022 को सांय 6.00 बजे तक |
| Online EMD Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 15-06-2022 को प्रातः 10.00 बजे से 24-06-2022 को सांय 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 27-06-2022 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN: ITU2223WSOB00241, ITU2223WSOB00242, ITU2223WSOB00243, ITU2223WSOB00244, ITU2223WSOB00246, ITU2223WSOB00247, ITU2223WSOB00248, ITU2223WSOB00249, ITU2223WSOB00250

( नीरज माथुर ) - अधिशाषी अभियन्ता- तृतीय, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर


### डिजिटल अधिकारों की कीमत के कारण बोली नहीं लगायी : डिज्नी

मुंबई, 14 जून। डिज्नी स्टार ने आईपीएल की 2023-27 साइकिल की नीलामी में डिजिटल अधिकारों के लिये बोली न लगाने की वजह बताते हुए मंगलवार को कहा कि उन्होंने आवश्यक कीमत को देखते हुए डिजिटल अधिकारों के साथ आगे न बढ़ने का फैसला लिया।

डिज्नी स्टार ने 23,575 करोड़ रुपये की बोली लगाकर टीवी प्रसारण अधिकार हासिल किये, जबकि डिजिटल अधिकार वायकॉम18 ने 25,758 करोड़ रुपये में जीते। डिज्नी स्टार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा, ''हमें इंडियन प्रीमियर लीग के साथ अपने जुड़ाव का विस्तार करके खुशी हो रही है। हम टेलीविजन चैनलों के अपने पोर्टफोलियो में अगले पांच सत्रों में आईपीएल की पेशकश करने के लिए तत्पर हैं।

हमने लंबी अवधि के मूल्य पर ध्यान देते हुए अनुशासित बोलियां लगाईं।'' कंपनी ने कहा, ''हमने डिजिटल पैकेज को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक कीमत को देखते हुए डिजिटल अधिकारों के साथ आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया। आईपीएल भारत में टेलीविजन चैनलों के हमारे पोर्टफोलियो का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो हमें वॉल्ट डिज्नी कंपनी के शक्तिशाली वैश्विक ब्रांडों और प्रतिष्ठित कहानी कहने के साथ-साथ डिज्नी स्टार के स्थानीय मूल सामग्री के प्रभावशाली संग्रह को लाखों दर्शकों को दिखाने का एक अविश्वसनीय अवसर प्रदान करता है।'' डिज्नी ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के भविष्य के अधिकारों सहित अन्य मल्टीप्लेटफार्म क्रिकेट अधिकारों की खोज करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्टार ने साल 2017 में 16,347 करोड़ रुपये की बोली के साथ आईपीएल के डिजिटल एवं प्रसारण अधिकार जीते थे।

# बेयरस्टो का तूफानी शतक, इंग्लैंड ने जीता दूसरा टेस्ट

### 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 की अपराजेय बढ़त बनाई



नॉटिंघम, 14 जून। जानी बेयरस्टो (92 गेंदों में 136) की तूफानी शतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में पांचवें और अंतिम दिन मंगलवार को पांच विकेट से हराकर दूसरा टेस्ट मैच पांच विकेट से जीत लिया और तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड ने ट्रेंट ब्रिज में दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के सामने 72 ओवर में जीत के लिए 299 रन का लक्ष्य रखा और इंग्लैंड ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 299 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

बेयरस्टो ने कमाल की पारी खेलते हुए मात्र 92 गेंदों में 14 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 136 रन ठोके। कप्तान बेन स्टोक्स ने 70 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 75 रन ठोके और टीम को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही थी और उसने अपने चार विकेट 93 रन पर गंवा दिए थे लेकिन बेयरस्टो और स्टोक्स ने पांचवें विकेट के लिए 179 रन जोड़े। बेयरस्टो का विकेट गिरने के बाद स्टोक्स ने आराम से टीम को जीत की मंजिल पर पहुंचाया। न्यूज़ीलैंड ने मैच की पहली पारी में डैरिल मिचेल (190) और टॉम ब्लंडेल (106) की बदौलत 553 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने जो रूट (176) और ओली पोप (145) की बल्लेबाज़ी पर सवार होकर 539 रन जोड़े।

दूसरी पारी में 14 रन की बढ़त के साथ बल्लेबाज़ी करने उतरी न्यूज़ीलैंड 284 रन पर ऑल आउट हो गयी। कीवियों के लिये डैरिल मिचेल ने सर्वाधिक 62 रन बनाये। इसके अलावा विल यंग ने 56 और डेवन कॉनवे ने 52 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के लिये स्टुअर्ट ब्रॉड ने तीन विकेट लिये, जबकि जेम्स एंडरसन और मैथ्यू पॉट्स को 2-2 विकेट मिले। जैक लीच ने भी एक विकेट हासिल किया। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच पांच विकेट से जीत लिया था।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है - **ई-निविदा सूचना स0 2022-23 : 79 कार्य का नाम व स्थान** : Zone Contract (Masonry & Painting & Road work) Zone - 2 Service buildings from KQW (ex) to FL (ex) & DNA to RTGH (ex) in the section of SSE/W/DNA under ADEN/DNA for year 2022-23 & 2023-24 **अनुमानित लागत रुपये** : 1,52,11,902.40 **बयाने की राशि रुपये** : 2,26,100.00 **ई-निविदा सूचना स0 2022-23 : 80 कार्य का नाम व स्थान** : Zone Contract (Water Purification & Maintenance of Aqua Guard) Zone-10:- Maintenance and supply of consumables for effective operation of chlorinator and water purification equipments & water softening/filter plants, Thermostat lining under ADEN/HQ/JU. for Year 2022-23 & 2023-24. **अनुमानित लागत रुपये** : 15,29,348.42 **बयाने की राशि रुपये** : 30,600.00 **ई-निविदा सूचना स0 2022-23 : 81 कार्य का नाम व स्थान** : Phulera - Degana CTR (P) 13.932 KM & TTR 7 Sets **अनुमानित लागत रुपये** : 7,18,57,326.87 **बयाने की राशि रुपये** : 5,09,300.00 **निविदा सूचना संख्या 2022-23/79 to 81** निविदा प्रस्तुत करने की तिथि **02.07.2022 & 05.07.2022 को 13.00 & 15.00 बजे तक है। वेबसाईट का विवरण जहाँ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है - www.ireps.gov.in**

402-AC/22

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**सार्वजनिक नोटिस**

सार्वजनिक नोटिस एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे अभिभाष्य मैसर्स Ms. CHIRIPAL RENEWABLE ENERGY PVT. LTD. लगभग 11.03. हेक्टर कृषि भूमि जो ग्राम दूदू पटवार हल्का दूदू - ए , तहसील दूदू जिला जयपुर, राजस्थान, भारत में स्थित है का अधिग्रहण करने हेतु इच्छुक एवं तत्पर है। इस कृषि भूमि के खातेदार व स्वत्व अधिकारी जिनका नाम राजस्व रेकार्ड में उपलब्ध है (जिन्हे सामूहिक रूप से 'मालिको' के रूप में संदर्भित किया जा रहा है।) इस कृषि भूमि का विशिष्ट विवरण नीचे दिया जा रहा है:-

| खसरा नंबर (नीचे दिये गये) ग्राम दूदू पटवार हल्का दूदू - ए तहसील दूदू जिला जयपुर, में अवस्थित |
|---|
| 1657, 2215, 2216, 2218, 1653, 1654, 1655, 1656, 2217 and 2214 TOTAL 10 KHASRAS |

उपरोक्त मालिको के द्वारा यह स्पष्ट घोषित किया गया है कि इस कृषि भूमि के विपणन, हस्तांतरण, शीर्षक एवं स्वत्व के अधिकार इन मालिको में स्वतंत्र रूप से निहित है। यह भी घोषित किया जाता है कि इस संपदा पर कोई भार, संल्गतक, बंधक, मुकदमेबाजी, आरोप, तृतीय पक्ष अधिकारो, अधिग्रहण से मुक्त है और किसी भी कानून, वित्तिय या नियमो के विरोधाभास में कानूनी रोक या किसी अन्य से पूर्व लेन-देन में लिप्त नही है।

उपरोक्त तथ्यो के संदर्भ में यह सार्वजनिक नोटिस एवं साधारण एवं जनसाधारण के हित में प्रकाशित किया जा रहा है कि यदि किसी व्यक्ति/संस्था या बैंक या वित्तीय संस्था के किसी अधिकार, शीर्षक, दावा उपरोक्त संपति पर हो या कोई आपत्ति हमारे अभिभाष्य के द्वारा इस कृषि भूमि के सहव्यवहार में उत्पन्न हो रही हो या किसी संस्था/व्यक्ति हित में कोई बैंक या वित्तीय संस्थान भी शामिल है की जानकारी में या वे स्वयं कोई हित या भार रखते हो या फिर सरकारी अधिग्रहण, प्रतिबंध या प्रतिरोध की जानकारी रखते हो हमारे अभिभाष्य को या निम्न हस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस की अवधि में संपूर्ण दस्तावेजी साक्ष्य के साथ सूचित किया जाये। अन्यथा इस अवधि की समाप्ती के पश्चात यही माना जायेगा कि वर्णित सम्पत्ती समस्त प्रकार के भारो से मुक्त एवं स्वतंत्र है तथा क्रय विक्रय योग्य है।

**Khanna & Associates Law Consultant & Advocates**
47, SMS Colony, Shipra Path, Mansarovar, Jaipur-20 Mb. 9828100560


# पेरू पर शूटआउट जीत के साथ विश्व कप में पहुंची ऑस्ट्रेलिया

कैनबेरा, 14 जून। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष फुटबॉल टीम ने अंतरमहाद्वीपीय प्ले-ऑफ में पेरू को हराकर 2022 फीफा विश्व कप में प्रवेश कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार सुबह कतर में पेरू को पेनल्टी पर हराकर लगातार पांचवें पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। शूटआउट के लिए मैदान में बुलाये गये गोलकीपर एंड्रयू रेडमेन मैच के नायक रहे, जिन्होंने पेरू के एलेक्स वलेरा के स्पॉट-किक को रोककर अपनी टीम की 5-4 से जीत सुनिश्चित की। रेडमेन ने कहा, ''मैं कोई हीरो नहीं हूं। मैंने बाकी सब की तरह ही अपनी भूमिका निभाई। यह मैदान पर खेल रहे 11 लोगों की ही जीत नहीं है। यह पूरी टीम के प्रयासों का नतीजा है।'' यह जीत ऑस्ट्रेलिया के कोच ग्राहम आर्नोल्ड के लिये बेहद महत्वपूर्ण है, जो टीम के क्वालिफाई न करने पर अपनी नौकरी गंवा सकते थे। उन्होंने जीत के बाद कहा, ''मुझे अपने खिलाड़ियों, स्टाफ और हमारे पिछले चार सालों के अभियान में शामिल हर व्यक्ति पर गर्व है।'' मंगलवार की जीत का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के ग्रुप-डी में फ्रांस, डेनमार्क और ट्यूनिशिया का सामना करेगी।

### क्रोएशिया से हारा मौजूदा चैम्पियन फ्रांस

पेरिस, 14 जून। मौजूदा चैंपियन फ्रांस ने क्रोएशिया से 1-0 से हारने के बाद नेशन्स लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का अपना खिताब गंवा दिया और अब उस पर दूसरी श्रेणी की लीग में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच उनके ग्रुप में शीर्ष पर चल रहे डेनमार्क ने आस्ट्रिया को 2-0 से हराकर अंतिम चार में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। डेनमार्क के नौ अंक हैं जो दूसरे स्थान की टीम क्रोएशिया से दो अंक अधिक हैं। केवल ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम ही आगे बढ़ेगी। आस्ट्रिया चार अंक लेकर ग्रुप में तीसरे स्थान पर है जबकि फ्रांस लगातार चार मैचों में जीत नहीं मिलने के कारण दो अंक के साथ अंतिम स्थान पर है। आखिरी स्थान पर रहने वाली टीम निचली श्रेणी की लीग में खिसक जाती है। क्रोएशिया की तरफ से पांचवें मिनट में ही मिडफील्डर लुका मोडरिच ने पेनल्टी को गोल में बदला। उधर कोपेनहेगेन में योनस ओल्डर विंड और आंद्रियास स्कोव ओल्सन ने डेनमार्क के लिये गोल दागे। क्रोएशिया अब 22 सितंबर को डेनमार्क की मेजबानी करेगा, जिससे ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का फैसला होगा।

### निशा कंवर ने जीते दोहरा स्वर्ण

जयपुर, 14 जून। 20वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल सूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान की बेटिया निशा कंवर, माननी कौशिक, आत्मिका गुप्ता ने धमाकेदार प्रदर्शन कर व्यक्तिगत 1 स्वणरू, 1 रजत व टीम का 1 स्वर्ण जीत कुल



3 पदक जीतकर राजस्थान का नाम रोशन किया। नई दिल्ली में चल रही 20वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप में आज प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल महिला वर्ग में निशा कंवर ने टीम स्पर्धा में माननी कौशिक व आत्मिका गुप्ता के साथ धमाकेदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक व 10 मीटर एयर राईफल व्यक्तिगत स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया तथा 10 मीटर एयर राइफल जूनियर महिला वर्ग में आत्मिका गुप्ता ने रजत पदक जीता। इस प्रकार 2 स्वर्ण व 1 रजत सहित कुल 3 पदक राजस्थान की झोली में आये। प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला वर्ग, 50 मीटर राइफल प्रोन पुरूष व महिला वर्ग, 50 मीटर थ्रीपी महिला वर्ग, 10 मीटर एयर पिस्टल महिला वर्ग, 20 मीटर रेफिर फायर पिस्टल, स्टेंडर्ड पिस्टल व स्पोर्ट्स पिस्टल की स्पर्धाएं होनी शेष है जिसमें भी टॉप खिलाड़ियों से पदक की उम्मीद है।


**कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)**

Email ID-lalsot.jaipur@vahoo.com Ph.-01431-260714

**प्ररूप-13 (नियम-13(2) देखिए)**

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका लालसोट**

क्रमांक-न.पा.ला./कृ.भू.रू./2022/1249-1253 दिनांक-06.04.2022

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में यह लाया गया है कि नगर पालिका क्षेत्र, लालसोट के निम्न खसरा नम्बरों में स्थित भूमि या उसके भाग का 17 जून 1999 के बाद की कालावधि से गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम,1956 की धारा 90-क की उपधारा (8) के अधीन पर्यवसित किए जाने के दायी है।

| क्र. सं. | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (वर्गगज) | राजस्व ग्राम | सुओमोटो हेतु प्रस्तावित रकबा | खातेदार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4368/1428 | 151.25 | लालसोट | 151.25 | शिव सहाय पुत्र फुन्दा लाल कोम महाजन अग्रवाल सा. बगडी खातेदार |
| 2 | 4369/1428 | 151.25 | लालसोट | 151.25 | गोविन्द प्रसाद पुत्र शिवसहाय अग्रवाल महाजन सा. बगडी खातेदार |
| 3 | 4370/1428 | 1058.75 | लालसोट | 352.91 | मदन मोहन, पवन कुमार पिता शंभूलाल जगदीश पिता राधेश्याम संपूर्ण रकबा, कोम ब्राह्मण, सा. देह. खातेदार |

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना प्रकाशन की तारीख से 7 दिवस के भीतर कारण बताएं कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाए और इसलिये क्यों न भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्ति निहित किया जा सकें। यह सूचना में हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 14.6.22 को जारी की जाती है।

नोट- संबंधित खातेदार इस लोक सूचना को व्यक्तिगत तालीम भी समझे व कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर पालिका लालसोट में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

प्राधिकृत अधिकारी
(अधिशाषी अधिकारी)
नगर पालिका लालसोट

## संक्षिप्त

### करंट लगने से अध्यापक की मौत

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित सुरक्षित नगर के समीप मीणा आदर्श कॉलोनी में निर्माणाधीन मकान में कार्य करते समय करंट लग जाने से अध्यापक पवन कुमार शर्मा की मौत हो गई।



अध्यापक ग्राम पंचायत झापदा के पास अनूपपुर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत था। मिली जानकारी के अनुसार निर्माणाधीन मकान में जिस समय मृतक अध्यापक कार्य कर रहा था उसी दौरान कहीं से करंट आ जाने से अध्यापक करंट की चपेट में आ गया एवं मौके पर ही अचेत होकर गिर गया। कार्य कर रहे मिस्त्रियों मजदूर द्वारा शोर शराबा सुनने पर घटनास्थल पर पहुंचे तो अध्यापक पवन शर्मा जमीन पर गिरा पड़ा हुआ था। इसके बाद युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया तो चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद अध्यापक को मृत घोषित कर दिया गया।

### प्रिया ने 94.83 अंक प्राप्त किये

**निवाई, (निसं)।** 10 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में वंशिका पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। विद्यालय के निदेशक विमलेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय की छात्रा प्रिया शर्मा ने 94.83, विशेषकुमार मीणा ने 94, आशिका जैन ने 93, तितिक्षा जैन ने 92, मेघा स्वामी ने 92 प्रतिशत, शिवांस खंडेलवाल ने 88,केशव शर्मा ने 85, पायल कंवर ने 85, देवांशु पारीक ने 82, सोएब खान ने 80. 83, आदित्य जैन ने 81 एवं प्रियांशु पटेल ने 78.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने इसका श्रेय अपने गुरूजनों एवं माता-पिता को दिया है।

### माली समाज आज ज्ञापन देगा

**टोंक, (निसं)।** सर्व माली समाज द्वारा बुधवार को सुबह 10.30 बजे डाक बंगले से रैली निकाल कर जिला कलेक्टर को 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष राम अवतार टाक, भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी जिलाध्यक्ष बबलू टैंकर, कांग्रेस पार्षद राहुल सैनी, छात्रावास अध्यक्ष रमेश बागडी के नेतृत्व में कलेक्टर को डाक बंगले से रवाना होकर जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की मौत

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती नांगल चौधरी तहसील के ग्राम लुजुता निवासी एक 24 वर्षिय युवक की विषाक्त पदार्थ खाने से मौत हो गई। राजकीय बीडीएम अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम लुजुता निवासी नरेश पुत्र मालाराम आर्य ने विषाक्त पदार्थ खा लिया जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई जिसे परिजन बीडीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्मार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया।

# मोदी सरकार का लक्ष्य 2024 तक हर घर नल से पानी पहुंचे: सतीश पूनिया

- केंद्र की मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण जनसभा का आयोजन
- जनसभा स्थल पर उम्मीद से कम भीड़ नजर आई और कुर्सियां आधी ही भर पाई

**टोंक, (निसं)।** केंद्र की मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर भाजपा टोंक द्वारा सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पुनिया रहे।

जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि मोदी सरकार के 8 सालों में 12 करोड़ गरीब महिलाओं को उज्जवला योजना के अन्तर्गत कनेक्शन देने का काम किया है। 45 करोड़ जन-धन खाते खोलकर 13 हजार करोड़ रूपये जन-धन खातों में भेजकर मोदी ने भ्रष्टाचार पर चोट की है।

10 करोड शौचालय तैयार कर माताओं व बहनों को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य है कि 2024 तक हर घर को नल से पानी पहुंचाया जाये। मोदी के नेतृत्व में आज अयोध्या में राम मंदिर बनता देख रहे हैं, वहीं कश्मीर में जहां लाल चौक में तिरंगा नहीं फहराने दिया जाता था, आज मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर आज उसी लाल चौक पर शान से तिरंगा लहरा रहा है।

पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के आठ वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से घूमा विकास का पहिया थमने का नाम नहीं ले रहा है। जनसभा में पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गांव की अन्तिम पंक्ति में बैठे हर वर्ग के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य मात्र 8 वर्ष में कर दिया। किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिए केन्द्र सरकार ने कई योजनाओं से लाभ पहुंचाने का कार्य किया है और मोदी सरकार ने 8 सालों में ऐतिहासिक कार्य किए हैं जो किसी से छुपे नहीं है।

जनसभा में सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायक कन्हैया लाल चौधरी, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, राजेन्द्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, अजयपाल सिंह, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, महेंद्र यादव, श्रवण बागडी, एस टी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र मीणा, किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सादिक खान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनिवास गुर्जर, लक्ष्मी जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश चंदेल, गणेश माहुर, सत्यनारायण चौधरी, पूर्व सफाई आयोग सदस्य दीपक संगत, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री चन्द्रवीर सिंह चौहान, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, नरेश बंसल, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, प्रधान रामावतार लांगडी, नीलिमा आमेरा, विकार खान,जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



टोंक में आयोजित जनसभा को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने संबोधित किया।

जनसभा स्थल पर उम्मीद से कम भीड नजर आई और रामलीला मैदान में लगाई कुर्सियां आधी ही भरी नजर आई और पांडाल खाली नजर आए। कार्यक्रम में दबी जुबान कई भाजपाई कहते भी नजर आए कि कार्यक्रम इस जगह इसलिए रखा गया कि कम जगह पर भीड अधिक नजर आए, पर इस स्थान पर भीड नजर नही आई। कार्यक्रम में यह भी चर्चा रही कि सभा स्थल पर लगाएं पोस्टरों व होर्डिंग में वसुधंरा राजे के फोटो गायब रहा। जिसको लेकर भी अलग अलग चर्चाएं सामने आती रही।

## सार-समाचार

### छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावकों का सम्मान किया



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** एलबीएस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में एक बार फिर अपना लोहा मनवाया। विद्यालय के वैभव अग्रवाल ने 94.83 प्रतिशत, सौरभ ने 94 प्रतिशत, नमन सर्वा ने 92.50 प्रतिशत, विशेष सर्वा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । संस्था की प्रधानाचार्य सुमन शर्मा के अनुसार स्कूल के 33 विद्यार्थियों में से 4 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक व 10 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए अन्य सभी बच्चों ने भी 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्था निदेशक जितेंद्र शर्मा ने बच्चों को पुरस्कृत करके अभिभावक व समस्त स्टाफ को मिठाई खिलाते हुए अपनी खुशी अभिव्यक्त की और बधाई दी। इसी तरह राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर के प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह शेखावत ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 10 के घोषित परीक्षा परिणाम में छात्रा सृष्टि अग्रवाल ने 91.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व छात्रा टीना सैनी ने 89.83 अंक प्राप्त विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । शेखावत के अनुसार विद्यालय की 55 छात्राओं ने प्रथम व 45 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### 138 यूनिट रक्त एकत्र किया




**जयपुर।** अभिव्यक्ति क्लासेज जयपुर व एस एस ब्लड बैंक द्वारा रक्त की कमी को देखते हुए निदेशक कृष्ण यादव द्वारा विश्व रक्त दाता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगवाया गया जिसमें 138 यूनिट रक्त एकत्र किया गया व छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### मोहित ने नाम रोशन किया

**निवाई, (निसं)।** माध्यमकि शिक्षा बोर्ड 10 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शिवाजी कॉलोनी में संचालित आदर्श विद्या मंदिर के छात्र मोहित यादव ने 96.83 प्रतिशत अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय संस्था प्रधान मोहनलाल स्वामी ने बताया कि कुल 51 छात्र-छात्राओं में से 38 छात्र/छात्रा प्रथम श्रेणी से उर्त्तीण हुए है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्र आदित्य यादव ने 93.50 प्रतिशत, लिवाशु नामा ने 90.83 प्रतिशत, योगिता मीणा ने 89.83 प्रतिशत, सिया सेवलिया ने 88. 66 प्रतिशत, सलोनी बैरवा ने 83.83 प्रतिशत, सोना मीणा ने 83.83 प्रतिशत, तन्वी शर्मा,83.00 प्रतिश अंकित अर्जित किए।

### एंजेल एकेडमी स्कूल ने परचम लहराया

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय एंजेल एकेडमी स्कूल ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराते हुए दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय सहित क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। प्रिंसिपल ज्योति आडतानी ने बताया एंजेल स्कूल के छात्र अनुभव वर्मा पुत्र मोतीलाल वर्मा ने कक्षा में सबसे अधिक 98.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, साथ ही 95 प्रतिशत से ऊपर 14 विद्यार्थी और 90 प्रतिशत से ऊपर 37 विद्यार्थी रहे। 98.17 प्रतिशत अंक लाने पर छात्र अनुभव वर्मा का ढोल नगाड़ों के साथ किया भव्य स्वागत किया गया।

### बालिकाओं ने लहराया परचम

**सांभरझील, (निसं)।** आरबीएसई दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में निजी विद्यालयों की छात्राओं ने सर्वाधिक अंक हासिल कर सांभर में टॉपर होने का गौरव हासिल किया है, वहीं सरकारी स्कूल इस बार भी पीछे ही रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मदर टेरेसा शिक्षण संस्थान की छात्रा प्रिया शर्मा पुत्री विजय कुमार शर्मा ने दसवीं बोर्ड में 94.33 प्रतिशत अंक हासिल कर सांभर में टॉपर रही है, दूसरे स्थान पर सरस्वती सीनियर सैकण्डरी स्कूल की छात्रा प्रिंसी सैनी पुत्री हेमराज सैनी ने 94 प्रतिशत, मदर टेरेसा शिक्षण संस्थान की छात्रा हर्षिता जैन पुत्री विनोद जैन ने 92.33 एवं सलोनी नागला पुत्री शम्भूदयाल नागला ने 91.33 फीसदी अंक कर कस्बा का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि इन चारों छात्राओं के अन्य विषयों के मुकाबले गणित में सबसे अधिक अंक प्राप्त हुये है।

### लक्षिता ने 98.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किये

पावटा, (निसं)। 10 वीं बोर्ड परीक्षा में लक्षिता बसवाल पुत्री बलबीर बसवाल व्याख्याता निवासी बडनगर ने 98.17 प्रतिशत अंक हासिल कर कीर्तिमान स्थापित कर यह साबित कर दिया कि बेटियां भी किसी से कम नहीं है। लक्षिता ने जिसका श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया। छात्रा लक्षिता के पिता बलबीर बसवाल स्कूल व्याख्याता है। बलबीर बसवाल ने बताया कि वह आगे की पढाई पूरी कर डॉक्टर बन समाज सेवा करना चाहती है।

## करंट से रेलवे अधिकारी की मौत

**पावटा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में जोधपुर मंडल के जोधपुर मेडता रोड रेल खंड के मध्य साथीन रोड रेलवे स्टेशन के पास मेंटिनेस कोच में करंट आने से ग्राम पंचायत पाछुडाला के ढाणी छिंड के निवासी धर्मेंद्र सिंह शेखावत पुत्र राजेंद्र सिंह शेखावत रेलवे अधिकारी की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार साथीन रोड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन दोहरी का कार्य चल रहा है इस कार्य को करवा रहे सीनियर सेक्शन इंजीनियर धर्मेंद्र सिंह शेखावत निवासी ग्राम पंचायत पाछुडाला के ढाणी छिंड सोमवार दोपहर में जब स्टेशन पर खडे मेंटेनेंस कोच में आए कोच में चढ़ते समय करंट लगने के कारण घायल हो गए। जिन्हें घायल अवस्था में तत्काल पीपाड सिटी के राजकीय जिला चिकित्सालय में लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों मौके पर जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवा उनके सुपुर्द किया।

# पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे में मंगलवार को पीने की पानी की समस्या को लेकर दर्जनों महिलाएं एसडीएम कार्यालय पर पहुंची। वहीं जिम्मेदार अधिकारी एसडीएम सुनीता मीणा भी कार्यालय पर 2 घंटे देरी से पहुंची।

इस दौरान मौजूद महिला एवं ग्रामीणों ने उपसरपंच आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में पेयजल समस्या को लेकर एसडीएम सुनीता मीणा को ज्ञापन दिया। महिलाओं ने बताया कि तहसील परिसर के पीछे बसई सड़क मार्ग पर करीब 2 महीने से नलों में पीने का पानी नहीं आने से पेयजल समस्या बनी हुई है। जिससे इस गर्मी के मौसम में महिलाओं को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड रहा है। लेकिन जलदाय विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है । ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग द्वारा तीन दिन में पेयजल समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जनता द्वारा आन्दोलन किया जायेगा। इस मौके पर पार्षद पति मुकेश गोठवाल, दिनेश जाट, हनुमान पापट्यान, बाबूलाल, राहुल, शबनम, सुनीता, देवकी, संतोष, लक्ष्मी, माया, पिंकी, सावत्री, केसरी सहित अनेक महिला और पुरुष मौजूद थे ।



नारायणपुर में पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं व ग्रामीणों ने एसडीएम सुनीता मीणा को ज्ञापन दिया।

## वन विभाग की टीम पर हमला करने वाले गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र में 12 जून को हरे पेड़ की लकड़ियां काटकर ले जाने वाले माफियाओं पर कार्रवाई करने पहुंची वन विभाग की टीम पर राजकार्य में बाधा पहुंचाते हुए हमला करने का मामला सामने आया है। जिसका वन विभाग की टीम द्वारा वन माफियाओं के खिलाफ फुलेरा पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए फुलेरा थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान के तहत पुलिस की गठित टीमों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों की जगह-जगह पर तलाश की, जिस पर मुखबिर की सूचना के आधार पर घनश्याम मीणा व सुरेन्द्र मीणा को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया।

## 'बिना लाइसेंस के खाद, बीज बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी'

- कलेक्टर ने उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक में निर्देश दिये

**दौसा, (निसं)।** जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि जिले में बिना लाइसेंस के खाद, बीज बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाही की जायेगी। किसान बुवाई के दौरान खाद, बीज खरीदते समय दुकानदारों से बिल जरूर लें, ताकि गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाही करने में बिल का उपयोग किया जा सके।

मंगलवार को राजीव गांधी सेवा केन्द्र में आयोजित जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक को संबोधित करते हुये जिला कलक्टर ने यह बात कही।उन्होंने कहा कि ग्राहकों को जागरूक व संगठित रहकर अपने अधिकारों का उपयोग करना चाहिए तथा आमजन में अपने अधिकारों के प्रति चेतना जागृत करने के लिये आगे आकर कार्य करना चाहिये। उन्होने कहा कि जिले में परिषद का गठन जिस उद्देश्य से किया गया उससे आम जनता को फायदा होना चाहिए। जिला कलक्टर कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये जिले में संचालित वैध एवं अवैध खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण करे तथा खाद, बीज के सैम्पल लेकर उचित कार्रवाही करे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राम खिलाडी मीना ने उपस्थित सदस्यों की समस्यों के तत्परता से समाधान के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये।

## विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**चाकसू, (निसं)।** क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा 10वीं में श्रेष्ठ अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय स्टाफ व जनप्रतिनिधियों ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। 95.67 प्रतिशत परिणाम देने वाले निजी विद्यालय के छात्र विशाल चौधरी का विद्यालय स्टाफ व पूर्व भाजपा विधायक प्रत्याशी रामवतार बैरवा ने माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही क्षेत्र की अन्य विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रा कोमल चौधरी के 90.50 प्रतिशत, प्रिया बिजारणिया के 90 प्रतिशत, खुशबू बैरवा के 90 प्रतिशत एवं भोज्याडा की निकिता यादव के 91.33 प्रतिशत अंक आने पर टूंटोली सरपंच राधामोहन शर्मा एवं भोज्याडा सरपंच सुनीता नायक एवं विद्यालय स्टाफ ने छात्राओं का घर-घर जाकर सम्मान किया व हौसला बढ़ाया।सभी जनप्रतिनिधियों ने शत प्रतिशत परिणाम देने वाले विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं।

## पालिका ने 19 लाख के निर्माण कार्यों की निविदा निरस्त की

**मालपुरा, (निसं)।** पार्षदों द्वारा सोमवार को जिला कलेक्टर व डीडीआर को पत्र प्रेषित कर पालिका द्वारा निकाली गई 19 लाख के निर्माण कार्यों की निविदा में धांधली व नियमों के विपरीत निविदा का आरोप लगाये जाने के बाद मंगलवार को पालिका ईओ व अध्यक्ष द्वारा मामले की पड़ताल कर निविदा निरस्त की गई।

पालिका अध्यक्ष आशा नामा ने बताया कि 19 लाख रूपये की लागत के 2 विकास कार्यों की ऑनलाईन टेण्डर प्रक्रिया की गई थी। जिसमें आरटीपीपीपी एक्ट के तहत गठित उपापन कमेटी में निर्णय लेकर 8 जून को ऑनलाईन निविदा जारी कर 13 जून को संवेदकों से निविदा आंमत्रित की गई थी। जिसमें निविदा आवेदन फार्म जारी करने के निर्धारित समय तक कोई संवेदक निविदा लेने नहीं पहुंचा जिसके चलते दोनों कार्यों की निविदा को निरस्त किया गया है। नामा ने अवगत करवाया कि पार्षदों द्वारा लगाये गये धांधली के आरोप निराधार है।

## श्री श्याम बाबा का जागरण आज

**पावटा, (निसं)।** श्री श्याम गोपाल मंडल भांकरी द्वारा श्री श्याम बाबा का 27वां विशाल जागरण व भंडारा वार्षिक महोत्सव आज श्याम जी का मंदिर भांकरी मे मनाया जा रहा है।

श्री श्याम गोपाल मंडल भांकरी पदाधिकारियों व सेवादारों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दादा गुरु रमेश जिंदल कोटपुतली, मंडल गुरु नरेश नारायणपुर के सानिंध्य मे श्याम बाबा का 27वां विशाल जागरण व भंडारा वार्षिक महोत्सव आज श्याम जी का मंदिर भांकरी मे आयोजित किया जायेगा।

# भूमाफियाओं ने विद्यालय के खेल मैदान पर कब्जा कर की तारबंदी

- कूटरचित दस्तावेजों से मिलीभगत कर निजी खातेदारी में तब्दील करने का आरोप
- ग्रामीणों द्वारा परिवाद दायर करने पर एसडीएम कोर्ट ने जारी किया स्थगन आदेश

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत शुक्लावास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान की करीब 12 बीघा भूमि को भूमाफियाओं द्वारा खुर्द-बुर्द किये जाने का मामला सामने आया है। उक्त भूमि पर कुछ भूमाफियाओं द्वारा कथित तौर पर कब्जा कर तारबन्दी की गई थी जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा एसडीएम कोर्ट में परिवाद दायर करने पर न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश भी जारी किया गया है।

सरपंच सचिन यादव व समाजसेवी राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि मामले की जानकारी होने पर विद्यालय भूमि का राजस्व रिकॉर्ड एकत्रित किया गया। पूर्व में शिक्षा विभाग के नाम से विद्यालय खेल मैदान के नाम दर्ज भूमि को कूटरचित दस्तावेजों से मिलीभगत कर निजी खातेदारी में तब्दील किया गया है। पूर्व में ग्रामीणों को इस बाबत कोई जानकारी नहीं थी। खेल मैदान की भूमि खसरा नम्बर 171 से 175 व 180 से 182 की करीब 12 बीघा पक्की जमीन को ग्रामीण स्व. रूडमल वैध द्वारा अपने नाम करवा लिया गया था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को होने पर सभी ने निन्दा करते हुए संयुक्त मेजरनामा लिखकर करीब 250 ग्रामीणों ने विद्यालय की भूमि बचाने के लिए कानूनी कार्यवाही का निर्णय लिया।



कोटपूतली की निकटवर्ती ग्राम पंचायत शुक्लावास में विद्यालय के खेल मैदान पर भूमाफियाओं ने अवैध कब्जा कर तारबंदी की।

ग्राम पंचायत की बैठक में सरपंच सचिन यादव की अध्यक्षता में जमाबंदी रिकॉर्ड को दुरूस्त करवाकर विद्यालय का मैदान बचाये जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। मामले में सरपंच सचिन यादव, उपसरपंच नाहरसिंह मीणा, पंच राहुल सोनी, नत्थुराम यादव, सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास, पूर्व सरपंच ओमकार सिंह यादव आदि के द्वारा एसडीएम कोर्ट कोटपूतली में परिवाद दायर किया गया। जिसके बाद न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी किया है।

क्या है मामला संवत् 2025 तक उक्त भूमि जमाबंदी खतौनी व गिरदावरी में स्कूल फील्ड के नाम दर्ज चली आ रही थी। जिसके बाद राजस्व व सैटलमेंट विभाग से मिलीभगत कर उक्त सामलाती भूमि को स्व. रूडमल वैध द्वारा अपने नाम करवा लिया गया। जिसे रूडमल वैध की मृत्यु के बाद योगेश कुमार शर्मा, दिल्ली को बेचान किया गया।

वहीं बार-बार उक्त भूमि को खरीद फरोख्त कर खुर्द बुर्द करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके बाद ग्राम मीरापुर (द्वारिकपुरा) निवासी लीलाराम व खेमचन्द पुत्रान सोहन लाल, हरिराम, रामपाल व छाजुराम पुत्रान जग्गाराम गुर्जर द्वारा अपने नाम बेचान नामा करवाकर स्कूल फिल्ड में पील्लर व जाल लगाये गये हैं। जिस पर ग्रामीणों ने विरोध दर्ज करवाते हुए न्यायालय की शरण ली है।

# दूषित दूध व मिल्क केक को कराया नष्ट, सैंपल लिये

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** एसडीएम गंगाधर मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने सरकार की ओर से शुरू किए गए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत किशनगढ बास, खैरथल व गांव इस्माइलपुर में संचालित आइस फैक्ट्री ज्योति, फिजा मिल्क केक, गोयल मसाला उद्योग व ओम मिष्ठान भंडार पर कार्रवाई की और जांच के दौरान मौके पर मिले दूषित मिल्क केक, दूध को नष्ट कराकर मिल्क केक, दूध, आइसक्रीम, मिर्च पाउडर का सैंपल लेकर साफ सफाई रखने के लिए निर्देश दिए।

एसडीएम गंगाधर मीणा ने बताया कि सरकार की ओर से चलाए गए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत जिला कलेक्टर शिवप्रसाद नकाते के आदेशों की पालना में तहसीलदार खाद्य सुरक्षा व डेरी विभाग के अधिकारियों की टीम गठित कर मंगलवार को किशनगढ बास में बांसडा रोड पर संचालित ज्योति आइसक्रीम फैक्ट्री, बाझोट इस्माइलपुर संचालित फिजा मिल्क केक कारखाना, खैरथल इस्माइलपुर रोड पर स्थित ओम मिष्ठान भंडार, गोयल मसाला उद्योग पर पहुंचकर शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत गुणवत्ता की जांच की गई।

जांच के दौरान बाझोट इस्माइलपुर में संचालित फिजा मिल्क केक पर करीब 300 लीटर दूध व 56 किलो मिल्क केक को नष्ट कराया गया और मिल्क केक का सैंपल जांच के लिए लिया गया। खैरथल इस्माइलपुर रोड पर स्थित ओम मिष्ठान भंडार पर 10 किलो रसगुल्ले नष्ट कराए व मिष्ठान भंडार मालिक को साफ सफाई रखने के लिए कहा। एसडीएम गंगाधर मीणा के नेतृत्व में खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता देखने के लिए किशनगढ़ बास खैरथल और गांव इस्माइलपुर पहुंची संयुक्त अधिकारियों की टीम को देख मिष्ठान भंडार व मिल्क केक बनाने वाले कारखाना मालिकों में खलबली मची है।



एसडीएम गंगाधर मीणा व अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता की जांच की।



आरक्षण की मांग को लेकर सैनी समाज के लोग तीसरे दिन भी नैशनल हाइवे 21 पर डटे रहे। मंगलवार की देर शाम वार्ता का दौर शुरू हुआ।

# डोटासरा सहित कई कांग्रेसी नेताओं को दिल्ली बॉर्डर पर पुलिस ने हिरासत में लिया

## डोटासरा से बोली दिल्ली पुलिस-आज के दिन आप आपातकाल ही समझें

जयपुर, 14 जून (का.प्र.)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से लगातार दो दिन से हो रही ई.डी. की पूछताछ के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह मंगलवार को भी जारी रहा। सोमवार को जहां सभी राज्यों में ईडी की कार्यवाही के खिलाफ धरने-प्रदर्शन हुए, वहीं मंगलवार को प्रदेशों के नेताओं सहित पदाधिकारी और विधायक दिल्ली की ओर कूच कर गए। राजस्थान से भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई मंत्री- विधायक दिल्ली रवाना हुए, लेकिन इन सभी को पुलिस ने हरियाणा बॉर्डर पर ही रोक लिया। सभी नेताओं को शाम तक पुलिस ने अलग-अलग थानों में रोके रखा और शाम को सबको छोड़ दिया। हालांकि सोमवार रात को ही जयपुर से जाने वाले कई नेता अलग-अलग रास्तों से एआईसीसी मुख्यालय तक भी पहुंच गए।

मंगलवार सुबह राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और कुछ पदाधिकारी जैसे ही हरियाणा बॉर्डर पार करके दिल्ली बॉर्डर पर पहुंचे तो वसंत कुंज पुलिस ने उन्हें वहीं रोक लिया और स्पष्ट रूप से कहा कि आगे नहीं जाने देने के आदेश है। यहां पर पुलिस के साथ में डोटासरा की बहस भी हुई, लेकिन पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी और बाद में उन्हें अज्ञात जगह रखने के बाद शाम को छोड़ दिया गया। यहां से फ्री होने के बाद डोटासरा सीधे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय पहुंच गए।

डोटासरा ने कहा कि "इस देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है। दिल्ली में राजस्थान के लोगों को आने-जाने नहीं दिया जा रहा। राहुल गांधी के साथ जिस तरह का बर्ताव किया जा रहा है। वह देश देख रहा है। आज तो हद हो गई। जब हम दिल्ली आ रहे थे, तो हमें बॉर्डर पर रोककर यह कहा कि आपके लिए आपातकाल है। आज के दिन आप आपातकाल ही समझें। किसी भी कीमत पर दिल्ली में एंट्री नहीं करने देने के आदेश मिले हैं। पुलिस ने हमें रोककर गाड़ियों में अपने साथ ले गई और हमें वसंतकुंज थाने के पास अज्ञात जगह पुलिस पहरे में रखा गया। ऐसी निर्दयी सरकार अंग्रेजों से भी ज्यादा जुल्म कर रही है। इसका खात्मा जरूरी है।" उन्होंने कहा "मैं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील करना चाहूंगा कि समय आ गया है कि ऐसे जुल्मियों को 2024 में सत्ता से हटाना है। राहुल गांधी ना डरे हैं ना घबराए हैं। सत्य हमेशा जीता है। बीजेपी और मोदी का षड्यंत्र जरूर हारेगा।"

- **राजस्थान से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा सहित कई मंत्री व विधायक दिल्ली रवाना हुए, जिन्हें हरियाणा बॉर्डर पर ही पुलिस ने रोक लिया।**
- **सभी नेताओं को अलग-अलग थानों में रखा गया और शाम को छोड़ दिया गया, सभी फिर अलग-अलग रास्तों से ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पहुंचे।**

डोटासरा के साथ जाने वाले अन्य पदाधिकारियों को भी वसंत कुंज थाना पुलिस ने रोककर कहा हम पूरी रात से हाईवे पर आपका ही इंतजार कर रहे हैं। बहस के दौरान जब डोटासरा ने कहा कि क्या वह निजी काम से दिल्ली नहीं जा सकते? तो पुलिस ने कहा सारे अधिकारों की बात थाने में जाकर करेंगे। इसके बाद कांग्रेस नेताओं को वसंतकुंज थाने की बिल्डिंग में ही अलग-अलग कमरों में बैठाए रखा गया। यहां थाने की बिल्डिंग टैंट लगाया हुआ था, जिसमें भी कुछ कांग्रेसियों को रखा गया था। थाने में घुसने के बाद किसी भी नेता या कार्यकर्ता को पुलिस ने देर शाम तक बाहर नहीं जाने दिया।

बताया जाता है कि यहीं पर राजस्थान के पदाधिकारियों के अलावा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, सेवादल अध्यक्ष लालजी देसाई, एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज कुंदन, एआईसीसी सेक्रेट्री बीएन संदीप, ओबीसी विभाग के अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव, देशराज मीणा, जसवंत गुर्जर भी थे।

# आरक्षण के लिए सैनी समाज के लोग तीसरे दिन भी भरतपुर हाईवे पर डटे रहे

## नैशनल हाईवे 21 पर पिछले तीन दिनों से यातायात पूरी तरह से ठप्प पड़ा है

भरतपुर, 14 जून (निसं)। माली, सैनी, कुशवाहा, शाक्य और मौर्य समाज के लोग सरकारी नौकरियों में 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 के अरौदा गांव में पिछले तीन दिन से आंदोलन कर रहे हैं, जिससे इस राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप्प है।

मंगलवार की देरशाम को आंदोलनकारियों से वार्ता का दौर शुरू हुआ है। शाम को सैनी समाज एक 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आईजी ऑफिस पहुंचा। यहां संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, कलैक्टर आलोक रंजन, आईजी प्रसन्न खमेसरा और एसपी श्याम सिंह के साथ शुरुआती वार्ता चली। इस आंदोलन में रास्ता जाम करने आम लोगों को परेशानी में डालने, यातायात अवरूद्ध करने के संबंध में पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज किए जाने की भी चर्चा है।

दूसरी तरफ संभागीय आयुक्त सांवर मल वर्मा ने भरतपुर के चार कस्बों नदबई, वैर, भुसावर और उच्चैन

- **आरक्षण की मांग को लेकर माली, सैनी, कुशवाहा, शाक्य और मौर्य समाज के लोग गत तीन दिनों से एन.एच. 21 पर धरने पर बैठे हैं।**
- **भरतपुर के चार कस्बों में इन्टरनैट बुधवार सुबह 11 बजे तक बंद रहेगा।**

तहसीलों में इंटरनेट सेवा बंद को अगले 24 घंटों के लिए बढ़ ा दिया है। अब बुधवार सुबह 11 बजे तक इंटरनेट बंद रहेगा। मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि समाज के लोग यहां आएं और वार्ता करें, ताकि हाइवे खुले और लोगों को राहत मिल सके और आपकी बात भी सरकार तक पहुंच सके।

राजस्थान के भरतपुर जिले में सैनी माली कुशवाहा मौर्य शाक्य समाज का 12प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर 3 दिन से आंदोलन जारी है। आन्दोलन कर रहे लोगों ने नेशनल हाईवे नम्बर 21 आगरा - जयपुर पर नदबई तहसील के अरौदा गांव के पास चक्का जाम किया हुआ है। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह 2 दिन से आंदोलन कर रहे नेताओं से वार्ता करने के लिए बैठे हुए हैं । नेताओं को वार्ता के लिए न्योता भी भेजा है। आंदोलनकारियों ने वार्ता के लिये 31 सदस्यों की लिस्ट प्रशासन को भेजी है।

मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आंदोलन से आमजन परेशान हो रहा है । भीषण गर्मी पड़ रही है तापमान 45 डिग्री के बीच चल रहा है । आंदोलन स्थल पर बुजुर्ग और महिलाएं बैठी हुई हैं यदि कोई अप्रिय घटना हुई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। विश्वेन्द्र सिंह ने आंदोलनकारियों से अपील की है उनके नेता वार्ता के लिए सामने आए जिससे उनकी मांग को ऊपर तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि "मुझे तो फिलहाल ऐसा लगता है कि इस आंदोलन का कोई नेता भी नहीं है।"

## सुप्रीम कोर्ट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रहे हैं तथा अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के आंदोलनकारियों का पीछा करके, पुलिस उन्हें पीट रही है।

पत्र-याचिका कहती है, "सरकार द्वारा कानून के शासन तथा नागरिकां के अधिकारों के उल्लंघन के ऐसे अस्वीकार्य हनन एवं विनाश द्वारा नृशंसता का यह प्रदर्शन संविधान तथा गांरटीयुक्त मौलिक अधिकारों का मजाक उड़ाने के समान है।

पुलिस तथा विकास अधिकारियों ने मिलकर जिस तरह से यह कार्यवाही की है, उसका स्पष्ट सार यह है कि मकान गिराया जाना सामूहिक अतिरिक्त - न्यायिक दंड का एक रूप है, जिसकी उत्तरदायी राज्य सरकार की नीति है, जो गैर कानूनी है। पत्र में यह कहते हुए, कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में माइग्रैंट मज़दूरों और पैगसस केस पर स्वत: संज्ञान लिया था, आग्रह किया गया कि सुप्रीम कोर्ट को उत्तर प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी स्वत: संज्ञान लेना चाहिए।

## पवार ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पास 300 से अधिक सांसद हैं तो (राष्ट्रपति) चुनाव का नतीजा क्या होगा- मैं जानता हूँ। मै राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नहीं बनूँगा।

उसके ठीक एक साल बाद, इस समय जब उनके विपक्ष का उम्मीदवार बनने पर चर्चा जोर पकड़ रही है लेकिन चुनाव-प्रक्रिया का मंच अभी तैयार हो रहा है तथा पवार, अपनी आदत एवं उसूल के अनुरुप, स्थिति को ध्यान से देख रहे हैं तथा उसका आँकलन कर रहे हैं। एन.सी.पी. प्रमुख की व्यवहारवादी राजनीति तथा उनके सुधार-समर्थक एजेण्डा ने उन्हें संपूर्ण देश के पूरे राजनैतिक परिदृश्य के सम्मान एवं आदर का पात्र बनाया है। यहाँ तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उन्हें अपना "राजनैतिक गुरु" कहते हैं।

पवार ने अपनी सुदीर्घ राजनैतिक यात्रा में कई मील के पत्थर स्थापित किये हैं। वे सबसे पहले 1967 में बारामती विधानसभा क्षेत्र से महाराष्ट्र विधानसभा के लिये निर्वाचित हुये। वे 1978 तक राज्य सरकार में निरन्तर मंत्री बनते रहे तथा 1978 में उन्होंने पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री का पदभार (1978 से 1980 तक) ग्रहण किया। वे दो बार और (1983-91 तथा 1993-95) मुख्यमंत्री रहे। वे छ: बार लोकसभा सदस्य चुने जा चुके हैं तथा कई बार केन्द्रीय मंत्री रहते हुये विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों, जिनमें रक्षा एवं कृषि भी शामिल हैं, को संभाल चुके हैं।

1999 तक कांग्रेस के कद्दावर नेता रहने के बाद, वे 1999 में उस समय वे पार्टी से अलग हो गये तथा पार्टी के खिलाफ विद्रोह का झंडा उठा लिया, जब पार्टी ने इटली में जन्मीं सोनिया गांधी को पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में प्रोजैक्ट किया। वे कांग्रेस से निष्कासित कर दिये गये तथा इसके बाद उन्होंने अपनी स्वयं की पार्टी एन.सी.पी. बना ली।

लेकिन उनके राजनैतिक व्यवहारवाद तथा उनकी चतुराई ने सदैव ही उनकी राजनीति को परिभाषित एवं रेखांकित किया है।

इसलिये, कांग्रेस से अलग हो जाने के बाद भी एन.सी.पी. ने गठबंधन सरकारें बनाने के लिये सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया- पहले महाराष्ट्र में तथा उसके बाद केन्द्र में। उनका राजनैतिक व्यवहारवाद नवम्बर 2019 में उस समय एक बार पुन: खुलकर सामने आया, जब शिवसेना के साथ अपने सैद्धान्तिक मतभेदों को भूलकर, उन्होंने एम.वी.ए. सरकार के गठन में मास्टरमाइन्ड की भूमिका अदा करते हुये, एन.सी.पी., कांग्रेस एवं शिवसेना का असंभावित प्रतीत होने वाला गठबंधन खड़ा कर दिया।

## दूसरे दिन भी ई.डी. द्वारा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कोशिश करने वाले कांग्रेस नेताओं को पकड़ा जा सके।

बड़ी संख्या में आए कांग्रेस नेता जो ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर राहुल के साथ सत्याग्रह के रूप में धरने पर बैठने के बाद उनके साथ ई.डी. के मुख्यालय पर आए थे, की पुलिस ने पिटाई की और सी.आर.पी.सी. की धारा 144 का उल्लंघन करने को लेकर उन्हें राजधानी के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में ले जाया गया। कांग्रेस ने धरने में प्रण लिया था कि वह गिरफ्तारियों और उसके शीर्ष नेताओं के खिलाफ बनाए गए झूठे केसों की भयभीत चालबाजियों के आगे नहीं झुकेगी।

राहुल अपनी बहन एवं ए.आई.सी.सी. महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ आए थे। पुलिस ने प्रियंका को छोड़ दिया क्योंकि वह अपने सिक्योरिटी कवर के साथ थीं, जबकि गिरफ्तार किए गए नेताओं में दो मुख्यमंत्री राजस्थान के अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल शामिल थे।

पूर्व केन्द्रीय गृह एवं वित्त मंत्री पी. चिदंबरम, जो कि पुलिस की हाथापाई में सोमवार को घायल हो गये थे, मंगलवार को विरोध स्थल पर पुन: लौट आए। हालांकि पुलिस ने सोमवार को उन पर बल प्रयोग किए जाने से इंकार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कानून के दुरूपयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है। यदि ई.डी. कानून की अनुपालना करता है तो हमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन वह कानून की पालना नहीं कर रहा है। काले धन को वैध करने के केस में पी.एम.एल.ए. (प्रिवैन्शन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट) जबरन लगाया जा रहा है।"

उन्होंने कहा कि पी.एम.एल.ए. कानून के तहत कोई केस दर्ज करने के बाद ही जांच कार्यवाही शुरू की जा सकती है। उनके सहज प्रश्न थे: "निर्धारित अपराध क्या है। इसका कोई उत्तर नहीं है। कौनसी पुलिस एजेंसी ने एफ.आई.आर. दर्ज की है? इसका भी उत्तर नहीं है। हमने एफ.आई.आर. की कॉपी मांगी। कोई उत्तर नहीं।"

चिदंबरम ने कहा कि "निर्धारित अपराध और एफ.आई.आर. के बिना पी.एम.एल.ए. के तहत ई.डी. की जांच का सवाल ही नहीं है? स्पष्ट रूप से, वे कानून की अनुपालना नहीं कर रहे हैं, और एक लोकतंत्र में हम विरोध प्रदर्शन का हक रखते हैं।"

उन्होंने कहा कि ई.डी. ने इसी प्रकार कांग्रेस के सीनियर नेता एवं ए.आई.सी.सी. कोषाध्यक्ष पवन बंसल से एसोसिएटेड जर्नल्स के चेयरमैन के रूप में और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से यंग इण्डिया लिमिटेड के एक ट्रस्टी के रूप में अप्रैल माह में पूछताछ की थी, लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई।

तथापि, ई.डी. सूत्रों का कहना है कि चिदंबरम की बात गलत है क्योंकि यंग इण्डिया के विरूद्ध इन्कम टैक्स की एक जांच में दिल्ली की एक निचली अदालत द्वारा प्रसंज्ञान लेने के बाद ही ई.डी. ने सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ पी.एम.एल.ए. के आपराधिक प्रावधानों के तहत केस दर्ज किया था। दिसंबर 2015 में जब कोर्ट ने यह आशंका जतायी कि ये लोग देश छोड़कर भाग जाएंगे तब सोनिया और राहुल, प्रत्येक ने 50 हजार रूपए का व्यक्तिगत बॉण्ड और मुचलका देकर अपनी जमानत कराई थी।

मंगलवार को दूसरे दिन गिरफ्तार किए गए सभी कांग्रेसी नेताओं की जुबान पर "राजनीतिक प्रतिशोध" के आरोप हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार जब तक अत्याचार करती रहेगी विरोध तब तक जारी रहेगा। उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार को चुनौती दी कि पिछले आठ सालों में यदि किसी भाजपा समर्थित नेता के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई हो तो वह बताए। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग विपक्षी पार्टियां छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, केन्द्रीय एजेंसियों ने उनके खिलाफ मामले तक ड्राप किए हैं।

बघेल ने कहा कि कांग्रेस ने एसोसिएटेड जर्नल्स को 90 करोड़ रूपयों का ऋण दिया था जिससे कि वह नैशनल हैरल्ड अखबार का एक संस्थान के रूप में अस्तित्व बरकरार रख सके और इसे काले धन को वैध करने की संज्ञा नहीं दी जा सकती।

उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा कि "एक रूपए तक का लेनदेन नहीं किया गया है। सिर्फ एक व्यापार की पुनर्संरचना की गई और ऐतिहासिक अखबार को जीवित रखने के लिए शेयर जारी किए गए थे।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गांधी परिवार के खिलाफ ई.डी. जांच पर सवाल उठाए और प्रधानमंत्री मोदी के लिए कहा कि वह इस प्रतिशोधी राजनीति को बंद करे और विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के बजाए सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करे। दोनों मुख्यमंत्री गिरफ्तार किए गए लोगों में शामिल थे।

गिरफ्तार किए गए अन्य नेताओं में रणदीप सुरजेवाला, जयराम रमेश, गौरव गोगोई, दीपेन्द्र सिंह हूडा, रनजीत रंजन, जे.बी. माथर, इमरान प्रतापगढ़ी, यूथ कांग्रेस के प्रमुख बी.बी. श्रीनिवास और नैशनल स्टूडैन्ट्स यूनियन ऑफ इण्डिया (एन.एस.यू.आई.) के प्रमुख नीरज कुन्दन शामिल हैं। इनमें से अधिकांश नेताओं को विरोध "सत्याग्रह" के पहले दिन सोमवार को भी गिरफ्तार किया गया था।

## बालिका के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तथा एएसआई मदनलाल सहित पुलिसकर्मी गांव पहुंचे तथा आरोपी की तलाश शुरु की।

# बजरी माफिया ने पुलिस पर हमला कर बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली छुड़ाई

मालपुरा, 14 जून (निसं)। सोमवार की शाम को पचेवर थाना क्षेत्र के ईटाखोई की ओर से नगर की ओर आ रहे अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पचेवर थाना पुलिस टीम ने पकड़ने की कोशिश की तो बजरी माफिया पुलिस पर हमला कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को छुड़ा ले भागे।

मामले में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम को पचेवर थाना पुलिस को अवैध बजरी परिवहन की सूचना मिली। इस पर पुलिस गश्ती दल ने ईटाखोई से नगर की ओर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को नाकाबंदी कर रोकने का प्रयास किया तो चालक पुलिस टीम को देख ट्रैक्टर से चाबी निकाल कर जंगल में भाग गया। पुलिस टीम जब ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने जाने लगी तो कुछ ही देर बाद 15-20 लोग मोटर साइकिलों पर आए और उन्होंने बीच रास्ते में पुलिस जवानों को घेर लिया, जिससे पुलिस व उनके बीच झड़प भी

- **अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ने के लिए पुलिस ने नाकाबंदी की, जिसे देखकर ट्रैक्टर चालक भाग निकला।**
- **बाद में जब पुलिस ट्रैक्टर को थाने ले जा रही थी तब 15-20 लोगों ने पुलिस टीम पर हमला किया और ट्रैक्टर ले गए, इतना ही नहीं, पुलिस जवानों की जेब में जबरन पैसे रखकर वीडियो भी बनाया।**

हुई। इस दौरान बजरी माफियाओं ने पुलिस जवानों से मारपीट कर ट्रैक्टर छुड़ा लिया और उनकी जेब में रूपये डालकर जबरन वीडियो बना लिया। उन्होंने वीडियो के वायरल करने की धमकी दी। जवानों ने थाने पहुंच सम्पूर्ण घटनाक्रम को थानाधिकारी रतन सिंह को अवगत करवाया। जिस पर थानाधिकारी ने राजकार्य में बाधा डालने की विभिन्न धाराओं में 15 से 20 लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दी।

# 'राष्ट्रपति चुनाव में ममता के सुझाये नाम का समर्थन करेगी सपा'

अयोध्या, 14 जून (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपति के चुनाव में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जो नाम तय करेंगी, उनकी पार्टी उसका समर्थन करेगी।

यादव ने मंगलवार को सर्किट

- **समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित किया ।**

हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति के चुनाव में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिस नाम का प्रस्ताव रखेंगी, समाजवादी पार्टी उसी का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस लाख नौकरी देने की बात कही है, लेकिन पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपना संकल्प पत्र तो देखे कि जिसमें 70 लाख नौकरी देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ। केन्द्र सरकार ने एलआईसी, बैंक, एयर लाइन, तेल कम्पनी समेत तमाम सरकारी कम्पनियां बेच दी हैं। अब रेलवे को बेचने की तैयारी है। जब ये सब सरकार बेंच दे रही है तो नौकरी सरकार कहां से देगी।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा का सत्र खत्म हुआ। सरकार ने कहा था कि इस बार का बजट बहुत अच्छा है तो वह बतायें कि अगर अच्छा बजट है तो किसान, व्यापारी क्यों परेशान हैं। आज प्रदेश का हर आम नागरिक महंगाई से परेशान है।

## जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके

श्रीनगर, 14 जून(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में मंगलवार को मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.7 मापी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी।

केन्द्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के बदख्शन प्रांत में 36.52 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 71.18 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था और भूकंप के झटके कुछ ही सेकेंड के लिए महसूस किए गए।

# सेनाओं में 'भर्ती किये जायेंगे "अग्निवीर"

नई दिल्ली 14 जून (वार्ता)। सरकार ने तीनों सेनाओं में जवानों की भर्ती प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करते हुए एक नयी योजना अग्निपथ के जरिये केवल चार वर्ष के लिए अग्निवीरों की भर्ती करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति में इस निर्णय को मंजूरी दी गयी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बाद में एक संवाददाता सम्मेलन में तीनों सेनाओं के प्रमुखों की मौजूदगी में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तीनों सेनाओं में अग्निपथ योजना के तहत ही जवानों यानी अग्निवीरों की भर्ती की जायेगी। उन्होंने कहा कि इसका

- **सरकार ने तीनों सेनाओं में जवानों की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव करते हुए केवल चार वर्ष के लिए अग्निवीरों की भर्ती करने का निर्णय लिया ।**

उद्देश्य सेनाओं को चुस्त दुरूस्त, युवा तथा जोश और उत्साह से परिपूर्ण बनाना है। इससे देश की सुरक्षा व्यवस्था तो मजबूत होगा, साथ ही इसके जरिये युवाओं को देश सेवा करने का मौका मिलेगा और उनमें देशप्रेम की भावना भी पैदा होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने युवाओं को गौरवपूर्ण भविष्य तथा सशस्त्र बलों से जुड़कर राष्ट्रसेवा का अवसर देने के लिए अग्निपथ योजना की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। शाह ने ट्वीट कर कहा कि मोदी ने युवाओं को गौरवपूर्ण भविष्य व सशस्त्र बलों से जुड़ राष्ट्रसेवा का अवसर देने के लिए अग्निपथ योजना की घोषणा की है। इससे उनमें क्षमताओं व कौशल का निर्माण होगा, साथ ही देश का रक्षातंत्र और सशक्त होगा। इस निर्णय पर प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन करता हूँ। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना एक क्रांतिकारी पहल है।

## विपक्ष के खेमे में एकता से...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते, इस प्रकार की स्थिति सदैव ही नेतृत्व प्रदान करती आई है।

वामदलों ने कहा है कि 15 जुलाई का दिन शरद पवार के साथ कांग्रेस अध्यक्ष तथा वामदलों की बातचीत के लिये पहले ही निर्धारित हो चुका था।

वामपंथियों का तृणमूल कांग्रेस के प्रति, तथा खासतौर से ममता बनर्जी के प्रति मनमुटाव तथा वैमनस्य है तथ वे एक विपक्षी नेता के रूप में, उन (ममता) पर जरा भी भरोसा एवं विश्वास नहीं करते। ममता-शासित बंगाल में दोनों ही वामपंथी दलों को बहुत कुछ झेलना पड़ रहा है तथा वे विरोध या आंदोलन करने की स्थिति में भी नहीं रहे हैं।

मूल बात यह है कि ममता बनर्जी के विरोध के लिये, विपक्ष के सर्वसम्मत उम्मीदवार के मुद्दे पर अन्य सभी दलों पर बढ़त बनाने की हताशापूर्ण एवं अवांछित कोशिश कर रही हैं। जबकि, अपना दबदबा बनाने की खातिर, कांग्रेस से छिटक रहे लोगों को अपनी पार्टी में शामिल करने की उनकी भूमिका के चलते, ममता बनर्जी स्वयं ही एक संदिग्ध व्यक्तित्व बन गई हैं।

उन्हें अन्दर तक जानने वाले लोग उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखते हैं, जो अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं की खातिर, विपक्ष की एकता को नष्ट कर सकती हैं। यही वजह है कि अभी हाल

- **इन दोनों नेताओं का यह भी मानना है कि, विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण, यह बैठक बुलाना व विपक्ष का सर्वसम्मत उम्मीदवार तय करना, कांग्रेस की जिम्मेवारी है।**
- **इन वामपंथी नेताओं के अनुसार, कांग्रेस की अध्यक्ष व उनकी पार्टी के नेता इस संदर्भ में 15 तारीख को शरद पवार से वैसे भी मिल रहे हैं।**

ही हुये चुनावों में, पश्चिम बंगाल के बाहर सीटें जीत पाने में रही उनकी घोर असफलता ने उनकी महत्वाकांक्षाओं का ध्वस्त कर दिया था।

लेकिन वे आसानी से मानने वाली भी नहीं हैं। ममता बनर्जी ने चुनिन्दा नेताओं के साथ व्यक्तिगत स्तर पर विचार-विमर्श शुरु कर दिया है। मंगलवार को, उन्होंने नैशनल कांग्रेस प्रमुख शरद पवार के साथ मीटिंग की थी। जहाँ तक राष्ट्रपति चुनाव के गणित का प्रश्न है, कुछ चीजें भाजपा के पक्ष में हैं, हालाँकि यह कहा जा रहा है कि स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने के लिहाज से उनके पास कुछ वोट कम हैं। लेकिन ओडिशा के बीजू जनता दल तथा दक्षिण की कुछ अन्य पार्टियों की अपेक्षित सहानुभूति के बल पर, भाजपा इस चुनाव को आराम से जीत सकती है।

पिछले रिकॉर्डों तथा राज्य-स्तरीय गणित को देखा जाये, इस समय किसी भी पक्ष में जाने की स्थिति में बैठे लोग, कुछ उपादेय सौदेबाजी के फलस्वरूप, सत्तारूढ़ दल की ओर चले जायेंगे। राष्ट्रपति चुनाव बहुत तेजी से व्यावसायिक एवं लेन-देन का सौदा बनता जा रहा है। विपक्षी एकता थोथे शब्दों तक सीमित रह जायेगी।

# सीजीएसटी के दो अधिकारी चार लाख रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

भरतपुर, 14 जून (निसं)। अलवर केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर सीजीएसटी के दो अधिकारियों को भरतपुर एसीबी के एएसपी महेश मीणा की टीम ने ट्रेप कर ऑयल मिल के मालिक से ली 4 लाख की रिश्वत को जब्त कर गिरफ्तार किया । ये राशि अधिकारी धनराज अधीक्षक व विनय इंस्पेक्टर ने फर्जी स्टॉक बताकर ऑयल मिल के मालिक से मांगी थी।

एएसपी महेश मीणा ने बताया कि दोनों अधिकारी भरतपुर के रीको इंडूस्टीज एरिया में एक ऑयल मिल पर फर्जी स्टॉक बताकर ऑयल मिल मालिक से 10 लाख रुपये की डिमांड कर रहे थे। 4 लाख में सौदा हुआ, ऑयल मिल के मालिक ने इसकी शिकायत की और उन्हें अलवर जाते समय गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार धनराज कुमावत सुपरिटेंडेंट, दूसरा आरोपी विनय यादव आज दोनों भरतपुर के रीको इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित एक ऑयल मिल पर पहुंचे और ऑइल मिल का स्टॉक चेक किया। तब दोनों आरोपियों ने ऑयल मिल मालिक को बताया की उन्होंने 9 करोड़ का फर्जी स्टॉक कर रखा है। दोनों अधिकारियों ने ऑयल मिल

- **सी.जी.एस.टी. के सुपरिन्टैन्डैंट धनराज कुमावत और इंस्पैक्टर विनय यादव ने रीको इण्डस्ट्रीज की एक ऑयल मिल के मालिक से डरा धमका कर 4 लाख रू. की रिश्वत ली।**
- **उन्होंने मिल में 9 करोड़ रू. का फर्जी स्टॉक होने का झूठा आरोप लगाया और दस लाख रू. मांगे, बाद में 4 लाख रू. में सौदा तय हुआ।**

मालिक को डरा धमका कर उससे 10 लाख की रिश्वत की मांग की।

शिकायत मिलने के बाद एसीबी टीम मौके पर पहुंची और आरोपी अधिकारियों की गाड़ी को रीको के पम्प पर रोक लिया और उसे चेक किया तो गाड़ी में 4 लाख रुपये रखे हुए थे जिस पर दोनों अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। परिवादी ने अपना नाम गोपनीय रखा है।

राष्ट्रदूत ( एच.यू.एफ. ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908






360 View Camera



Head Up Display


22.86cm SmartPlay Pro+


6 Airbags


In-built Suzuki Connect

NEXA
Safety Shield
Standard Across All Variants

- DUAL FRONT AIRBAGS
- ABS WITH EBD
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

Feature and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**JAIPUR:** **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **AJMER:** **NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR:** **NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI:** **NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA:** **NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER:** **NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU:** **NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR:** **NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI:** **NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA:** **NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **NAGAUR:** **NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR:** **NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR:** **NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR:** **NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR:** **NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA:** **NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH:** **NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)

*T&C apply. Offers may vary across variants. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time. Smart Finance available only in select cities.